वर्ष 73 अंक 86 पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 24 दिसंबर, 2025
पौष शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

हम भीतर जो हासिल करते हैं,
वही बाहरी वास्तविकता को
बदल देता है।
-प्लूटार्क

## 2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

*साल 2025 अब चंद दिनों का मेहमान है। जल्द ही यह भी इतिहास का हिस्सा बन जायेगा लेकिन अपनी कुछ विशिष्ट घटनाओं और गतिविधियों के कारण हमेशा याद भी रहेगा। इस साल राजनीति के मैदान में जहां दिल्ली और बिहार के चुनावों में नए समीकरण दिखे। वहीं खेल जगत में भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट और कबड्डी विश्व कप जीतकर तिरंगे का मान बढ़ाया। मनोरंजन की दुनिया ने 'छावा' जैसी ऐतिहासिक सफलताएं देखी तो दूसरी ओर धर्मेंद्र और असरानी जैसे दिग्गजों के जाने से एक युग का अंत भी हुआ। विभिन्न क्षेत्रों की ऐसी ही चुनिंदा घटनाओं-गतिविधियों को हम 31 तारीख तक लगातार प्रकाशित करेंगे।*

2025 में दिवंगत भारतीय हस्तियां: यादों में रहेंगे ये नाम, इस साल दुनिया छोड़ गए ये दिग्गज- पेज 8 पर

## पैसेंजर को पीटने वाले पायलट पर एफआईआर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर से मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी पायलट वीरेंद्र सेजवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। 19 दिसंबर को वीरेंद्र ने एक यात्री से मारपीट की थी। पीड़ित ने मारपीट के कुछ फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे। घटना के समय आरोपी ऑफ ड्यूटी था। वह उस दिन परिवार के साथ यात्रा कर रहा था। वहीं पीड़ित पैसेंजर अंकित ने दावा किया है कि सीटी स्कैन में उसकी नाक की हड्डी में फ्रैक्चर आया है। मारपीट की घटना के बाद सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस ने भी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को सस्पेंड कर दिया था।

# एसआईआर: प्रदेश में 42 लाख वोटरों के नाम कटे

## ड्राफ्ट सूची में 5 करोड़ 31 लाख 31,983 वोटर्स, 8 लाख को भेजेंगे नोटिस

विशेष संवाददाता, भोपाल

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 42 लाख 74 हजार 160 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। निर्वाचन आयोग अधूरे प्रपत्र भरने वाले मतदाताओं को नोटिस भेजगा और आवश्यक दस्तावेज मिलने के बाद उनके नाम सूची में जोड़े जाएंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी करते हुए बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान बीएलओ ने कम से कम तीन बार मतदाता के संबंधित पतों पर संपर्क किया। इसके बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई है। पूरे प्रदेश में 5 करोड़ 31 लाख 31 हजार 983 वोटर्स हैं। 8 लाख 46 हजार वोटर्स का निधन हो चुका है। 31 लाख 51 हजार शिफ्ट और अब्सेंट पाए गए।

झा ने बताया कि जो नाम काटे गए है उनमें वह मतदाता हैं, जो मृत हैं या निवास पर नहीं मिले या दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो गए हैं या कई स्थानों पर जिनके नाम दर्ज पाए गए। उन्होंने बताया कि अब 23 दिसंबर से 8 लाख 65 हजार 832 मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे। इनमें इंदौर सबसे आगे है यहां 1 लाख 33 हजार 696 मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे।

### 92 फीसदी मतदाता लिंक

पिछली मतदाता सूची पर नजर डालें तो उस सूची में शामिल रहे 5.31 करोड़ यानी 92.55 फीसदी मतदाता एसआईआर में लिंक हो गए हैं, जबकि 42 लाख 74 हजार 160 मतदाताओं के मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

### इस वजह से कटे नाम

जानकारी के अनुसार सघन वोटर पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) में कई कारणों से नाम काटे गए है। इसमें मृत मतदाताओं की संख्या 8 लाख 46 हजार 184 हैं। इसके अलावा 8 लाख 42 हजार 677 ऐसे मतदाता हैं, जो एसआईआर के दौरान पंजीकृत पते पर नहीं पाए गए। इसी तरह 22 लाख 78 हजार 393 मतदाता दूसरे स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं। कई स्थानों पर एनरोल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 76 हजार 961 पाई गई है, जबकि 29 हजार 927 अन्य मतदाता हैं।

### किस जिले में कितने जाएंगे नोटिस

| | | |
|---|---|---|
| इंदौर | - | 133696 |
| भोपाल | - | 116925 |
| जबलपुर | - | 69394 |
| ग्वालियर | - | 68540 |
| उज्जैन | - | 48035 |

### सबसे कम नोमैपिंग वाले जिले

| | | |
|---|---|---|
| सीधी | - | 1356 |
| निवाड़ी | - | 1448 |
| झाबुआ | - | 1948 |
| उमरिया | - | 2081 |
| डिंडोरी | - | 2240 |

### निधन के कारण जबलपुर में सबसे ज्यादा नाम कटे

निधन होने की वजह से मतदाता सूची से बाहर हुए मतदाताओं में सबसे ज्यादा संख्या जबलपुर की है। एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान जबलपुर में सबसे ज्यादा 51 हजार 354 मतदाता मृत पाए गए हैं। इसके अलावा इंदौर में 43 हजार 741 मृत मतदाता और सागर में 36 हजार 467 मृत मतदाताओं के नाम काटे गए।

### इंदौर में सबसे ज्यादा पतों पर नहीं मिले मतदाता

एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हटाए नामों में ऐसे मतदाता है जो निर्धारित पते पर नहीं मिले हैं। इस मामले में इंदौर सबसे आगे है। वहां 1 लाख 75 हजार 424 मतदाता निर्धारित पते पर नहीं मिले। भोपाल में 1 लाख 1 हजार 53 मतदाता, जबलपुर में 66 हजार 678 मतदाता नहीं मिले है।

### शिफ्टेड वोटर के मामले में भोपाल अव्वल

दूसरे जिलों में शिफ्ट होने की कारण जिन जिलों की मतदाता सूची से नाम हटाए गए है, उनमें भोपाल सबसे आगे है। जानकारी के अनुसार प्रक्रिया के दौरान भोपाल में सबसे ज्यादा 2 लाख 86 हजार 661 मतदाता शिफ्टेड पाए गए। इसके बाद इंदौर का नाम आता है। यहां के 1 लाख 57 हजार 898, ग्वालियर में 1 लाख 48 मतदाता दूसरे शहरों में शिफ्ट हो गए हैं। बुरहानपुर में सबसे ज्यादा 23 हजार 594 मतदाताओं के नाम दूसरी विधानसभा क्षेत्रों की सूची में भी जुड़े पाए गए। इसकी वजह से उनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। ऐसी स्थिति में इंदौर में 22 हजार 808, धार में 14 हजार 198, भोपाल में 14 हजार 171 मतदाता के नाम सूची से अलग किए गए हैं।

## छत्तीसगढ़, अंडमान और केरल के ड्राफ्ट भी जारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़, अंडमान निकोबार द्वीप समूह और केरल में भी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन कर दिया है। दावे आपत्ति की प्रक्रिया 22 जनवरी 2026 तक चलेगी और 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

- **छत्तीसगढ़** में 2003 के विशेष अभियान के बाद अब तक कुल 27 लाख 34 हजार 817 नाम हटाए गए हैं। इनमें से 19 लाख से ज्यादा मतदाता अपने पुराने पते से स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके हैं। 6.42 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। करीब 1.79 लाख नाम 'दोहरी प्रविष्टि' की वजह से हटाए गए हैं।
- **केरल** में 24 लाख से अधिक मतदाताओं को बाहर किया गया है। केरल में भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग पाए गए जो अब संबंधित बूथों पर नहीं रहते या जिनका नाम एक से अधिक जगहों पर दर्ज था।
- **अंडमान निकोबार द्वीप समूह** में कुल गणना फॉर्म्स तीन लाख 10 हजार 404 में से 79.38 फीसदी यानी 2 लाख 46 हजार 390 गणना फॉर्म वापस मिले। ड्राफ्ट रोल के मुताबिक 2.96 फीसद यानी 9 हजार 191 वोटर मृत हो चुके हैं। स्थायी रूप से प्रदेश से बाहर शिफ्ट होने वाले 51 हजार 906 यानी 16.72 फीसद वोटर हैं। इनके फॉर्म जमा नहीं हुए हैं।

## कश्मीर: श्रीनगर से जम्मू तक 80 गांवों में घर-घर तलाशी

### घुसपैठ रोकने के लिए पुलिस-सेना का संयुक्त अभियान

**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी घुसपैठ की आशंकाओं के बीच सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा कदम उठाया है। सीमा से सटे इलाकों में आतंकियों की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लिए सेना, बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चला रही है। यह सर्चिंग बॉर्डर एरिया के 80 से ज्यादा गांवों में चलाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, खुफिया इनपुट मिले थे कि आतंकी संगठन घने कोहरे, सर्द मौसम और दुर्गम इलाकों का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं। ऑपरेशन मजालता में तब शुरू किया गया जब दो आतंकवादियों के एक घर से खाना लेकर पास के जंगल में भागने की खबर मिली थी।

**ड्रग पेडलर की 1.2 करोड़ की संपत्ति जब्त:** श्रीनगर पुलिस ने कुख्यात ड्रग पेडलर गुलाम नबी वानी पुत्र स्वर्गीय अली मोहम्मद वानी और उसके बेटे परवेज अहमद वानी निवासी करनाबल पंजिनारा के एक दो मंजिला रिहायशी घर और गौशाला को अटैच कर लिया है। इनकी कीमत लगभग 1.2 करोड़ रुपये है।

### उन्नाव दुष्कर्म मामला: पूर्व भाजपा विधायक की सजा निलंबित, पीड़िता की मां धरने पर बैठीं

## नाबालिग से रेप के दोषी सेंगर को मिली जमानत

**उन्नाव, जेएनएन।** उन्नाव दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। अदालत ने चार शर्तों के साथ कुलदीप को रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ रेप पीड़िता, उसकी मां और एक्टिविस्ट योगिता भयाना मंगलवार की शाम इंडिया गेट के सामने धरने पर बैठ गईं।

आधी रात को पुलिस इंडिया गेट पहुंची। पुलिस ने उन्हें वहां से हटने के लिए कहा। इस पर नोकझोंक और बहस हुई। आखिरकार तीनों को जबरन इंडिया गेट से हटा दिया गया। महिला सिपाही पीड़िता और उसकी मां को उठाकर अपने साथ ले गई। पुलिस तीनों को लेकर कहां गई है, इसका पता नहीं चल सका है। एक्टिविस्ट योगिता भयाना ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं। एक्स पर उन्होंने लिखा, 'एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है? उसकी यही गलती है कि न्याय की मांग कर रही है? ये कैसा न्याय है?

इससे पहले जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने सेंगर की अपील पर सुनवाई पूरी होने तक सजा को निलंबित कर दिया। सेंगर ने ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अदालत ने 15 लाख रुपये के निजी मुचलके पर सशर्त रिहाई का आदेश दिया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि सेंगर रिहा तो होगा, लेकिन दिल्ली छोड़कर नहीं जा सकेगा। मामला 2017 का है, जब उन्नाव में 17 वर्षीय नाबालिग को अगवा कर रेप किया गया था। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने सेंगर को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था दिल्ली ट्रायल का आदेश

अगस्त 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने मामले से जुड़े चार केसों का ट्रायल दिल्ली ट्रांसफर कर रोजाना सुनवाई के निर्देश दिए थे। ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई को पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पहचान बदलने जैसी व्यवस्थाएं करने के भी आदेश दिए थे।

### जमानत की चार शर्तें

- पीड़िता से कम से कम 5 किमी दूर रहना होगा।
- हर सोमवार पुलिस के सामने हाजिरी देनी होगी।
- पासपोर्ट संबंधित प्राधिकरण के पास जमा कराना होगा।
- किसी भी शर्त के उल्लंघन पर जमानत रद्द कर दी जाएगी।

MARUTI SUZUKI
NEXA
UNMISSABLE. UNMATCHED.
GRAB THE DEAL OF THE YEAR ON XL6.
EFFECTIVE PRICE OF ₹11.02 LAKH*
XL6
TIME TO INDULGE
VENTILATED SEATS
360 VIEW CAMERA
6-SPEED AUTOMATIC TRANSMISSION WITH PADDLE SHIFTERS
TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM
SUZUKI CONNECT
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
NEXA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392
Creative Visualisation. T&C available at your nearest dealership. *Ex. showroom Price of Rs. 11.52 lakh, Consumer Offer (-) Rs. 25 000, Scrappage Bonus (-) Rs 25 000 = Rs. 11.02 lakh. The actual Effective Price mentioned may vary based on the customer's eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Offer valid on XL6 Zeta Variant. Not valid on CNG variants. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. For details on safety features (including airbags), refer owner's manual. NEXA dealers exclusively provide all offers, which vary by model and variant. Offers are subject to availability of stock. Maruti Suzuki may withdraw offers without notice. Offer valid till limited period. Features and accessories shown can vary by variant. *Warranty: 3 years or 1 00 000 km, whichever occurs first.

वर्ष 73 ▸ अंक 86 ▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 24 दिसंबर, 2025
▸ पौष शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> जो हम पाते हैं, उससे हम जीवनयापन कर सकते हैं; लेकिन जो हम देते हैं, वही जीवन को अर्थ देता है।
> -आर्थर ऐश

## ऑफ बीट

### मुंह में घुसा पत्ता थूकने पर 30 हजार का जुर्माना

*इंग्लैंड में एक 86 वर्षीय बुजुर्ग पर हवा से उड़कर मुंह में घुसा पत्ता थूकने के मामले में 30 हजार रुपये (लगभग) का जुर्माना लगाया गया है। प्रशासन ने इसे कचरा फैलाने की श्रेणी में मानते हुए कार्रवाई की। बुजुर्ग व्यक्ति शहर की सड़क पर टहल रहे थे। थकान के चलते वे एक पार्किंग लॉट में रुके। इसी दौरान तेज हवा में उड़ता हुआ एक सूखा पत्ता उनके मुंह में चला गया। उन्होंने पत्ते को तुरंत थूककर बाहर निकाल दिया। पास मौजूद अधिकारी ने इसे लिटरिंग (कचरा फैलाना) मानते हुए चालान काट दिया। बुजुर्ग ने बताया कि पहले उन्हें यह मजाक लगा। उन्होंने एक अधिकारी से हल्के-फुल्के अंदाज में बात भी की, लेकिन जल्द ही स्पष्ट हो गया कि मामला गंभीर है और अधिकारियों ने औपचारिक चालान थमा दिया। ब्रिटेन में सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने के खिलाफ कड़े नियम लागू हैं। इससे पहले अक्टूबर में लंदन में एक महिला पर कॉफी का ढक्कन गिराने पर करीब 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था।*

## “ट्वीट ऑफ द डे”

**अशोक गेहलोत**
कांग्रेस नेता

अगर अरावली नहीं बचेगी तो हम इसकी कल्पना कर सकते हैं कि इसके परिणाम क्या होंगे? अरावली केवल पहाड़ नहीं बल्कि राजस्थान समेत अन्य प्रदेशों की जीवन रेखा है। अरावली कोई मामूली पहाड़ नहीं, बल्कि कुदरत की बनाई 'ग्रीन वॉल' है। यह थार रेगिस्तान की रेत और गर्म हवाओं (लू) को दिल्ली, हरियाणा और यूपी के उपजाऊ मैदानों की ओर बढ़ने से रोकती है। अगर छोटी पहाड़ियां खनन के लिए खुल गई तो रेगिस्तान हमारे दरवाजे तक आ जाएगा और गर्म हवाएं तापमान को बढ़ा देंगी।

## भारत लाया गया ड्रग्स मामले में आरोपी ऋतिक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ड्रग्स मामले में दिल्ली पुलिस और सीबीआई को बड़ी कामयाबी मिली है। एक बड़े इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट में शामिल ऋतिक बजाज को दुबई से भारत लाया गया है। ऋतिक बजाज के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी था। वहीं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भी ऋतिक बजाज की तलाश में थी। वह लंबे समय तक बैंकॉक में रहा, उसके बाद वहां से दुबई भाग गया था। उसके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने भी ड्रग तस्करी का मामला दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस की एक टीम ऋतिक को दुबई से दिल्ली लेकर पहुंची है। बता दें कि सीबीआई इंटरपोल की मदद से अब तक 150 से ज्यादा भगोड़े अपराधियों को भारत ला चुकी है। बजाज 13000 करोड़ की ड्रग्स के मामले में आरोपी है।

### केंद्रीय मंत्री और सीएम ने किया धार-बैतूल में मेडिकल कॉलेज भवन का भूमिपूजन

# हमारा प्रयास है अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचानाः मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मंगलवार को प्रदेश को दो मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भूमिपूजन किया। ये दोनों मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड के तहत संचालित किए जाएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मकसद प्रदेश के अंतिम छोर में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्व स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश को नेतृत्व दिया है। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि इन दो मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से स्थानीय जनजातीय बच्चों को डॉक्टर बनने का अवसर भी मिलेगा। यहां नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कोर्स भी संचालित किए जाएंगे। राज्य में पिछले दो सालों में 6 शासकीय मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए। इनमें आदिवासी अंचल सिंगरौली और श्योपुर के मेडिकल कॉलेज भी शामिल हैं। राज्य सरकार ने सीनियर रेजिडेंट्स डॉक्टरों के 354 पद स्वीकृति किए हैं। प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया अभियान को आगे बढ़ाते हुए 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और सीएम धार में चिकित्सा महाविद्यालय के शिलान्यास के दौरान लाडली लक्ष्मी बिटिया को दुलारते हुए।

### घोषणाः मुलताई का नाम मूलतापी किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बैतूल को मेडिकल कॉलेज की सौगात देते हुए घोषणा की कि मुलताई का नाम मूलतापी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैतूल में गुड़ का कलस्टर बनाया जाएगा। कडाई वुडन कलस्टर से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को भी वृहद स्तर पर इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने माही उद्योग क्षेत्र मुलताई में इंडस्ट्रीयल कलस्टर और कोषमी ओद्योगिक ईकाई का द्वितीय चरण बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनजातीय-आदिवासी नायकों के नाम पर डेस्टिनेशन कैबिनेट मीटिंग कर यथोचित सम्मान दिया और उनकी समृद्ध गौरवशाली विरासत को सहेजा है। जनजातीय वीरों देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। डॉ. यादव ने जीआईएस एवं अन्य इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके माध्यम से प्रदेश में 8.5 लाख करोड़ का औद्योगिक निवेश आया है, जिसमें से 6.5 लाख करोड़ के औद्योगिक विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया जा चुका है।

### बीमारी से पहले रोकथाम पर दिया जा रहा जोरः नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि हमारी सरकार की चिंता है कि लोग कम से कम बीमार पड़ें। देश में क्यूरेटिव से पहले प्रिवेंटिव क्योर पर जोर दिया जा रहा है, यानी बीमारी से पहले रोकथाम और जीवनशैली में बदलाव पर ध्यान दिया जा रहा है। हम इस दिशा में मिशन के तौर पर काम कर रहे हैं। एक समय था जब 60 वर्ष की उम्र तक पता नहीं चलता था कि ब्लड प्रेशर की शिकायत है। अब सरकार 30 वर्ष की उम्र में ही लोगों की स्वास्थ्य जांच करा रही है। उन्होंने कहा कि होलिस्टिक मेडिसिन के लिए देश में 1 लाख 81 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। यह हमारी व्यवस्था है जिसे हम आपके सामने रखना चाहते हैं।

**प्रदेश में पीपीपी मोड पर देश का पहला कॉलेजः** नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश में देश में पीपीपी मोड के आधार पर पहला मेडिकल कॉलेज शुरू किया जा रहा है। मध्यप्रदेश ने इस मामले में देश का नेतृत्व किया है। देश में 1 लाख 81 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं, जहां पर गर्भवती माता और नवजात बज्चे की सारी देखरेख की जिम्मेदारी भारत सरकार करती है।

# बांग्लादेश में दरवाजे बंद कर दो हिंदू परिवारों के घरों को जलाया

### चटगांव की घटना, दीवार तोड़कर लोगों ने बचाई जान

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश के चटगांव जिले में हिंदू परिवारों को निशाना बनाते हुए आगजनी की गंभीर घटना सामने आई है। सोमवार तड़के करीब 3.45 बजे पश्चिम सुल्तानपुर गांव में दो हिंदू परिवारों के घरों में आग लगा दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने आग लगाने से पहले घर के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए थे, ताकि भीतर मौजूद लोग बाहर न निकल सकें। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों घरों के कुल सात कमरे पूरी तरह जलकर खाक हो गए। ये घर दुबई में काम करने वाले सुखा शिल और दिहाड़ी मजदूर अनिल शिल के बताए जा रहे हैं। घटना के वक्त घरों में आठ लोग मौजूद थे, जो रात का खाना खाकर सो चुके थे।

पीड़ितों ने बताया कि आग लगने पर जब परिवार के लोगों ने बाहर निकलने की कोशिश की, तो उन्हें पता चला कि दोनों दरवाजे बाहर से बंद हैं। जान बचाने के लिए परिवार के सदस्यों ने बांस और टीन की दीवारें काटीं और किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घर जलने के बाद एक महिला फूट-फूटकर रो पड़ी।

### पासपोर्ट और नकदी भी जली

अनिल शिल के बेटे मिथुन शिल ने बताया कि वे तीन महीने पहले शादी के सिलसिले में दुबई से घर आए थे। आग में उनका पासपोर्ट, घर का सामान और 80-90 हजार टका नकद जल गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, लेकिन अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में इस इलाके के धेयूपारा और उससे पहले कुटिया बरुईपारा गांव में भी हिंदू घरों को इसी तरह निशाना बनाया गया था।

### पिछले हफ्ते सात साल की बच्ची की जिंदा जलकर मौत

इससे पहले 19 दिसंबर की देर रात लक्ष्मीपुर सदर में एक घर को बाहर से बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। आग में 7 साल की आयशा अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। यह घर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नेता बिलाल हुसैन का था।

### हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या, फिर जलाया

18 दिसंबर को ढाका के पास भालुका में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास (25) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। आरोप था कि उसने ईशनिंदा की, लेकिन जांच में ऐसी किसी फेसबुक पोस्ट या टिप्पणी का कोई सबूत नहीं मिला।

# ट्रंप ने एक साल में 18 हजार करोड़ रुपए का चंदा जुटाया

### बदले में अरबों डॉलर का फायदा दिलाने के आरोप

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम ने चंदा जुटाने के ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जिन्हें अमेरिकी मीडिया ने 'असाधारण' बताया है। एक विस्तृत जांच रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव के बाद ट्रंप और उनके करीबी लोगों ने अलग-अलग फंड और पहलों के जरिए करीब 2 अरब डॉलर (लगभग 18 हजार करोड़ रुपए) इकट्ठा किए। यह रकम उनके पूरे चुनावी अभियान में जुटाए गए चंदे से भी ज्यादा है।

ट्रंप के शपथ ग्रहण के लिए बनी कमेटी ने 240 मिलियन डॉलर जुटाए। यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी रकम है। व्हाइट हाउस में एक भव्य बॉलरूम बनाने के लिए भी चंदा लिया जा रहा है। ट्रंप का दावा है कि इसके लिए 350 मिलियन डॉलर जुट चुके हैं, जबकि रिपोर्ट में 100 मिलियन डॉलर के दानदाताओं की पुष्टि की है। यह राशि ट्रस्ट फॉर द नेशनल मॉल के जरिए जुटाई जा रही है। चार महीने पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक डिनर पार्टी भी दी थी, जिसमें सुंदर पिचाई, जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक जैसे दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे।

### मिले ये लाभ

- माफी या सजा में राहत
- चल रहे केसों का बंद होना
- बड़े सरकारी ठेके दिए गए
- व्हाइट हाउस तक सीधी पहुंच
- अहम सरकारी पद पर चयन

### 200 दानदाताओं को मिला फैसलों से फायदा

रिपोर्ट के अनुसार सरकारी दस्तावेजों, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत के आधार पर यह सामने आया कि कम से कम 346 ऐसे बड़े दानदाता हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का योगदान दिया। इन दानदाताओं से ही करीब 50 करोड़ डॉलर जुटाए गए। इनमें से करीब 200 दानदाता या उनके कारोबारी समूह ऐसे हैं, जिन्हें ट्रंप प्रशासन के फैसलों से किसी न किसी तरह का फायदा मिला। इन लाभार्थियों की सूची में सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी कारोबारियों से जुड़ी कंपनियां भी शामिल बताई गई हैं।

## एच-1बी और एच 4 वीजा जांच की सख्त, सोशल मीडिया को खंगाला, भारत में हजारों इंटरव्यू रोके

अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा प्रक्रिया को और कड़ा कर दिया है। 15 दिसंबर से लागू नए नियमों के तहत वीजा आवेदकों की ऑनलाइन गतिविधियों और सोशल मीडिया अकाउंट्स की भी जांच की जाएगी। यह नियम दुनिया भर के सभी देशों के आवेदकों पर समान रूप से लागू होगा। भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने स्पष्ट किया है कि यह कदम एच-1 बी वीजा के कथित दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस फैसले का सबसे बड़ा असर भारत में देखने को मिला है। हजारों एच-1 बी और एच-4 वीजा आवेदकों के पहले से तय इंटरव्यू टाल दिए गए हैं। कई इंटरव्यू अब मार्च से मई के बीच री-शेड्यूल किए गए हैं। इससे खासतौर पर वे लोग परेशान हैं, जो इंटरव्यू के लिए पहले ही भारत आ चुके हैं और वीजा न मिलने की वजह से अमेरिका लौट नहीं पा रहे। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि पेशेवरों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# दावाः बीएमसी चुनाव साथ लड़ेंगे शिवसेना (यूबीटी) और मनसे

### आज दोपहर 12 बजे हो सकता है गठबंधन का औपचारिक ऐलान, संजय राउत बोले- सीट बंटवारा पूरा

**मुंबई, जेएनएन।** बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) चुनाव को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल तेज हो गई है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने दावा किया है कि शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच गठबंधन हकीकत बन चुका है। उनके मुताबिक, दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है और अब केवल औपचारिक घोषणा होना बाकी है।

संजय राउत ने कहा कि सोमवार रात दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं के बीच सीट शेयरिंग को लेकर अंतिम सहमति बनी। उन्होंने यह भी दावा किया कि मुंबई समेत राज्य के कई इलाकों में शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के कार्यकर्ता मिलकर जमीनी स्तर पर काम करना शुरू कर चुके हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, उद्धव और राज ठाकरे के बीच गठबंधन की औपचारिक घोषणा बुधवार दोपहर 12 बजे की जा सकती है। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि दादर, सेवरी, विक्रोली और भांडुप जैसे कुछ इलाकों में सीटों के बंटवारे को लेकर अब भी खींचतान है। इन क्षेत्रों में दोनों दलों की मजबूत पकड़ मानी जाती है, जिससे अंतिम समझौते में थोड़ी अड़चन बताई जा रही है।

### नामांकन शुरू, 15 जनवरी को मतदान

महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। मतदान 15 जनवरी को होगा, जबकि मतगणना 16 जनवरी को की जाएगी। गौरतलब है कि बीएमसी का पिछला कार्यकाल फरवरी 2022 में समाप्त हो गया था, तब से यह देश की सबसे बड़ी नगर निगम संस्था प्रशासक के अधीन है।

### साख का सवाल है बीएमसी चुनाव

बीएमसी चुनाव मुंबई की सत्ता के साथ विश्वसनीयता और विधानसभा-लोकसभा चुनावों की दिशा तय करने वाला माना जा रहा है। यह 74 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बजट वाली एशिया की सबसे बड़ी सिविक बॉडी है।

### एनसीपी (अजित) और कांग्रेस में गठबंधन के संकेत

इस बीच, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने पुणे नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावनाओं पर बातचीत की है। बताया जा रहा है कि अजित ने कांग्रेस नेता सतेज पाटिल से फोन पर संपर्क कर साथ चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा है।

### अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला

# मिशेल को राहत, जमानत शर्तों में किया गया बदलाव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल को एक और बड़ी कानूनी राहत मिली है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाल ही में रिहाई के आदेश के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के केस में भी अदालत ने जमानत शर्तों में संशोधन किया है। कोर्ट ने कहा है कि मिशेल को पासपोर्ट सरेंडर किए बिना भी रिहा किया जा सकता है, हालांकि देश छोड़ने पर सख्त रोक रहेगी।

अदालत ने निर्देश दिए हैं कि मिशेल भारत से बाहर न जा सके, इसकी निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही ब्रिटिश हाई कमीशन को भी निर्देश दिया गया है कि पासपोर्ट जारी हो, तो उसे अदालत में जमा कराएं।

### मिशेल की दलील

मिशेल ने जमानत के लिए दलील दी थी कि वे अपने ऊपर लगे आरोपों के लिए अधिकतम 7 साल की सजा पहले ही भुगत चुके हैं। विशेष सीबीआई जज संजय जिंदल ने याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे 23 दिसंबर को सुनाया गया। इससे पहले 20 दिसंबर को ईडी के मामले में उनकी हिरासत से रिहाई का आदेश आया था।

### ग्वालियर में दो फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा, 19 गिरफ्तार

# शादी के नाम पर फ्रॉडः मॉडल के फोटो दिखाकर क्यूआर से लाखों की ठगी

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में क्राइम ब्रांच ने शादी के नाम पर ठगी करने वाले दो फर्जी कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ किया है। ये कॉल सेंटर मैट्रिमोनियल वेबसाइट के रूप में चल रहे थे। यहां कुंवारे लड़कों को मॉडलिंग करने वाली युवतियों की फर्जी तस्वीरें दिखाकर शादी का झांसा दिया जाता था। इसके बाद कॉल सेंटर में काम करने वाली युवतियां खुद को उनकी होने वाली जीवनसाथी बताकर बातचीत शुरू करती थीं। भरोसा जीतने के बाद वे युवकों को क्यूआर कोड भेजकर अलग-अलग बहानों से रुपए ट्रांसफर करा लेती थीं। क्राइम ब्रांच ने थाटीपुर क्षेत्र के मयूर नगर और ज्योतिनगर में कार्रवाई करते हुए कुल 19 युवतियों को पकड़ा है। इनमें से दो युवतियां कॉल सेंटर का संचालन कर रही थीं। गिरोह का सरगना फिलहाल फरार है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि कॉल सेंटर किस नाम से फर्जी तौर पर चलाए जा रहे थे।

### गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी

पुलिस ने मयूर नगर में मयूर प्लाजा के पीछे स्थित तिलेश्वर उर्फ दिनेश पटेल पुत्र पुनाऊराम पटेल के मकान की पहली मंजिल पर फर्जी कॉल सेंटर में दबिश दी। यहां लैपटॉप, कंप्यूटर और रजिस्टर के साथ मैट्रिमोनियल कॉल सेंटर चलता मिला। मौके पर 20 से 25 वर्ष उम्र की 12 युवतियां मौजूद थीं, जो शादी का झांसा देकर युवाओं से ठगी कर रही थीं। कॉल सेंटर का संचालन तिलेश्वर पटेल के कहने पर 24 साल की राखी गौड़ पत्नी गजेंद्र गौड़ कर रही थी। पुलिस ने संचालक सहित 12 युवतियों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## स्मृति शेष

### नहीं रहे विनोद कुमार शुक्ल, 88 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, हाल ही में मिला था ज्ञानपीठ

# घर खाली छोड़कर उस पार चले गए विनोद विचार की तरह

**रायपुर, जेएनएन**

*संसार में रहते हुए/ मैं कभी घर लौट न सकूं/ बस संसार में रहूं/ जब संसार में न रहूं/ तब घर लौटूं/ और घर मुझसे खाली रहे...*

*जाते जाते ही मिलेंगे लोग उधर के/ जाते जाते जाया जा सकेगा उस पार...*

*वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहिनकर विचार की तरह...*

ऐसी तमाम जादूई पंक्तियों के लेखक और प्रख्यात कवि, कथाकार और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार शाम 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ थे और रायपुर स्थित एम्स में उनका इलाज चल रहा था। सांस लेने में तकलीफ के कारण पहले उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, बाद में एम्स रेफर किया गया। हाल ही में शुक्ल को देश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले छत्तीसगढ़ के पहले साहित्यकार थे। 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल पिछले लगभग 50 वर्षों से सक्रिय लेखन में थे। उनका पहला कविता संग्रह 'लगभग जय हिंद' 1971 में प्रकाशित हुआ। 'दीवार में एक खिड़की रहती थी', 'नौकर की कमीज' और 'खिलेगा तो देखेंगे' उनकी बहुचर्चित कृतियां हैं।

अपने सहज लेकिन गहरे विचारों के लिए पहचाने जाने वाले शुक्ल का मानना था कि अगर किसी अच्छे काम की आलोचना होती है, तो वही आलोचना आगे चलकर सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। वे कहते थे, 'कविता की सबसे अच्छी आलोचना है- एक और बेहतर कविता लिख देना।'

### लिखना मेरे लिए सांस लेने जैसा

छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनसे मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना था। उस मुलाकात में विनोद कुमार शुक्ल ने कहा था, 'लिखना मेरे लिए सांस लेने जैसा है। मैं जल्द से जल्द घर लौटना चाहता हूं, ताकि लिखना जारी रख सकूं।'

### पुरस्कार और सम्मान

शुक्ल को साहित्य अकादमी पुरस्कार (1999), रजा पुरस्कार, गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया। पिछले वर्ष उन्हें पेन अमेरिका का नाबोकॉव अवॉर्ड भी मिला था। इस सम्मान को पाने वाले वे एशिया के पहले साहित्यकार थे। विनोद कुमार शुक्ल का निधन हिंदी साहित्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी रचनाएं, विचार और मानवीय संवेदना आने वाली पीढ़ियों को लंबे समय तक दिशा देती रहेंगी।

### 'नौकर की कमीज' उपन्यास पर मणि कौल ने बनाई थी फिल्म

उनका पहला कविता-संग्रह 'लगभग जय हिन्द' 1971 में प्रकाशित हुआ। इसके साथ ही उनकी विशिष्ट भाषिक बनावट, चुप्पी और भीतर तक उतरती संवेदनाएं हिन्दी कविता के परिदृश्य में दर्ज हो गईं। इसके बाद 'वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहिनकर विचार की तरह', 'सब कुछ होना बचा रहेगा', 'अतिरिक्त नहीं', 'कविता से लंबी कविता', जैसे संग्रहों ने उन्हें समकालीन हिंदी कविता के सबसे मौलिक स्वरों में शामिल कर दिया। 1979 में प्रकाशित उनके पहले उपन्यास 'नौकर की कमीज' ने हिन्दी कहानी और उपन्यास की धारा को एक अलग मोड़ दिया। इस उपन्यास पर बाद में मणि कौल ने फिल्म भी बनाई। 'खिलेगा तो देखेंगे' और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' साधारण यथार्थ के समानांतर चलते हैं। इन उपन्यासों में चमत्कार भी है और साधारण के भीतर से जो चमक निकलती है, वह जादू भी।

### उत्तर प्रदेश सरकार को लगा बड़ा झटका

# अखलाक लिंचिग मामले में केस वापसी की अर्जी खारिज

**लखनऊ, जेएनएन।** ग्रेटर नोएडा के बहुचर्चित बिसाहाड़ा अखलाक लिंचिंग केस में अदालत ने एक अहम फैसला सुनाया है। सूरजपुर स्थित जिला अदालत ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने से जुड़ी शासन की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत के इस फैसले से मामले में आरोपियों को राहत दिलाने की कोशिशों पर पूरी तरह विराम लग गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से दाखिल की गई याचिका पर मंगलवार को अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने केस वापस लेने का पक्ष रखा, लेकिन अदालत ने दलीलों को संतोषजनक नहीं माना। कोर्ट ने स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा कि केस वापसी के लिए लगाई गई अर्जी में कोई ठोस कानूनी आधार नहीं है। अदालत ने अभियोजन की याचिका को आधारहीन और महत्वहीन मानते हुए खारिज कर दिया। इसके साथ ही यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ चल रही न्यायिक प्रक्रिया जारी रहेगी और मुकदमे की सुनवाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**यह है मामलाः** 28 सितंबर 2015 की रात अखलाक की भीड़ ने पीट पीटकर हत्या कर दी थी। आरोप था कि गांव में कुछ दिन पहले बछड़ा गायब हुआ था। अखलाक के परिवार ने उसे काटकर खाया। मामले में कुल 19 लोगों को आरोपी बनाया गया था।

भारतीय गुणवत्ता परिषद
QUALITY COUNCIL OF INDIA
QCI Creating an Ecosystem for Quality

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल विहारी वाजपेयी के सम्मान में, विकसित भारत 2047 की **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** की संकल्पना के अनुरूप और माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल के मार्गदर्शन में **सुशासन दिवस** के अवसर पर

## विकास की परिभाषा को नया आयाम देते हुए भारतीय गुणवत्ता परिषद् कर रही है

# नए दौर के सुधारों का शुभारंभ

सुशासन
दिवस 2025

### क्यूसीआई की प्रतिबद्धता

**पिछले कुछ वर्षों से क्यूसीआई, प्रत्यायन को पहले से अधिक त्वरित, स्मार्ट और सुलभ बनाकर भारत के गुणवत्ता इकोसिस्टम में आमूल परिवर्तन का प्रयास करती आ रही है; इन सुधारों से प्राप्त कुछ उपलब्धियां इस प्रकार हैं:**

**स्वच्छ वायु को प्राथमिकता**
वायु गुणवत्ता निगरानी उपकरण के कैलिब्रेशन की नवीन प्रत्यायन स्कीम

**डिजिटल सुगमता**
निर्बाध और परेशानी-रहित प्रोसेसिंग के लिए **23,000+** परीक्षण विकल्पों और **2500+** उपकरण किस्मों के साथ एनएबीएल पोर्टल का नवीकरण

**सुगमता के साथ उत्कृष्टता को प्रोत्साहन**
**10 से अधिक वर्षों** तक अच्छा परफॉर्म करने वाली प्रयोगशालाओं के लिए आसान डेस्कटॉप सर्विलांस

**त्वरित और डिजिटल ज़ेड**
**24 घंटे** में ज़ेड कांस्य प्रमाणन और ज़ेड प्रमाणन के लिए शुरू से लेकर अंत तक ऑनलाइन प्रक्रिया

**त्वरित मान्यता**
मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रयोगशालाओं और MELT स्कीम प्रयोगशालाओं को **48 घंटे** में मान्यता

**प्रयोगशालाओं के लिए अपेक्षाकृत लंबी अवधि का प्रत्यायन**
प्रयोगशालाओं को अब **2 वर्ष** के स्थान पर **4 वर्ष** का प्रत्यायन

*हमारे विनम्र प्रयास: स्टेकहोल्डर्ज़ की बात सुनकर परिवर्तन लागू करना*

## विकसित भारत के लिए क्यूसीआई के बड़े सुधार

अपनी इस गुणवत्ता यात्रा की प्रगति को बल देते हुए, अब हम अपनी सुधारों की गति में तेजी ला रहे हैं, जो परिवर्तन की नई धारा को दिशा देंगे

### गुणवत्ता इंजन में नई ऊर्जा का समावेश

**'क्यू मार्क-देश का हक' का अनावरण**
गुणवत्ता के क्यूआर-कोड युक्त मार्क के जरिए अपनी प्रयोगशाला, अपने अस्पताल और एमएसएमई को जानें। पूर्ण प्रकटीकरण, अब कोई जाली प्रमाणपत्र नहीं

**निरीक्षण से विश्वास तक**
कम कागजात, कम समय, कम से कम निरीक्षण, अधिकाधिक विश्वास, कम टकराव वाला इकोसिस्टम

**बोर्डों और प्रभागों में असेसर पूल का विस्तार**
अंतिम छोर तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से युवा विशेषज्ञों के समावेश हेतु प्रवेश अवरोध घटाए

**क्वालिटी सेतु**
समयबद्ध शिकायत और फीडबैक समाधान के लिए एक सुरक्षित टिकट आधारित प्रणाली

एक नई उड़ान

**वन-स्टॉप प्रत्यायन प्लेटफॉर्म**
बहु-प्रत्यायन पोर्टलों के स्थान पर पेपर रहित सिंगल मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म का शुभारंभ

उद्योग और एमएसएमई

**NDIE National Division for Industry Excellence**

### *भारत के आर्थिक आधार अर्थात् हमारे 6 करोड़ एमएसएमई का सशक्तीकरण*

**क्यूसीआई-उद्योग क्षेत्र के बीच भागीदारी**
ज़ेड और लीन प्रमाणन प्राप्त करने में टियर-2 और टियर-3 सप्लायर्स का मार्गदर्शन और सहयोग क्यूसीआई द्वारा किया जाएगा

**भारतीय उत्पादों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना**
वर्ष 2026 में **1,00,000 एमएसएमई और स्वयं सहायता समूहों (ओडीओपी)** को क्वालिटी, पैकेजिंग और ब्रांडिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा

**एमएसएमई के लिए शॉप फ्लोर बेस्ट प्रैक्टिसेज प्लेबुक**
ग्लोबल क्वालिटी प्रैक्टिस के माहौल में ढलने के लिए प्रत्येक लघु व्यवसाय का सशक्तीकरण ताकि दिन-प्रतिदिन की शाप फ़्लोर पर्फ़ोर्मन्स बढ़े

**ज़ेड और लीन प्रमाणन की फीस को कम करना**
भारत के छोटे से छोटे उद्यमी के लिए पहुंच की सुगमता, किफायत, गुणवत्ता और पहचान सुनिश्चित होगी

उद्योग और प्रयोगशालाएं

**NABL National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories**

### *भारत को दुनिया का अग्रणी परीक्षण केन्द्र बनाने का प्रयास*

**चिकित्सा परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए मॉडल स्कोप लागू करना**
चिकित्सा प्रयोगशालाओं के प्रत्यायित कार्यक्षेत्र में एकरूपता सुनिश्चित होगी

**प्रयोगशाला कार्मिकों के लिए टैक्निकल स्किलिंग**
वर्ष 2026 में **5000** प्रयोगशाला कार्मिकों को तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि पहले से अधिक मजबूत और सुरक्षित राष्ट्रीय परीक्षण इकोसिस्टम बनाया जा सके

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के लिए स्व-घोषणा**
एनएबीएल असेसर्स के लिए **48 घंटे** के अंदर प्रस्तावित हस्ताक्षरकर्ता का अनुमोदन

**कार्यक्षेत्र के विस्तार की अनुमति 48 घंटे में**
प्रयोगशालाओं को सेवा-विस्तार के लिए लंबे इंतजार से छुटकारा-वर्तमान कार्यक्षेत्र के अंतर्गत एक समान उत्पाद/कार्यपद्धति/परीक्षण/एनालाइट के लिए अनुमोदन

**कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं**
जब परीक्षण के मापदंड पहले से कवर्ड हों तो उत्पाद-आधारित प्रत्यायन के लिए अतिरिक्त शुल्क व्यवस्था की समाप्ति

स्वास्थ्यचर्या

**NABH National Accreditation Board for Hospitals and Healthcare Providers**

### *रोगी सुरक्षा प्रथम-हर अस्पताल में, हर पिन कोड में*

**एनएबीएच के मित्र कार्यक्रम के तहत सीधा, भरोसेमंद मार्गदर्शन- बिना बिचौलिए के**
प्रशिक्षित, सत्यापित मार्गदर्शकों को आधिकारिक रूप से पैनलबद्ध किया जाएगा जो अस्पतालों का मार्गदर्शन करेंगे-विशेषकर छोटे शहरों में

**ऑक्यूपेंसी नॉर्म को आसान करना**
**20% ऑक्यूपेंसी** पर अस्पतालों को प्रत्यायन प्रदान करने की शुरुआत होगी

**ग्रेडेड पेनल्टी**
पूर्ण प्रतिबंध से ग्रेडेड पेनल्टी की ओर परिवर्तन होगा-मार्गदर्शन और भूल सुधार के अवसर के साथ

**गुणवत्ता पाठशाला**
रोगी सुरक्षा और प्रत्यायन में डॉक्टरों, नर्सों और तकनीशियनों के लिए भूमिका आधारित स्किलिंग दी जाएगी

**निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वालों के लिए डेस्कटॉप सर्विलांस**
निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाले अस्पतालों को ऑन साइट निरीक्षणों में कमी लाने की दृष्टि से एआई-आधारित फॉर्म फिलिंग और डेस्कटॉप सर्विलांस की सुविधा मिलेगी

**NABCB National Accreditation Board for Certification Bodies**

### *स्थानीय उत्पाद वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए*

**भारत में विनिर्मित उत्पादों के लिए प्रत्यायित प्रमाणन का आरम्भ**
संपूर्ण ग्लोबल सप्लाई चेन में भारतीय उत्पादों की निर्बाध स्वीकृति सुनिश्चित करने के लिए

**भारतीय उत्पादों एवं सेवाओं के लिए क्वालिटी पासपोर्ट**
बाजार में तीव्रतर पहुंच के लिए, वैश्विक स्तर के अनुरूप एनएबीसीबी प्रत्यायित प्रमाणन

**अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में गुणवत्ता**
ड्रोन और साइबर सुरक्षा क्षेत्र के प्रमाणन निकायों का तेजी से प्रत्यायन

***राष्ट्र निर्माण की ओर उड़ान भरते हुए भी हमारे कदम अपने मूल उद्देश्यों की ज़मीन पर मजबूती से जमे हैं।***

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

**क्यूसीआई के बोर्ड**
NABCB NABH NABL NABET NBQP

**क्यूसीआई के प्रभाग**
PADD Project Analysis and Documentation Division
PPID Project Planning & Implementation Division
NDIE National Division for Industry Excellence
QCI Strategy & Policy Division

**क्यूसीआई के अन्य उपक्रम**
गुणवत्ता गुरुकुल
गुणवत्ता संकल्प
SARPANCH SAMVAAD
Quality City Nashik
QUALITY BHARAT
ONDC FOUNDED & SUPPORTED BY QCI

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# भारत-न्यूजीलैंड डील से अमेरिका को बड़ा झटका

*भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता हुआ है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए काफी राहतकारी सिद्ध होगा। अमेरिका के टैरिफ विवाद से बने नकारात्मक माहौल को दूर करने में मदद मिलेगी। वॉशिंगटन के साथ प्रस्तावित डील में भारत का पक्ष मजबूत होगा। न्यूजीलैंड के साथ व्यापार अगले पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य है।*

*अमेरिकी नीतियों की वजह से दबाव का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए न्यूजीलैंड के साथ हुआ मुक्त व्यापार समझौता राहत की खबर है। हाल में कई दूसरे देशों के साथ भी सहमति बनी है। ये समझौते अमेरिकी टैरिफ विवाद से बने नकारात्मक माहौल को दूर करने में तो मदद करेंगे ही, इनसे वॉशिंगटन के साथ प्रस्तावित डील में भी नई दिल्ली का पक्ष भारी रहेगा।*

*न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की इस साल मार्च में भारत यात्रा के दौरान ट्रेड डील पर बात शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों की औपचारिक शुरुआत भारत की आजादी के कुछ साल बाद ही हो गई थी, लेकिन द्विपक्षीय व्यापार अब भी बेहद कम है। 2023 में यह 1.75 अरब डॉलर था और पिछले साल 2.07 अरब डॉलर। ट्रेड एग्रीमेंट से व्यापार को अगले पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। साथ ही, सर्विसेज, गुड्स, इन्वेस्टमेंट में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है।*

*न्यूजीलैंड खेती में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के लिए जाना जाता है। ट्रेड डील से उसकी उन्नत कृषि तकनीक तक पहुंच आसान होगी। महत्वपूर्ण है कि डेयरी सेक्टर में कोई छूट नहीं दी गई है और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने साफ किया है कि इस क्षेत्र में समझौता संभव नहीं। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में जिन वजहों से देर हो रही है, उनमें कृषि और डेयरी सेक्टर शामिल हैं।*

*हाल में भारत की तरफ से व्यापारिक समझौतों में काफी तेजी आई है। पिछले हफ्ते ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता हुआ था। दोनों देश इसे तीन महीने के भीतर लागू करना चाहते हैं। इसके बाद ओमान को भारत का 99 फीसदी से ज्यादा निर्यात टैरिफ फ्री हो जाएगा। संयुक्त अरब अमीरात के साथ भी एक सीईपीए पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह ठीक तभी हुआ जब भारत ने ऐसे समझौतों की संभावनाओं पर पुनर्विचार शुरू ही किया था। न्यूजीलैंड के साथ हुआ समझौता एक अन्य कृषि महाशक्ति ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए समझौतों जैसा ही है। इसी तरह, दिसंबर की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा के दौरान मॉस्को और नई दिल्ली ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने पर सहमति जताई थी। ब्रिटेन के साथ भी एक मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनी है। दरअसल, इसका अर्थ यह है कि भारत पांच एंग्लोस्फेयर अर्थव्यवस्थाओं यानी अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में से तीन के साथ अनौपचारिक व्यापार समझौते कर चुका है। भारतीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कनाडा के साथ बातचीत दोबारा शुरू होगी। यह बात महत्त्वपूर्ण है क्योंकि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों में गिरावट ने ऐसी वार्ताओं को स्थगित कर दिया था।*

*छोटे देशों के साथ ये समझौते भारत के नए रुख का संकेत हैं। लेकिन अमेरिका और क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी अथवा प्रशांत पार साझेदारी के लिए व्यापक और प्रगतिशील समझौते (सीपीटीपीपी) हमारे लिए अधिक प्राथमिकता वाले होने चाहिए। यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ बातचीत पूरी करने की तय मियाद समाप्त हो चुकी है। हालांकि इन्हें अधिकतम 2026 की पहली छमाही के अंत तक पूरा कर लेना चाहिए क्योंकि उसके बाद शुल्कों का नया दौर असर डालने लगेगा । उम्मीद की जानी चाहिए कि यूरोपीय यूनियन, इस्राइल, कनाडा के साथ भी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बात तेजी से आगे बढ़ेगी। इनसे न सिर्फ भारतीय निर्यात में विविधता आएगी बल्कि विदेशी बाजारों में हमारे निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता भी बेहतर होगी।*

---

# जलवायु परिवर्तन से हो रहा विस्थापन एक गंभीर समस्या

## जलवायु परिवर्तन

**पंकज चतुर्वेदी**

> संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आइओएम) ने सम्मेलन में जानकारी दी थी कि दुनियाभर में लोग पहले से ही या तो विस्थापित हो रहे हैं या इससे बचे रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मानवीय पलायन सिर्फ मानव श्रम का स्थानांतरण नहीं होता, उसके साथ बहुत-से लोक ज्ञान, मानव सभ्यता, पारंपरिक जैव विविधता का भी अंत हो जाता है। सुंदरवन के सिमटने और उसका असर गंगासागर तक पड़ने से वहां के लोगों को अपना घर-खेत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है।

पिछले दिनों ब्राजील में संपन्न हुए पर्यावरण संरक्षण के सबसे बड़े आयोजन 'कॉप-30' में एक बड़ा प्रश्न अनुत्तरित रह गया कि जलवायु परिवर्तन से उपज रही आपदाओं के कारण विस्थापित हो रहे लोगों के लिए आसरे से लेकर रोजगार तक के संकट से कैसे निपटा जाये। बाढ़, भीषण गर्मी, सूखा, तूफान और रेगिस्तान बनने, समुद्र स्तर में वृद्धि, ग्लेशियरों के पिघलने जैसी धीरे-धीरे होने वाली घटनाएं आजीविका और जीवन को प्रभावित कर रही हैं। वर्ष 2024 में ऐसी आपदाओं के कारण अपने देश की सीमाओं के भीतर साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग जबरन प्रवासित हुए। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि वैश्विक समाज ने इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी पर कोई निर्णायक रवैया नहीं अपनाया। भारत जैसे देश अब जलवायु विस्थापन की त्रासदी के बड़े शिकार हो रहे हैं।

जब भी हम जलवायु परिवर्तन की चर्चा करते हैं, तो इसे बढ़ते तापमान, प्रदूषण, बंजर होती जमीन (मरुस्थलीकरण), अम्ल वर्षा और ध्रुवों पर बर्फ के पिघलना आदि से जोड़कर देखते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व में आई एक अनजान वास्तविकता से अधिकांश लोग परिचित नहीं हैं। वह है इसकी वजह से होने वाला विभिन्न देशों के लोगों का विस्थापन। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाला विस्थापन युद्ध और हिंसक संघर्षों की वजह होने वाले विस्थापन से भी ज्यादा भयावह है। इससे विश्व के 148 देश प्रभावित है जिसमें भारत भी शामिल है, इन देशों में अधिकांश जनसंख्या निर्धन और वंचित लोगों की है। विशेषज्ञ इसे दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या मानते हैं, जो वर्ष 2050 तक हमारी उम्मीद से ज्यादा बढ़ जाएगी और प्रत्यक्ष तौर पर विस्थापन के परिणाम भी लोगों को दिखने लगेंगे।

असम में ब्रह्मपुत्र की तेज धाराओं के बीच स्थित दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप माजुली 1951 में लगभग 1,250 वर्ग किलोमीटर में फैला था, और आबादी 81,000 थी। अगले 60 वर्षों में इसकी आबादी बढ़ कर 1,67,000 हो गयी, पर द्वीप का क्षेत्रफल दो-तिहाई कम हो गया था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि हिमालय के पिघलते ग्लेशियरों के साथ ब्रह्मपुत्र में तीव्र होते जलप्लावन से 2040 तक माजुली लुप्त हो सकता है। उस द्वीप से हर वर्ष हजारों लोग पलायन करते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में अभी तक जलवायु पलायन को लेकर कोई नीति नहीं बनी।

मानवीय पलायन सिर्फ मानव श्रम का स्थानांतरण नहीं होता, उसके साथ बहुत-से लोक ज्ञान, मानव सभ्यता, पारंपरिक जैव विविधता का भी अंत हो जाता है। सुंदरवन के सिमटने और उसका असर गंगासागर तक पड़ने से वहां के लोगों को अपना घर-खेत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। सुंदरवन का लोहाचारा द्वीप 1991 में गायब हो गया, जबकि बंगाल की खाड़ी से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में घोरमारा में पिछले कुछ दशकों में अभूतपूर्व क्षरण देखा गया है। हमारे तटीय क्षेत्र, जहां लगभग 17 करोड़ लोग रहते हैं, बदलते जलवायु की मार से सर्वाधिक प्रभावित हैं।यहां रहने वालों को समुद्र के जल स्तर में वृद्धि, कटाव और उष्णकटिबंधीय तूफान तथा चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। बंगाल की खाड़ी में अभी तक का सबसे शक्तिशाली तूफान 'चक्रवात अंफान' आया, जिससे कई लाख लोगों को घर खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सबसे खतरनाक कटाव समुद्री किनारों का है, जो गांव के गांव उदरस्थ कर रहा है।

वैश्विक रूप से चरम मौसम से पलायन का सर्वाधिक खामियाजा महिलाओं और बच्चों को भुगतना पड़ता है। यूनिसेफ तथा इंटरनल डिसप्लेसमेंट मॉनिटरिंग सेंटर के 2016 से 2021 तक किये गये अध्ययन से यह खुलासा हुआ है। भारत, चीन तथा फिलीपींस के 2.23 करोड़ बच्चे विस्थापित हुए हैं। इन देशों में बच्चों के बेघर होने के पीछे भौगोलिक स्थिति जैसे मॉनसून की बारिश, चक्रवात और चरम मौसम की बढ़ती घटनाएं भी हैं।

भारत में, 2011 की जनगणना के अनुसार, लगभग 45 करोड़ लोग प्रवासित हुए, जिनमें से 64 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्र से थे। प्रवासियों का एक बड़ा हिस्सा कम आय वाले राज्यों- उत्तर प्रदेश और बिहार से है। घर छोड़ कर जाने वाले कुछ लोग तो महज थोड़े दिनों के लिए काम करने गये, लेकिन अधिकांश का पलायन स्थायी हुआ।

ग्लोबल वार्मिंग के परिणामों को दुनिया जलवायु परिवर्तन के रूप में देख रही है। पूरा विश्व आस्ट्रेलिया के बुश फायर और अमेज़न के जंगलों की आग देख चुका है। तो वहीं अंटार्कटिका की बर्फ पिघलने सहित दुनिया भर के ग्लेशियर तेड़ी से पिघल रहे हैं। हर साल दुनिया भर में, विशेषकर भारत में बाढ़ भारी तबाही मचाती है। जलवायु परिवर्तन के कारण हो रही इन सभी घटनाओं की समय समय पर चर्चा तो होती है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे विस्थापन का कोई जिक्र तक नहीं करता और न ही ये विस्थापन कभी चर्चा का विषय बनता है। इसी अनदेखी के कारण आज यह एक वैश्विक समस्या बन गई है।

संयुक्त राष्ट्र की वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट में 148 देशों पर किये गए सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष दिया गया है कि दुनिया में करीब 2.8 करोड़ लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें से 1.75 करोड़ लोग जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली विभिन्न आपदाओं की वजह से विस्थापित हुए हैं, जबकि शेष लोग युद्ध और हिंसक संघर्षों की वजह से विस्थापित हुए हैं। वर्ष 2018 में विश्व बैंक ने अनुमान लगाते हुए कहा था कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2050 तक उप सहारा, अफ्रीका, दक्षिण एशिया और लैटिन अमेरिका में 14.3 करोड़ लोगों को अपना घर छोड़कर विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएससी) के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2018 के अंत तक 16 लाख लोग राहत शिविरों में थे। भारत के संदर्भ में तो यह आंकड़ा और गंभीर है।

बीते वर्ष मैड्रिड में हुए कॉप 25 में विश्व मौसम संगठन ने वैश्विक जलवायु दशा रिपोर्ट 2019 जारी कर मौसमी घटनाओं के कारण हो रहे विस्थापन पर चिंता जताई। रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी 2019 से जून 2019 के बीच एक करोड़ लोग अपने देश में ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर विस्थापित हुए हैं। इनमें से 70 लाख लोग बाढ़, हरिकेन और चक्रवात आदि के कारण विस्थापित हुए हैं। वर्ष 2009 में बंगाल की खाड़ी में आया चक्रवात तथा 2004 की सुनामी का कहर सभी को याद है। कुछ वर्ष पूर्व ही नेपाल में भूकंप से मची तबाही के जख्म आज भी हरे हैं।

जब रोजगार के लिए महानगरों की ओर पलायन बढ़ता है, तो यह पहले से ही सघन आबादी वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य, साफ पानी, परिवहन आदि की दिक्कतें उत्पन्न करता है। दुर्भाग्य है कि अभी हमारे यहां जलवायु संबंधी खतरों के कारण अपने घरों से विस्थापितों के लिए कोई माकूल योजना है ही नहीं। पर्यावरणीय शरणार्थी, जलवायु शरणार्थी, जलवायु विस्थापित और पर्यावरण विस्थापित जैसे शब्द अभी सरकारी दस्तावेजों में आये नहीं हैं। इनके लिए कोई अलग श्रेणी नहीं है और न ही जलवायु प्रवासियों से निपटने के लिए कोई योजना है। गंभीरता से देखें, तो देश की आजादी के सौ वर्ष पूरे होने पर हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती और त्रासदी होगी अपनी जड़ों से उखड़कर मजबूरी में किसी अनजान स्थान पर जीने की जद्दोजहद करने वाले कई करोड़ लोग,

---

# दादा की पैतृक संपत्ति पर ही पोते का जन्मसिद्ध अधिकार

## संपत्ति उत्तराधिकार

**डॉ सुधीर कुमार**

> पारिवारिक विवादों में सवाल होता है कि पिता के जीवित रहते दादा की संपत्ति पर पोते का कितना हक है? दादा की संपत्ति के बंटवारे की बात आती है, तो मामला रिश्तों में कड़वाहट की जड़ बन जाता है। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के इस मामले पर अदालती फैसले स्पष्ट करते हैं कि पैतृक संपत्ति में पोते का जन्मसिद्ध अधिकार है, वह दादा या पिता के जीवित रहते बंटवारा करवा सकता है। जबकि दादा की स्व-अर्जित संपत्ति पर उसका जन्मजात दावा नहीं।

भारतीय परिवारों में संपत्ति विवाद एक गंभीर समस्या है जो रिश्तों की नींव को हिला देती है। जमीन-जायदाद के कागज़ात पारिवारिक सद्भाव को नष्ट कर देते हैं। इन विवादों के केंद्र में जटिल सवाल यह होता है। 'जब पिता जीवित हैं, तो दादा की संपत्ति पर पोते का कितना अधिकार है?' यह प्रश्न केवल एक कानूनी जटिलता नहीं, बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे सामाजिक मूल्यों और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की बारीकियों को भी दर्शाता है। भारतीय समाज में परिवार और संपत्ति का संबंध केवल आर्थिक नहीं, बल्कि गहरा भावनात्मक भी होता है। यही कारण है कि जब दादा की संपत्ति के बंटवारे की बात आती है, तो मामला केवल कानूनी धाराओं तक सीमित न रहकर रिश्तों में कड़वाहट की जड़ बन जाता है।

पोते-पोतियों के मन में यह सामान्य सवाल होता है - 'क्या पिता के जीवित रहते हम दादा की संपत्ति पर सीधा दावा कर सकते हैं?' इस प्रश्न का उत्तर 'हां' या 'ना' में देना सरल नहीं। इसका जवाब पूरी तरह संपत्ति के प्रकार पर निर्भर करता है - यानी वह 'स्व-अर्जित' है या 'पैतृक'। इस अंतर को सुप्रीम कोर्ट ने अपने विभिन्न फैसलों के जरिये समय-समय पर स्पष्ट किया है, जिससे कानूनी स्थिति साफ हो। कानूनन संपत्ति मुख्यतया दो प्रकार की होती है, और यह अंतर समझना ही सारे विवाद समाप्त कर सकता है।

स्व-अर्जित संपत्ति वह है जिसे दादा ने अपनी मेहनत, वेतन, या व्यावसायिक आय से स्वयं खरीदा या अर्जित किया है। इस संपत्ति पर दादा का पूर्ण स्वामित्व होता है। उनके जीवनकाल में, उनका बेटा या पोता भी सीधे तौर पर दावा नहीं कर सकता, और दादा के पास अधिकार है कि वे जिसके नाम चाहें, उस संपत्ति की वसीयत करे। यहां अहम कानूनी बिंदु यह कि यदि पिता (अर्थात दादा के बेटे) जीवित हैं, तो पोता दादा की स्व-अर्जित संपत्ति में सीधे हिस्सेदार नहीं बन सकता। पोता केवल तभी दावा कर सकता है जब उसके पिता की मृत्यु दादा से पहले हो चुकी हो। इस स्थिति में, पोता अपने मृत पिता का प्रतिनिधित्व करते हुए हिस्सा पाता है।

इसके विपरीत, पैतृक संपत्ति वह होती है जो कम से कम चार पीढ़ियों से निरंतर पुरुष वंशजों के माध्यम से हस्तांतरित होती आयी है। इस संपत्ति के संबंध में पोते की कानूनी स्थिति पूरी तरह बदल जाती है। पैतृक संपत्ति में पोता जन्म लेते ही 'सह-स्वामी' बन जाता है। उसका हक दादा या पिता की मृत्यु का इंतजार नहीं करता; वह बतौर जन्मसिद्ध अधिकार कभी भी बंटवारे की मांग कर सकता है। यह उसे स्व-अर्जित संपत्ति से मौलिक रूप से अलग करता है।

कानूनी स्थिति को सबसे निर्णायक रूप से सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2018 में 'विनीत शर्मा बनाम राकेश शर्मा' नामक एक अत्यंत महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया था। यह लैंडमार्क केस पैतृक और स्व-अर्जित संपत्ति के बीच अंतर को कानूनी रूप से मजबूत करता है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराधिकार के नियमों पर यह साफ किया कि यदि दादा अपनी स्व-अर्जित संपत्ति (जो उन्होंने अपनी मेहनत से कमाई थी) को वसीयत के जरिये अपने बेटे या पोते को सौंपते हैं, तो संपत्ति प्राप्त करने वाले व्यक्ति के लिए वह 'पैतृक संपत्ति' नहीं, बल्कि उसकी 'व्यक्तिगत संपत्ति' बन जाती है।

उत्तराखंड के हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया था कि जब तक पिता जीवित हैं, तब तक पोता अपने दादा की स्व-अर्जित संपत्ति में हिस्सा नहीं मांग सकता है। यह फैसला इस मौलिक सिद्धांत की पुष्टि करता है कि स्व-अर्जित संपत्ति पर पोते का सीधा अधिकार उनके पिता के माध्यम से ही आता है, और वह तभी प्रभावी होता है जब पिता जीवित न हों या जब संपत्ति पैतृक श्रेणी में हो।

सर्वोच्च न्यायालय ने 2014 में सी. शिवकुमार बनाम शिवन्ना मामले में इस सिद्धांत को फिर दोहराया कि स्व-अर्जित संपत्ति के मालिक (इस मामले में दादा) को उस संपत्ति पर पूर्ण व निर्विवाद अधिकार होता है। इस फैसले ने इस बात पर मुहर लगा दी कि मालिक अपनी स्व-अर्जित संपत्ति का उपयोग, उपभोग या हस्तांतरण अपनी इच्छानुसार कर सकता है।

उत्तम बनाम सौभाग सिंह (2016) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के बाद, यदि किसी व्यक्ति (जैसे दादा) को अपने पिता से कोई संपत्ति विरासत में मिलती है, तो वह स्व-अर्जित संपत्ति मानी जाएगी, न कि स्वचालित रूप से पैतृक संपत्ति। इस फैसले ने पुरानी कानूनी धारणाओं को बदलते हुए यह स्थापित किया कि संपत्ति को 'पैतृक' साबित करने के लिए यह दिखाना अनिवार्य है कि वह चार पीढ़ियों से अविभाजित रूप से चली आ रही है। यदि दादा ने संपत्ति को कानूनी बंटवारे के बाद अपने हिस्से में लिया है, तो वह उनकी स्व-अर्जित संपत्ति है। जबकि पोते के अधिकार सिर्फ अविभाजित पैतृक संपत्ति तक सीमित हैं।

उपरोक्त निर्णायक फैसलों से यह अंतिम कानूनी सत्य सामने आता है कि स्व-अर्जित संपत्ति पर दादा का अधिकार सर्वोपरि है, और पोते का जन्मसिद्ध दावा केवल अविभाजित पैतृक संपत्ति तक ही सीमित है। जायदाद के मामलों को अदालतों में घसीटने से बेहतर है कि विवाद की गुंजाइश खत्म करने के लिए स्पष्ट वसीयत तैयार करे।

---

## प्रसंगवश

# रेल का किराया बढ़ रहा पर समस्याएं यथावत

> आए दिन सरकार रेल सेवा को अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला बनाने के कदम उठाने का दावा करती रहती है। मगर विचित्र यह है कि आज ट्रेन से सफर करना जहां एक दुस्वप्न बनता जा रहा है, वहीं सरकार जब चाहे, किराया बढ़ाने में संकोच नहीं करती।

अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपनी आय बढ़ाने के लिए सरकार कितनी सजग है। मगर शायद इस बात का ध्यान रखना कभी जरूरी नहीं समझा जाता कि इस तरह किराया बढ़ाने का औचित्य तभी साबित हो सकता है जब यात्रियों के लिए यह असुविधाजनक न हो।

भारतीय रेल को देश भर में कहीं आने-जाने के सबसे सुगम और अहम साधन के रूप में जाना जाता है। हर रोज लाखों लोग अपने गंतव्य तक जाने के लिए इसका सहारा लेते हैं। आए दिन सरकार गुणवत्ता के लिहाज से इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला बनाने के लिए कदम उठाने का दावा करती रहती है। मगर विचित्र यह है कि आज यात्रियों के लिए ट्रेन से सफर करना जहां एक दुस्वप्न बनता जा रहा है, वहीं सरकार जब चाहे, किराया बढ़ाने में कोई संकोच नहीं करती।

हाल ही में ट्रेन में यात्री के सामान ले जाने पर वजन की सीमा लगा देने और तय वजन से ज्यादा ले जाने पर अतिरिक्त शुल्क चुकाने के नियम लागू होने की खबर आई थी। अब भारतीय रेलवे ने छब्बीस दिसंबर से यात्री किराए में भी बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। इसके तहत अब दो सौ पंद्रह किलोमीटर से ज्यादा के सफर के लिए किराया एक से दो पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ा दिया गया है। देखने में यह छोटी बढ़ोतरी लगती है, लेकिन इस इजाफे से सिर्फ अगले करीब तीन महीने में ही सरकार को लगभग छह सौ करोड़ रुपए अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है।

अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपनी आय बढ़ाने के लिए सरकार कितनी सजग है। यह कोई छिपी हकीकत नहीं है कि पिछले कुछ समय से ट्रेन में सफर करना कई बार कितना त्रासद साबित हो रहा है। एक से दूसरे शहर या अपने घर जाने वाले लोग अगर ट्रेन से जाना चाहते हैं, तो इसके लिए आरक्षित टिकट मिलना आसान नहीं रह गया है।

अगर किसी व्यक्ति को हफ्ते या एक महीने पहले आरक्षित टिकट मिल जाए, तो उसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। साधारण डिब्बों में सफर की मुश्किल की कल्पना करना भी मुश्किल है, जहां लोग निर्जीव सामान की तरह किसी तरह मरते-जीते जाते हैं। पिछले कुछ समय के दौरान ट्रेनों के पटरी से उतरने से लेकर अन्य स्वरूप में जिस तरह के हादसे हुए हैं, वे बताते हैं कि भारतीय रेल से कहीं जाना कितना असुरक्षित भी हो गया है। विडंबना यह है कि अपनी सामान्य या नियमित आय में अतिरिक्त बढ़ोतरी के लिए ट्रेन का किराया बढ़ाने या अन्य प्रत्यक्ष और परोक्ष तरीकों के जरिए यात्रियों से ज्यादा पैसा वसूलने को लेकर अति-सक्रिय रहने वाली सरकार की नजर में यात्री सुविधाएं कोई प्राथमिक सवाल नहीं हैं। ऐसा लगता है कि अलग-अलग मद में पैसा बढ़ाने के लिए बजट का इंतजार करने की परंपरा खत्म हो गई है और सरकार अपनी सुविधा के अनुसार नया किराया तय कर देती है। उसके लिए यह भी ध्यान रखना जरूरी नहीं है कि ज्यादा किराया चुकाने का बोझ उठाने वाले बहुत सारे आम लोगों की आमदनी में कितनी बढ़ोतरी हुई है। क्या यह एक अफसोसनाक तस्वीर नहीं है।

---

## ।।गीता।।

**श्लोक**

अपरं भवतो जन्म परं जन्म विवस्वतः।
कथमेतद्विजानीयां त्वमादौ प्रोक्तवानिति।।

**भावार्थ**

अर्जुन बोलेः आपका जन्म तो अर्वाचीन अभी हाल ही का है और सूर्य का जन्म बहुत पुराना है अर्थात् कल्प के आदि में हो चुका था, तब मैं इस बात को कैसे समझूँ कि आप ही ने कल्प के आदि में यह योग कहा था?

---

## जीवन दर्शन

# खुद को औसत के स्तर से ऊपर उठाने के प्रयास करें

अपने जीवन में जीनियस बहुत कम बन पाते हैं, जबकि अधिकतर औसत दर्जे के ही रह जाते हैं। औसत रहने वाले लोग सोचते हैं कि शायद उनकी आई क्यू लेवल कम है, इसलिए वो औसत हैं, पर ऐसा नहीं है। असल में अधिकतर लोग औसत जीवन इसलिए जीते हैं क्योंकि वे अपने भीतर की क्षमता को पहचान नहीं पाते और उनके जीवन में दूरदर्शिता का अभाव होता है। आचार्य चाणक्य के अनुसार, औसतपन मनुष्य की कमजोरियों का परिणाम है और इसे केवल आत्मविकास के माध्यम से ही पार किया जा सकता है। लोगों का औसत बने रहने का मुख्य कारण आत्मसंयम की कमी, आलस्य और अवसर चूकना है। उच्च लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और आत्मसंयम बनाए रखना, जीवन में असाधारण बनने के लिए आवश्यक हैं। निरंतर ज्ञान प्राप्त करना और अपनी कमजोरियों को पहचानकर सुधारना, व्यक्ति के विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में औसत नहीं बने रहना चाहता है, लेकिन हर कोई इस औसत के लेवल से आगे बढ़ भी नहीं पाता। लोग इसका जिम्मेदार अपने दिमाग को और इंटेलीजेंस को मानते हैं, जबकि प्रसिद्ध रणनीतिकार आचार्य चाणक्य का मानना था कि औसतपन कोई नियति नहीं, बल्कि मनुष्य की कमजोरियों का परिणाम है। जो व्यक्ति लक्ष्य, अनुशासन, परिश्रम, संयम और साहस को अपनाता है, वह साधारण से असाधारण बन सकता है। चाणक्य के अनुसार अधिकतर लोग जीवन में औसत इसलिए रह जाते हैं क्योंकि वे आत्मविकास की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं करते और कुछ विशेष मानसिक बाधाएँ उन्हें आगे बढ़ने से रोकती हैं। औसत रहना एक विकल्प है, लेकिन असाधारण बनना एक संकल्प है। जो व्यक्ति अपने भीतर की कमजोरियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का साहस करता है, वही जीवन में ऊँचाई प्राप्त करता है।

अगर कोई व्यक्ति औसत है, तो उसका मूल कारण है आत्मसंयम की कमी। संयम न होने से ऊर्जा व्यर्थ होती है और महान उपलब्धियाँ अधूरी रह जाती हैं। लोग भावनाओं और इच्छाओं के प्रवाह में बह जाते हैं। दूसरा मुख्य कारण है - आलस्य और अवसर चूकना। इसके अलावा लक्ष्यहीनता, दृढ़ निश्चय और साहस की कमी भी मुख्य कारण हैं। कई सारे लोग हैं जो कठिनाइयों से डरकर पीछे हट जाते हैं और यह औसतपन का सबसे बड़ा कारण है। बहुत से लोग रिस्क उठाने की हिम्मत नहीं कर पाते। कई बार कुछ लोग जितना मलता है, उतने में ही संतुष्ट रह जाते हैं। ऐसा व्यक्ति सांसारिक सुखों और मोह में उलझकर अपनी ऊँचाइयों तक नहीं पहुँच पाता। इसके अलावा अहंकारी व्यक्ति स्वयं को सर्वश्रेष्ठ मानता है और दूसरों की सलाह को तुच्छ समझता है। नकारात्मक सोच और दूसरों को हानि पहुँचाने की प्रवृत्ति भी खुद का विकास करने से रोकती है। ऐसे लोग कभी ऊँचाई नहीं छू पाते क्योंकि वे विनम्रता और सेवा भाव से दूर रहते हैं।

औसत से ऊपर उठने के लिए क्या करना चाहिए? इसके लिए सबसे जरूरी है कि जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण हो। जीवन में क्या प्राप्त करना है, उसका निर्णय करें। लक्ष्य छोटा नहीं, ऊँचा होना चाहिए। साथ ही अनुशासन और आत्मसंयम रखें। बिना अनुशासन वाला मनुष्य अपने शत्रुओं को नहीं, बल्कि खुद को ही हारता है। अपने दोषों को पहचानें और सुधारें। रोजकुछ नया सीखें, शास्त्रों और अनुभवों से ज्ञान लें। सद्गुणी और ज्ञानी लोगों की संगति करें क्योंकि संगति का प्रभाव गहरा होता है।

**-आचार्य चाणक्य**

## चिरहुला नाथ मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा आज से

**रीवा।** सिद्ध श्री चिरहुला नाथ मंदिर प्रांगण में विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 दिसंबर बुधवार से 1 जनवरी 2026 तक श्री राम कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें कथा व्यास पंडित बाला वेंकटेश शास्त्री महाराज होंगे। कथा की कलश यात्रा आज 24 दिसंबर को 1: 30 बजे श्री चिरहुला नाथ जी मंदिर गेट के पास से प्रारंभ होगी। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। श्री चिरहुला नाथ स्वामी जी के प्रमुख सेवक स्वामी गोकर्णाचार्य महाराज सहित आयोजक श्री कृष्ण रसामृत सेवा समिति ने ज्यादा से ज्यादा भक्तों से कथा श्रवण करने की अपील की है।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) ✆ 07662-451599,9399312433

# 20 फरवरी से शुरू होंगी 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए आदेश

**जागरण, रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं परीक्षा के बीच पांचवीं-आठवीं की परीक्षा होगी। 20 फरवरी से दोनों कक्षाओं की परीक्षा शुरू होने जा रहीं हैं। इसमें रीवा से लगभग 35 हजार स्टूडेंट हिस्सा लेंगे। पांचवीं की परीक्षा छह दिन में पूरी होगी तो वहीं आठवीं आठ दिन में खत्म हो जाएगी। पर्चा हल करने के लिए स्टूडेंट को ढाई घंटे का समय मिलेगा। परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर कराई जानी है। परीक्षा का टाइम टेबल राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी कर दिया है। कॉपियों की जांच के का तरीका हाईटेक रहेगा।

**ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदारी :** इस वर्ष होने वाली परीक्षा के लिए ब्लॉक स्तर पर इंतजाम होना है। परियोजना समन्वयक को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। राज्य शिक्षा केन्द्र इन्हें प्रश्नपत्र भेजेगा जिसके ये स्टूडेंट तक पहुंचाएंगे। ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी परीक्षा के पूर्व न हो। प्रश्न पत्र भी पुलिस सुरक्षा में रखे जाएंगे।

### एमपी बोर्ड और राज्य शिक्षा की परीक्षा एक साथ

एमपी बोर्ड की परीक्षा सात फरवरी से मार्च तक होगी। वहीं राज्य शिक्षा केन्द्र से आठवीं की परीक्षा 20 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा का समय दोपहर 2 से साढ़े चार बजे रहेगा। पांचवीं की परीक्षा 20 से 26 फरवरी तक रहेगी। दोनों कक्षाओं के स्टूडेंट को प्रोजेक्ट दिए गए हैं। यह पर्यावरण पर आधारित है। इनके प्रोजेक्ट के अंक मिलेंगे। इसके विषय स्कूलों को पहले ही भेजे जा चुके हैं।

### ओरछा की भूमि बचाने में जुटा विश्वविद्यालय प्रबंधन

# राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री सहित विभागीय अधिकारियों को लिखा गया पत्र

### 31 वर्षों से विवि के कब्जे में हैं भूमि, पर्यटन विभाग करना चाहता है निर्माण

जागरण, रीवा

निवाड़ी जिले के ओरछा में 31 वर्षों से जिस भूमि पर विश्वविद्यालय का कब्जा था, वह जमीन अब विवि के हाथों से जाती दिख रही है। हैरानी की बात यह है कि इतने वर्षों से पड़ी इस भूमि को पहले विभाग किसी विभाग ने नहीं पूछा और जब विवि प्रबंधन द्वारा इसमें रामायण पीठ की स्थापना, संग्रहालय व केशव शोध पीठ की स्थापना किए जाने का निर्णय ले लिया और इसके लिए बजट भी मिल गया तो अब इस भूमि पर कलेक्टर निवाड़ी ने बिना किसी सूचना के जेसीबी चलवा दी और रीवा विवि द्वारा बनाई गई बाउंड्री को क्षतिग्रस्त कर डाला। मामला जब विवि के संज्ञान में आया तो अब विवि प्रबंधन इस भूमि को बचाने के प्रयास में लगा हुआ है। इस संबंध में विवि प्रबंधन द्वारा राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, संस्कृति मंत्री सहित उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों व पर्यटन विभाग के अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया है। बड़ी समस्या यह है कि वर्षों बाद विवि प्रशासन द्वारा जो रामायण पीठ की स्थापना करने का लिया गया है, वह अधर में रह जाएगा। विवि के पास ओरछा में कोई और जमीन फिलहाल नहीं है। यहां रामायण शोध पीठ की स्थापना किए जाने का मुख्य कारण विवि की ओरक्षा स्थिति भूमि का श्री रामराजा मंदिर के समीप स्थित है, ओरछा में भगवान श्रीराम की पूजा राजा के रूप में होती है और विश्वविद्यालय के पास वहां भूमि भी उपलब्ध है। जिससे विवि प्रबंधन यहां रामायण पीठ की स्थापना करने जा रहा है, जिसको लेकर औपचारिकताएं पूरी हो गई है। भूमिपूजन हो चुका है, नए वर्ष में जनवरी प्रथम सप्ताह से निर्माण शुरु करना था लेकिन इस भूमि पर कलेक्टर निवाड़ी ने जेसीबी चलवा दी।

### 1994 में मिली थी जमीन

बता दें कि विवि को यह भूमि वर्ष 1994 में दान में मिली थी। जिसका खसरा क्रमांक 455/15/6 है व कुल रकबा 0.400 हे. है। यह भूमि विवि के नाम दर्ज है लेकिन अब इसे पर्यटन विभाग मप्र शासन अपने कब्जे में लेकर यहां मार्केट बनाना चाहता है। विवि प्रबंधन का कहना है कि रामायण शोध पीठ व संग्रहालय भगवान श्री राम जी से जुड़े हुए हैं, यही वजह है कि यहां इसे बनाने का निर्णय लिया गया। ताकि यहां आने वाले पर्यटक भी इस का भ्रमण कर सकें और रीवा विवि में हो रहे शोध कार्यों को पढ़ सकें। हालांकि इसमें पूर्व के कुलगुरुओं की भी बड़ी लापरवाही रही है कि 31 वर्षों में इस भूमि पर किसी प्रकार की कोई योजना नहीं बनाई गई। विवि का पदभार संभालते ही कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने यहां रामायण शोध पीठ की स्थापना व संग्रहालय बनाए जाने का निर्णय लिया और मात्र 5 माह के कार्यकाल के भीतर ही सभी औपचारिकताएं पूरी कराई गईं।

> ओरछा में एपीएसयू की पौने दो एकड़ भूमि पर रामायण पीठ की स्थापना की जानी है, यह भूमि पर्यटन विभाग को दी जा रही है, इस संबंध में राज्यपाल सहित मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व विभागीय अधिकारियों से पत्राचार किया गया है।
>
> **डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया**
> **कुलगुरु एपीएसयू रीवा**

### अंतर्राष्ट्रीय शोध का केंद्र बनेगा रामायण पीठ

अयोध्या के अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के साथ एपीएस विश्वविद्यालय पहले ही एमओयू कर चुका है। इसके तहत अयोध्या के संस्थान की सहायता से रीवा में शोध और संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। अब तक दो राष्ट्रीय संगोष्ठियां संपन्न हो चुकी हैं, जिनमें 'वनवासी राम' और 'दंडकारण्य में श्रीराम' विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा, एक बड़ी प्रदर्शनी भी रीवा में आयोजित की गई थी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीराम वन गमन पथ के लिए 1450 किलोमीटर लंबा धार्मिक कॉरिडोर तैयार कर रही है। इसमें चित्रकूट, सतना, रीवा, पन्ना, शहडोल, जबलपुर, कटनी, अनूपपुर, विदिशा, होशंगाबाद सहित कई जिले शामिल हैं। इस कॉरिडोर में विभिन्न तीर्थ स्थलों का विकास किया जाएगा। रीवा में रामायण पीठ की स्थापना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र श्रीराम के वन गमन मार्ग का हिस्सा है। इसमें श्रीराम और रामायण से जुड़े हर पहलू पर शोध की व्यवस्था की जाएगी। इससे न केवल शोधार्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि यह विंध्य क्षेत्र को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से वैश्विक पहचान दिलाने में भी मददगार होगा।

## बच्चों को सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने की समझाइश दी

**रीवा।** कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न सप्ताह मनाए जाने के क्रम में कार्यशाला का आयोजन जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजी में किया गया। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर मिथिलेश यादव द्वारा बच्चों को साइबर सिक्योरिटी के बारे में विस्तार से बताया गया। बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव द्वारा ने पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया बताया। उन्होंने कहा कि किसी कार्यालय में आंतरिक परिवाद समिति का गठन न किया गया हो तो पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। कार्यक्रम में बेनिसन हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला द्वारा बच्चों को आत्मनिर्भर बनने एवं सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने की समझाइश दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मिहिर पाण्डेय, डीन -अनुभव पांडे, रजिस्ट्रार -जे एस परिहार, सीनियर फैकल्टी -प्रोफेसर अनीता त्रिवेदी एवं अमर सिंह सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने प्रदान की व्हील चेयर

**रीवा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी द्वारा नव निर्मित नवीन न्यायालय भवन में दिव्यांग पक्षकारों के न्यायालय परिसर मे न्यायालय कक्ष मे एवं अन्य अनुभागों में आवागमन को सुलभ एवं सुगम बनाने हेतु नवीन न्यायालय भवन को एक व्हील चेयर प्रदान की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान द्वारा दिव्यांग पक्षकारों के न्यायालय परिसर में आवागन में समस्या को ध्यान रखते हुये व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चत कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया था। तदनुक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चेयर मैन प्रभाकर चतुर्वेदी द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश को एक व्हील चेयर सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शिवानी शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, एवं अन्य जन उपस्थित रहे।

# भारत नाम के प्रयोग के लिए कुलगुरु का गुजरात में होगा सम्मान

### पद्भार संभालते ही लिया था निर्णय, पत्रचार में विक्रम संवत तिथि भी

**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया का सम्मान गुजरात विश्वविद्यालय में किया जाएगा। इसके लिए उन्हें आमंत्रण भेजा गया है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा यह सम्मान कुलगुरु को दिया जाएगा। कुलगुरु को यह सम्मान उनके द्वारा पदभार संभालते ही विवि के पत्राचारों में इंडिया की जगह भारत का नाम का उपयोग करने व हर पत्राचार में विक्रम संवत तिथि दिए जाने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली और विवि द्वारा लिया गया यह निर्णय चर्चाओं में रहा। अब इसी को लेकर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आगामी 27 दिसंबर को शाम 5 बजे कन्वेशन हॉल वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय में सम्मान किए जाने को लेकर आमंत्रण भेजा गया है। उक्त पत्र में राष्ट्रीय सचिव डॉ.अतुल कोठारी ने लिखा है कि राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के द्वारा जी-20 सम्मेलन में अंग्रेजी भाषा में भी भारत नाम का प्रयोग करके जिस प्रकार सभी भाषाओं में देश का नाम भारत प्रयोग करने का संदेश दिया गया था, उसी भावना के अनुसार कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया द्वारा भारत राष्ट्र के गौरव अनुकूल सभी भाषाओं में अपने गौरवमय राष्ट्र का राम केवल भारत प्रयोग में लाने का जो निर्णय लिया गया है, वह स्तुत्य है। निश्चय ही सभी भाषाओं में देश के प्राचीन एवं गौरवमय नाम भारत को अपनाने से देश का गौरव बढ़ेगा।

## एसपी मेमोरियल कान्वेंट में हुई जूनियर वार्षिक खेल प्रतियोगिता

NUAL SPORTS MEET AND GAM
ORT FELICITATION

**रीवा।** एस.पी. मेमोरियल कान्वेंट एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल, रतहरी में कक्षा 5वीं तक के बच्चों के लिए आयोजित जूनियर वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण समापन हुआ। इसी अवसर पर राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 'रीवा प्रो लीग' (खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं हैंडबॉल) के 27 दिसंबर से होने वाले शुभारंभ की भी औपचारिक घोषणा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था संस्थापक मास्टर बुद्धसेन पटेल एवं सह-संस्थापक कमला पटेल ने परंपरागत रूप से मशाल प्रज्ज्वलन कर खेलों का शुभारंभ किया। खेलों का सफल संचालन संस्था संचालक एड. अभिषेक पटेल जी के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर संस्था संचालक एड. अभिषेक पटेल ने आगामी रीवा प्रो लीग की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों को प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया। समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों एवं अभिभावकों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जीडीसी में संगोष्ठी का आयोजन

**रीवा।** समाजशास्त्र विभाग, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा द्वारा विकसित भारत की संकल्पना चुनौतियाँ एवं मुद्दे विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एम.ए. एक वर्षीय पाठ्यक्रम की छात्राओं द्वारा अपने-अपने परियोजना कार्यों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया, जिसे उपस्थित शिक्षकों एवं छात्राओं ने सराहा। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी की संयोजक एवं अध्यक्ष समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रचना श्रीवास्तव रहीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह मौजूद रहे।

आवश्यकता है
ऑफीसियल कार्य हेतु
चपरासी - 1 पद
वेतन- योग्यतानुसार
संपर्क सूत्र :
मो.: 8982379989
दैनिक जागरण कार्यालय आकर मिलें
(समय- 11 -6 बजे के बीच)

महिला संबंधी सभी समस्याओं का उपचार
अनियमित माहवारी, P.C.O.D, बांझपन, ऑपरेशन, डिलीवरी, गर्भाशय की गांठ
डॉ. एच.एन.सिंह
MBBS, DGO
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ, एल.टी.टी. सर्जन
दिन- बुध, गुरू, शुक्र, शनि एवं रविवार को रीवा में
दिन- सोम एवं मंगल को मऊगंज में
लगभग 1 लाख LTT ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध परामर्श
- मीनोपाज
- परिवार नियोजन
- यूरिन संक्रमण
- गर्भधारण संबंधी समस्या
- किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या
आयुष्मान मेडिकल स्टोर
उप्पल मोटर्स नेहरू नगर रोड, नया बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
✆ 9074442005

## सुबह 10 बजे से पूर्व नहीं लगेंगी स्कूलें

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के तापमान में अचानक आई गिरावट के कारण विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी शासकीय-अशासकीय अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई तथा माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से संचालित विद्यालय में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक का संचालन सुबह 10 बजे से पूर्व न किया जाए।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल
निविदा सूचना 28 वर्ष 2025-26 भोपाल, दिनांक 04/12/2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2025_PWDRB_466104_1 | बरौली से सेमराकलां मार्ग लंबाई-3.350 कि.मी. का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 345.79 |
| 2 | 2025_PWDRB_466105_1 | बडली बरखेडी देव मार्ग लंबाई-7.10 कि.मी. के सुदृढीकरण कार्य। | द्वितीय | 478.77 |
| 3 | 2025_PWDRB_466106_1 | गांधी नगर से डोबरा मार्ग एवं आशाराम बापू चौराहा से अचारपुरा मार्ग कुल लंबाई-9.60 कि.मी. का नवीनीकरण कार्य। | द्वितीय | 446.63 |
| 4 | 2025_PWDRB_466110_1 | तारा सेवनियां से चंदूखेडी मार्ग एनएच-12 से बरखेडा बोंदर फॉरेसिंक लैब मार्ग एवं बीनापुर माता बेदरी, देवपुर शाहपुर मार्ग लंबाई-11.20 कि.मी. का नवीनीकरण कार्य। | द्वितीय | 371.94 |
| 5 | 2025_PWDRB_466112_1 | गांधी नगर पार्क तिराहा, लेफ्ट टर्न ज्योति टॉकीज चौराहा चेतक ब्रिज के पास, लेफ्ट टर्न मदाकिनी (अंहिसा चौक स्क्वायर कोलार रोड), नेहरू नगर चौराहा मुख्य मार्ग क्रमांक-3 एवं पी.एन.टी. की ओर लेफ्ट टर्न, नेहरू नगर से चुना भट्टी रोड ब्लैक स्पॉट एवं (बायां मोड) लेफ्ट टर्न, पी.एच.क्यू तिराहा, शब्बन चौराहा, काली मंदिर तिराहा (तलैया थाना), मनीषा मार्केट तिराहा प्रशासन अकादमी की ओर लेफ्ट टर्न ब्लैक स्पॉट का उन्नयनकरण कार्य। | चतुर्थ | 204.75 |
| 6 | 2025_PWDRB_466113_1 | सर्वेक्षण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक बी-10, बी-21, बी-9 में लघुमूल गौण कार्य। | द्वितीय | 60.00 |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 29/12/2025 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G- 23245/25

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल

एन बी सी सी
NBCC
A Navratna CPSE
ASPIRE
माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित
ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट

एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट

एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.12.2025
ई-नीलामी 29.12.2025 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
7 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414
कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें:

# काले हिरण के शिकार का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

## लंबे समय से लोकेशन की जा रही थी ट्रैस, रायसेन में पकड़ा गया

**जागरण, रीवा।** वन परिक्षेत्र रीवा के गुढ़ सर्किल अंतर्गत बीते 24-25 अक्टूबर की दरम्यानी रात घटित काला हिरण (वन्यप्राणी) के शिकार प्रकरण में लगभग दो माह से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी रामपाल यादव को वन विभाग द्वारा मंडीदीप जिला रायसेन से गिरफ्तार कर लिया गया है। बीटगार्ड आशुतोष पांडेय द्वारा सुदृढ़ सूचना तंत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई व अनिल कुशवाहा कार्यवाहक वनपाल/ परिक्षेत्र सहायक द्वारा पिछले एक सप्ताह से निरंतर तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए लोकेशन पर सतत निगरानी रखी गई, इस दौरान साइबर सेल के टीआई वीरेंद्र कुमार पटेल के सहयोग से मोबाइल लोकेशन प्राप्त की जाती रही। लोकेशन भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर होने के कारण उपयुक्त समय की प्रतीक्षा की गई। इसी क्रम में वन मंडल अधिकारी रीवा के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्राधिकारी अंबुज नयन पांडे के निर्देश पर गुढ़ सर्किल के बीटगार्ड श्री अखिलेश पटेल एवं नरेंद्र पांडेय वन रक्षक चालक उमेश तिवारी को रवाना किया गया। प्राप्त लोकेशन के आधार पर सोमवार को विशनखेड़ा टोल प्लाजा से लगभग एक किलोमीटर दूर सड़क किनारे खड़े ट्रक में सो रहे आरोपी रामपाल यादव को अखिलेश पटेल वनरक्षक ने अब्दुल्लागंज वन मंडल टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश करने के उपरांत जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में एसडीओ रीवा हितेश खंडेलवाल का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने रायसेन एवं अब्दुल्लागंज वनमण्डलों से निरंतर समन्वय स्थापित कर वहां की वन अमले की टीम के माध्यम से गिरफ्तारी सुनिश्चित कराई।

---

**ओबीसी महासभा ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन :** लोही में प्रशासन द्वारा एक मकान को धराशाई किए जाने के बाद अब भवन स्वामी सहित ओबीसी महासभा के लोगों ने रीवा कमिश्नर कार्यालय पहुंचे कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों ने बताया कि लोही निवासी रामनाथ का मकान स्टे होने के बावजूद भी जबरन तहसीलदार और पुलिस की मौजूदगी में गिरा दिया गया।

---

## CHANGE OF NAME

I, No 13992959X Vinod Kumar Soni Ex – NK Resident of Village Jhanjhar Post Padariya via Manikwar Tehsil – Raipur Karchulian ,Distt – Rewa (M.P) state that name of my spouse in Army Records is Sunita Kumari which is wrong. Her correct name is Sunita Soni . Now the name of my spouse write, read and known as Sunita Soni.

RN- 82970

**Vinod Kumar Soni**

---

## CHANGE OF NAME

I, No 14594365K Rajendra Prasad Patel Ex-Naik Resident of Village Panchpadiya Tola Tikar Post Supiya Tehsil-Huzur ,Distt – Rewa (M.P) state that name of my spouse in Army Records is Kirti Veti which is wrong. Her correct name is Kirti Wati. Now the name of my spouse write, read and known as Kirti Wati.

RN- 82971

**Rajendra Prasad Patel**

---

## M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal–462011 (M.P.)
Ph. : 0755-2518300, Web. : www.mpsedc.mp.gov.in
E-mail : marketing@mpsedc.com

### NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender:

| S. No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1. | MPSEDC/ E-Waste/ 2025/663 | RFP for Empanelment of Authorized E-Waste Management Agencies for Asset Disposal and Secure Degaussing Services on Rate Contract. |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on M.P. Tender Portal **www.mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/123621/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER**

---

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक–879/ई–टेंडर/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 22.12.2025

### //निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_470104_1<br>22.12.2025<br>[FIRST CALL]<br>876/22.12.2025 | जोन क्रमांक 02 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 08 बोदाबाग में मुक्तिधाम का निर्माण का कार्य। | 03 माह<br>₹23.19 लाख | ₹5000.00<br>₹17,393.00 | 23.01.2026<br>18:00<br>बजे तक |
| 2. | 2025_UAD_470105_1<br>22.12.2025<br>[FIRST CALL]<br>877/22.12.2025 | जोन क्रमांक 02 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 18 में सांई मंदिर से मनकामना महादेव मंदिर तक बाउण्ड्रीवाल निर्माण का कार्य। | 02 माह<br>₹14.76 लाख | ₹2000.00<br>₹11,070.00 | 23.01.2026<br>18:00<br>बजे तक |
| 3. | 2025_UAD_470107_1<br>22.12.2025<br>[FIRST CALL]<br>878/22.12.2025 | जोन क्रमांक 02 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 18 में रेवांचल बस स्टैण्ड के मरम्मत का कार्य। | 02 माह<br>₹10.46 लाख | ₹2000.00<br>₹7,845.00 | 23.01.2026<br>18:00<br>बजे तक |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जोन क्रमांक –02
नगर पालिक निगम,
रीवा (म.प्र.)

---

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक वाहन प्रशिक्षण शाला रीवा (म.प्र.)

### ।। विज्ञापन ।।

इकाई पुलिस वाहन प्रशिक्षण शाला रीवा के क्वार्टर मास्टर स्टोर में शासकीय अनुपयोगी कंडम सामग्री लोहा, चद्दर एवं फाईबर मिक्स वर्तमान में जैसी स्थिति में है की नीलामी दिनांक 31/12/2025 को 12.00 बजे कार्यालय एमटीएस नौबस्ता जिला रीवा में किया जाना है। नीलामी की शर्तें निम्नानुसार है :–

1. नीलामी का स्थान एमटीएस नौबस्ता कैंप छिजवार जिला रीवा म.प्र.।
2. धरोहर राशि 10,000/–रू. प्रत्येक बोलीकर्ता के लिये दिनांक 30/12/2025 के सायं के 500 बजे तक कार्यालय एमटीएस जिला रीवा में जमा करना होगा नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर असफल बोलीदार की धनराशि नीलामी स्थल पर वापस कर दी जाएगी।
3. अंतिम बोली स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार नीलामी कमेटी अध्यक्ष का निर्णय मान्य होगा।
4. बोली स्वीकृत होने पर नीलामी की संपूर्ण धनराशि नीलामी स्थल पर ही जमा करनी होगी तथा सामग्री का लाट जहां/जिस स्थिति में है बोलीदार को अपने अधिपत्य में लेना होगा।
5. अन्य उपयोगी सामग्री जहां/जिस हालत में होगी नीलाम किया जावेगा बोलीदार बोली लगने के पूर्व दिनांक 20/12/25 से दिनांक 30/12/25 तक 11 बजे से 1600 बजे के बीच देख सकते हैं।
6. अंतिम बोली स्वीकृत होने पर अंतिम बोलीदार यदि सामग्री लाट को अपने अधिपत्य में नहीं लेता है तो धरोहर राशि राजस्व के रूप में बोलीदार को बिना सूचना दिये धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी और दूसरे बोलीकर्ता को सामग्री लाट को अधिपत्य में दिया जावेगा।
7. नीलामी की अन्य कोई शर्तें हुई तो नीलामी दिनांक नीलामी स्थल पर सूचित कर दिया जावेगा।

कंडम सामग्री अनुसार नीलामी कराई जानी है :–

| | | |
|---|---|---|
| अनुपयोगी कंडम सामग्री पीतल, एल्युमिनियम लोहा, चद्दर एवं फाईबर मिक्स | बजन 44 क्विंटल | रिमार्क |

G-23240/25

पुलिस अधीक्षक
एमटीएस रीवा ( म.प्र. )

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 324 प्रवा./भू–अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:–

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :–
जिला – मऊगंज
तहसील – मऊगंज
ग्राम – पहाडी धनीराम
क्षेत्रफल – 0.001 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 165 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु। 2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23212/25

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 294 प्रवा./भू–अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:–

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :–
जिला – मऊगंज
तहसील – मऊगंज
ग्राम – शुकुलगंवा 993
क्षेत्रफल – 0.001 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 103 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु।
2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23164/25

---

# बिछिया रोड पर लगा जाम, सायरन बजाते रहे एम्बुलेंस चालक

**रीवा।** शहर के बिछिया क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब आधा घंटा से अधिक समय तक जाम लगा रहा। दोनों ओर से वाहनों की कतार लगी हुई थी वहीं अस्पताल के अंदर से आने वाले वाहनों के कारण वाहनों के चके वहीं थम गए। पुलिस कर्मी यहां की व्यवस्था बनाते रहे, किन्तु ऑटो चालक बीच में ही सवारियों के लिए अपने ऑटो व रिक्शा खड़े कर व्यवस्था चरमराते रहे। वहीं बाइक चालकों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी, कहीं पर भी वाहन घुसा देते या मोड़ देते जिससे जो वाहन रेंग रहे थे उन्हें भी रोकना पड़ गया। वहीं अस्पताल जाने व वहां से आने वाली आधा दर्जन एम्बुलेंस के चालक फंसे सायरन बजाते रहे।

---

## कार्यालय नगर परिषद गुढ़ जिला- रीवा (म.प्र.)

Office of The Nagar Parishad Gurh Dist. Rewa (M.P.)

Address:- Ward No.-12 Gurh
Dist.- Rewa (M.P.) Pin No. 486553
Email: cmogudh@mpurban.gov.in

क्र./2138/स्था./न.परि./2025 गुढ़ दिनांक 23.12.2025

### इश्तहार (अंतिम - सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री रामकलेश पटेल मस्टर श्रमिक (मजदूर) आपको इस कार्यालय के आदेश क्रमांक–1913 दिनाँक 03.11.2025 द्वारा श्रमिकीय सेवा से पृथक कर दिया गया था। आपके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका क्रमांक–W.P.NO.46755/2025 प्रस्तुत की गई थी जिसमे दिनाँक 05.12.2025 को स्थगन दिया गया था। आपके द्वारा दिनाँक 08.12.2025 को कार्यालय मे उपस्थिति दी गई जिसके पालन मे दिनाँक 08.12.2025 को ही उपस्थित कराया जाकर आदेश क्रमांक–2088 दिनांक 08.12.2025 द्वारा कार्य आवंटित किया गया जिसमें पावती स्वरूप आपके हस्ताक्षर मौजूद है। दिनांक 09.12.2025 से आप निरतंर कर्तव्य से अनुपस्थित है। कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक–2111 दिनांक 15.12.2025, द्वितीय पत्र क्रमांक–2122 दिनांक 19.12.2025, तृतीय एवं अंतिम नोटिस पत्र क्रमांक–2133 दिनांक 22.12.2025 द्वारा 03 नोटिस दिये जाने के बावजूद भी आप कर्तव्य से अनुपस्थित है। पुन: समाचार पत्र मे इश्तहार के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आप तत्काल अपने कर्तव्य पर उपस्थित होकर कार्य संपादित करें अन्यथा समस्त जबावदारी आपकी व्यक्तिगत होंगी।

मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद गुढ़
जिला–रीवा (म.प्र.)

---

## M.P. POWER GENERATING COMPANY LTD.

Office of Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Distt,- Rewa (M.P.)
E-mail : eehqthc@gmail.com

### NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)

M.P. power Generating Co. Ltd. Invites e-tenders from reputed contractor/firm on Percentage rate basis for the works as detailed below :-

| Tender No. | Name of Work | Estimated Cost/ Tender Cost (in Rs.) | EMD in Rs. | Date & Time for Closing of Online Submission | Date & Time E-Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_MPPGC_459876_1 | Renovation of Camping House of Deolond colony at PH-IV, Deolond. | 30.77 Lakh/ 1,000 | 61,600/- | 09.01.2026 Up to 15.30 Hrs. | 13.01.2026 Up to 15.30 Hrs. |

For detailed NIT, eligibility criteria, Other terms & conditions of tender document & for any extension of due date/corrigendum/addendum etc. shall be available only on E-tendering website **www. mptenders.gov.in** and shall not be issued in print media .

M.P.Madhyam/123634/2025 **//Save Electricity//** **ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)**

---

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./रीवा/रनि./4005/2025 दिनांक–16/12/2025

### -: खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति :-

जिला रीवा में वित्तीय वर्ष 2025–26 आवासीय भवनो की मरम्मत मद में कार्य कराने की प्रशासकीय स्वीकृति एंव बजट प्राप्त हुआ है। मरम्मत कार्य पंजीकृत निर्माता (ठेकेदार) से कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गयी है। इच्छुक निविदाकर्ता मरम्मत कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 31/12/2025 के 12.00 बजे रक्षित निरीक्षक कार्यालय जिला रीवा में निविदाकर्ता प्रतिनिधि एवं क्रय/कार्य समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 60 पुलिस आवासीय कॉलोनी समुदायिक भवन ब्लॉक नं A एवं ब्लॉक नं B मे प्लास्टर मरम्मत, पुट्टी एवं पुताई कार्य | 4,99,060/– | 14972/– | 15 दिवस |

समय सारणी:–

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 17/12/2025 के 14.00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 17/12/2025 के 14.00 बजे |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 30/12/2025 के 14.00 बजे |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक | 31/12/2025 के 12.00 बजे |

( शैलेन्द्र सिंह चौहान ) भा.पु. से
पुलिस अधीक्षक
जिला रीवा

G-23198/25

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

### -: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 350 प्रवा./भू–अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:–

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :–
जिला – मऊगंज
तहसील – मऊगंज
ग्राम – कीर्तिया कोठार
क्षेत्रफल – 0.001 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 45 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु।
2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23178/25

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 255 प्रवा./भू–अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 04/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:–

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :–
जिला – मऊगंज
तहसील – नईगढ़ी
ग्राम – बहेरा 710
क्षेत्रफल – 0.002 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 519 | 0.001 |
| 2 | 421 | 0.001 |
| 3 | 245 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है–''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु। 2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23167/25

---

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग. (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 10/एस.ए.सी./अनूपपुर/2025–26 अनूपपुर, दिनांक 16/12/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रू.लाख) | टेण्डर फार्म की राशि | धरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB_468411_1 | अनूपपुर | 24–5054 प्लान मद | सर्किट हाउस पाल बंगला मेन रोड अमरकंटक लंबाई 1.40 कि.मी. का निर्माण कार्य | प्रथम | 345.48 | 15000/- | 345480/- | 05 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 2 | 2025_PWDRB_468943_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | तहसील न्यायालय भवन कोतमा में शौचालय का निर्माण कार्य | प्रथम | 3.51 | 2000/- | 7020/- | 02 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म0प्र0) |
| 3 | 2025_PWDRB_468946_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | तहसील न्यायालय भवन राजेन्द्रग्राम में शौचालय का निर्माण कार्य | प्रथम | 3.51 | 2000/- | 7020/- | 02 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म0प्र0) |
| 4 | 2025_PWDRB_468950_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | तहसील न्यायालय भवन कोतमा में रंगाई पोताई एवं मरम्मत का कार्य | प्रथम | 5.40 | 2000/- | 10400/- | 02 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म0प्र0) |
| | | | | कुल योग 04 नग | | 357.90 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 17.12.2025(17.30 पी.एम.) से अंतिम तिथि 31.12.2025,(17.30 पी.एम.) तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन स्केन कर अपलोड किये जावें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

G-23238/25

---

## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स
दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

### ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17) सूचना

**फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग कार्यक्रम बी/डी फार्मेसी, फार्म-डी, फार्म-डी (पीबी), एम. फार्मेसी एवं लेटरल एण्ट्री (बी. फार्मेसी)**
**(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/ स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा **Miscellaneous Application D.No. 72501 of 2025** में दिनांक 19.12.2025 को दिये गये निर्णय के परिपालन में फार्मेसी पाठ्यक्रमों में संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश हेतु पंजीयन एवं प्रवेश तिथि निम्नानुसार रहेगी।

**संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)**
**काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये**

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय |
|---|---|
| 24.12.2025 से 27.12.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 26.12.2025 एवं 27.12.2025 प्रातः 10:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 28.12.2025 से 30.12.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 30.12.2025 प्रातः 10:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 31.12.2025 दोपहर 12:00 बजे तक | 31.12.2025 प्रातः 10:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, मेरिट के अनुसार प्रवेश किया जा सकेगा।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तिकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441**

**ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

म.प्र. माध्यम/123626/2025 **अतिरिक्त संचालक**

---

सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

---

# डॉ नागेंद्र सिंह को पुत्र शोक

**रीवा।** टी आर एस कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष व जाने माने साहित्यकार विंध्य क्षेत्र के प्रथम डी लिट नागेंद्र सिंह के इकलौते पुत्र अभिषेक सिंह 45वर्ष का कोलकाता के एक हॉस्पिटल में विगत दिवस निधन हो गया। वह कई महीनों से लीवर की बीमारी से पीड़ित थे। गृह ग्राम फरेदा में उनके 13वर्षीय पुत्र ने दाह संस्कार किया। अभिषेक के असामयिक निधन पर गांव व परिवार दुखी हैं, उनकी मृतात्मा की शांति व परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गयी है।

लोन
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा
संभाग में विशेष लोन
व्यवसाय मुद्रा लोन, आधार
कार्ड, मार्केशीट, पर्सनल,
कृषि लोन और सभी
प्रकार के लोन 2% ब्याज 50%
छूट (एजेंट आमंत्रित है) संपर्क -
8962086944

---

# कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/9391/राजस्व/2025 विदिशा, दिनांकः-13/11/2025

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा क्र. | ई-टेंडर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | ऑफर नीलामी बोली न्यूनतम | अमानत राशि | ई निविदा प्रपत्र का मूल्य | राशि जमा की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9391 | 2025_UAD_470232_1 | Auction of shop plots, for A 01 to A 48, each measuring 130 square feet;26 shop located on Ahmedpur Road, front side of atal park vidisha | I Call | 500000.00 | 5000.00 | 2000.00 | 01 Month | 05/01/2026 |

1-निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा

## संक्षिप्त खबरें

### बैंको में भी फाइव डे वर्किंग लागू करने की मांग

राजधानी भोपाल में बैंक कर्मियों का प्र...
मांग
पाँच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने मंगलवार को भोपाल समेत सभी राच्यों की राजधानियों में अपनी मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। बैंक कर्मियो की मांग हैं कि केंद्र और कई राच्यों की सरकार की तर्ज पर सप्ताह में सभी सरकारी बैंकों में पांच दिन काम (फाइव डेज वर्किंग) की व्यवस्था लागू की जाए। राजधानी में सैकड़ों की संख्या में बैंक अधिकारी और कर्मचारी शाम को अरेरा हिल्स स्थित यूको बैंक के जोनल ऑफिस के सामने एकत्र हुए। यहां प्रदर्शनकारियों ने पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह को तत्काल लागू करने के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद एक सभा का भी आयोजन हुआ। इसमें फोरम के प्रांतीय समन्वयक वीके शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि बैंकिंग उद्योग के 10 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों पर काम का तनाव और दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिसे देखते हुए इस मांग को जल्द पूरा किया जाना चाहिए। 2015 में केंद्र सरकार ने देश के सभी सरकारी बेंको में हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी तय की थी। उस समय सरकार ने दावा किया था कि बाद में पहले और तीसरे शनिवार को भी अवकाश का दायरा बढ़ाया जाएगा।

### दृष्टि बाधित छात्रा से अभद्रता पर भाजपा ने दिया नोटिस

**विसं भोपाल।** जबलपुर में एक नेत्रहीन छात्रा के साथ भाजपा नेत्री अंजू भार्गव द्वारा अभद्रता किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। इस पर भाजपा ने उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है,जिसमें जबलपुर महानगर की भाजपा उपाध्यक्ष अंजू भार्गव एक नेत्रहीन छात्रा से अभद्रता करती नजर आ रही हैं। बताया गया है कि कुछ हिंदूवादी संगठनों को सूचना मिली थी कि नेत्रहीन बच्चों का धर्मांतरण किया जा रहा है। सूचना पाकर हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची भाजपा नेता अंजू भार्गव ने चल रहे पूरे कार्यक्रम को रुकवा कर हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो वायरल होने के उपरांत जबलपुर महानगर के जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने एक अंजू भार्गव को नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर जवाब मांगा है।

### जनप्रतिनिधियों ने जेपी नड्डा का भोपाल में किया स्वागत

**विसं भोपाल।** धार और बैतूल के कार्यक्रम में भाग लेकर दिल्ली लौट रहे केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का भोपाल एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने आत्मीय स्वागत किया। नड्डा के मंगलवार की शाम बैतूल से स्टेट हैंगर भोपाल पहुंचे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, विधायक भगवान दास सबनानी,भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती के अलावा सरकार के मंत्री गण और जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया ।

# प्रदेश में कर्मचारियों की श्रेणी समाप्त करने कैबिनेट के निर्णय पर वित्त विभाग की मुहर

## आदेश के विरोध में कर्मचारी करेंगे आंदोलन और मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में कर्मचारियों की श्रेणियों को लेकर लिए गए निर्णय के बाद वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जिसके तहत वर्ष 2027 तक कर्मचारियों की कई श्रेणियों को समाप्त करने की बात कही गई है।

गौरतलब है कि डॉ. मोहन कैबिनेट ने वर्ष 1960 के शासकीय सेवक( अस्थायी एवं अर्ध –स्थायी सेवा) नियम को समाप्त करने का निर्णय लिया था,जिसकी वजह से प्रदेश में नियमित कर्मचारियों में स्थायी और अस्थायी की श्रेणी नहीं होगी। इसी तरह प्रदेश के स्थाई कर्मी,दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारियों एवं श्रमिक जैसे पद समाप्त कर दिए गए। इसी तरह आदेश में प्रदेश में आउट सोर्स कर्मचारी श्रेणी को समाप्त करने की बात भी कही गई है।

आदेश में कहा गया है कि आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए कोई पद सृजित नहीं माना जाएगा। उनकी नियुक्ति निजी एजेंसियों के माध्यम से की जाएगी। आउट सोर्स सेवाएं चरणबद्ध रूप से मार्च 2027 तक समाप्त कर इनके स्थान पर जरूरत होने पर नियमित कर्मचारी की ही भर्ती की जाएगी। जानकारों की माने तो वर्तमान में प्रदेश में 3 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी, अधिकारी कार्यरत है। पिछले कुछ वर्षो में विभागों में भर्तियां नहीं होने की वजह से विभिन्न सरकारी विभागों, निगम मंडलों के साथ बिजली कंपनियों व कई उपक्रमों की व्यवस्थाएं आउट सोर्स कर्मचारियों के भरोसे ही चल रही है।

### कर्मचारियों ने जताया विरोध,28 को आंदोलन

वित्त विभाग के आदेश के बाद सरकार के निर्णय का विरोध करने वाले कर्मचारी संगठनों में खलबली मच गई है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय का पुरजोर विरोध का मन बनाया है। विभिन्न कर्मचारी मंचों द्वारा अपने-अपने स्तर पर सरकार के इस फैसले के खिलाफ कदम उठाया जा रहा है। इसी तरह मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने 28 दिसम्बर को भोपाल के तुलसी नगर स्थित अंबेडकर जयंती मैदान आंदोलन करने का निर्णय लिया है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडेय ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से राज्य के डेढ़ लाख कर्मचारी प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन कर्मचारी एवं श्रमिक वित्त विभाग द्वारा जारी किए गए पद समाप्त करने वाले ताजे आदेश के विरोध में 28 दिसंबर को आंदोलन करेंगे और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपेंगे। सरकार ने इस मामले में कर्मचारियों को भरोसे में नहीं लिया और न ही उनसे इस मामले में किसी भी तरह की राय ली गई है। मंत्रिपरिषद में चुपके से प्रदेश के स्थाई कर्मियों के पदों को संखकेतर घोषित करके बंधुआ मजदूर बना दिया है वहीं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के पद समाप्त करके सरकार ने प्रदेश की दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अधिकार विहीन कर दिया है । उन्होंने कहा कि अंशकालीन कर्मचारी के पद समाप्त करके अंशकालीन कर्मचारी का भविष्य अंधकार में कर दिया है प्रदेश की श्रमिकों के श्रम अधिकार का हनन किया है।

# विधानसभा को हाईटेक करने की ट्रेनिंग, विधायकों की लो-अटेंडेंस

## वन नेशन वन एप्लिकेशन के तहत हुआ था प्रशिक्षण

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा को डिजिटल अवतार के रूप देने के लिए मंगलवार को विधायकों की ट्रेनिंग हुआ। देश की विधायी व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए वन नेशन-वन एप्लिकेशन के तहत विधायकों को पेपरलेस विधानसभा की ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया था। हालांकि तकनीकी प्रशिक्षण के लिए प्रदेश के विधायकों का उत्साह कुछ कम नजर आया। 230 सदस्यों वाली विधानसभा से प्रशिक्षण लेने केवल 74 विधायक ही विधानसभा के मानसरोवर सभागार पहुंचे। इस दौरान यहां ट्रेनिंग के लिए आए पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने इस ट्रेनिंग के दौरान कई सवाल भी पूछे जिसका जवाब एक्सपर्ट ने देने की कोशिश की। अब विधानसभा की कार्रवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। यूपी की तर्ज पर अब एमपी विधानसभा की कार्यवाही भी ऑनलाइन लाइव देखी जा सकेगी। प्रशिक्षण के बाद बाहर निकले जौरा विधानसभा सीट से से कांग्रेसी विधायक पंकज उपाध्याय ने इस प्रशिक्षण से नाराजगी जताई। उन्होंने इस ट्रेनिंग की तुलना खाली कॉपी के पन्ने पलटने से कर दी। उपाध्याय ने आरोप लगाया कि ट्रेनिंग देने वाले अफसरों की तैयारी अधूरी थी और सॉफ्टवेयर में जरूरी डेटा ही मौजूद नहीं था।

### मंत्री बोले- यह डिजिटल युग की जरूरत

एक तरफ जहां विपक्ष ने कमियों को गिनाया वहीं राच्यमंत्री कृष्णा गौर सहित कई मंत्रियों ने इसे एक बेहतर अनुभव बताया। मंत्रियों का मानना है कि अब प्रश्न लगाने से लेकर मत विभाजन (वोटिंग) तक की प्रक्रिया टेबलेट के जरिए होगी, जिससे न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि कागजों की भी भारी बचत होगी। नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो देश की सभी 37 विधानसभाओं को एक सूत्र में पिरोता है। इसके लागू होने के बाद विधायक अपने टेबलेट पर एक क्लिक के जरिए पुराने रिकॉर्ड, रिपोर्ट और अन्य राज्यों की विधायी प्रक्रिया देख सकेंगे।

# पुलिस क्लेरिकल स्टाफ के ट्रांसफर पर सख्ती, पुरानी जीओपी निरस्त

## सीनियरिटी छोड़ने के बाद भी दूसरे संवर्ग में नहीं होगा तबादला

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस विभाग में कार्यरत लिपिकीय (क्लेरिकल) स्टाफ के ट्रांसफर के नियमों में अब सख्ती कर दी है। डीजीपी कैलाश मकवाणा द्वारा मंगलवार को जारी आदेश के मुताबिक अब पुलिस के क्लेरिकल स्टाफ एवं स्टेनो का स्थानांतरण उनके द्वारा दिए गए आवेदन या आपसी सहमति के आधार पर नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही इस कैडर के कर्मचारियों को सीनियरिटी त्याग कर एक से दूसरे संवर्ग (अन्य जिले या यूनिट)में तबादले पर भी रोक लगा दी गई है। पीएचक्यू ने इस संबंध में 1993 में बनाई गई जीओपी के अनुसार आपसी सहमति के जरिए या सीनियरिटी छोड़ने पर क्लेरिकल स्टाफ को मनचाहे स्थान पर ट्रांसफर कर दिया जाता था।

POLICE HEADQUARTERS

### पीएचक्यू अपनी मर्जी से करेगा तबादला

प्रदेश की पुलिस में क्लेरिकल स्टाफ के 3000 पद हैं। इनमें अधिकांश पदों पर अनुकंपा नियुक्ति के जरिए भर्ती हुई हैं। इन पदों पर भर्ती के दौरान ही आवेदकों से उनका पसंदीदा जिला या नियुक्ति स्थल पूछ लिया जाता है। पुलिस के क्लेरिकल स्टाफ में एसआई-एम, एएसआई-एम और स्टेनो के पद होते हैं जो दफ्तरों के पत्राचार और का काम-काज देखते हैं।

### रेडियो शाखा में भी संवर्ग परिवर्तन पर लगी रोक

इससे पहले पुलिस दूरसंचार मुख्यालय ने भी एक अहम फैसला लेते हुए पुलिस रेडियो शाखा के कुक, वेल्डर जैसे ट्रेडों से आरक्षक (रेडियो) के संविलियन और संवर्ग परिवर्तन पर रोक लगा दी है। डीजीपी कैलाश मकवाणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार 2001 से इस संबंध में प्रभावी जीओपी को निरस्त किया गया है । पीएचक्यू के अनुसार जनरल ड्यूटी आरक्षक (रेडियो) और इसी ब्रांच के अन्य आरक्षक ट्रेड (जैसे कुक, नाई, मोची, आदि) की भर्ती प्रक्रिया और चयन के मानकों में बड़ा अंतर है। आरक्षक (रेडियो) बनने के लिए 10+2 (विज्ञान) के साथ ही एक अतिरिक्त तकनीकी लिखित परीक्षा भी पास करना अनिवार्य है । अन्य तकनीकी ट्रेडों के कट-ऑफ अंक आरक्षक (रेडियो) की तुलना में काफी कम रहते हैं।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा रिएक्शन: दिग्विजय सिंह

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बंग्लादेश में हिन्दुओं पर जो अत्याचार किए जा रहे है,वह भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुई कार्रवाईयों की प्रतिक्रिया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में जिस तरह से कट्टरपंथी ताकतें अल्पसंख्यकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है,वहीं रिएक्शन वहां पर हो रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि बंग्लादेश में सरकार बदलने के बाद वे सारे तत्व सक्रिय हो गए है,जो धार्मिक उन्माद फैलाकर राजनीति करते है। पहले इन तत्वों का बंग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और शेख मुजीबुर्रहमान द्वारा हमेशा विरोध किया जाता था।उन्होंने कहा कि बंग्लादेश में हमारे हिंदू और ईसाई भाइयों के साथ जो हो रहा है,उसकी निंदा करते है। वहां के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को जो खुद एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री हैं,उन्हें इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने किया विरोध

बंग्लादेश की घटना को लेकर मंगलवार को भोपाल में मुस्लिम समाज के नेताओं ने प्रदर्शन किया। इतवारा में ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने इसे बंग्लादेश की घटना को मानवाधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि भारत सरकार को इस मामले पर सख्त कदम उठाना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन भी किया। कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि यह विरोध किसी एक धर्म या समुदाय तक सीमित नहीं है,बल्कि इंसानियत और मानवाधिकारों के पक्ष में आवाज उठाने का प्रयास है।

# नवकरणीय क्षेत्र से 9508 मेगावॉट बन रही बिजली

**विसं भोपाल।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा है कि प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में प्रगति हुई है। अब तक 9508 मेगावॉट क्षमता हासिल की जा चुकी है। शुक्ल ने पत्रकारों से अपने दो साल के कार्यकाल में विभाग की उपलब्धियों को लेकर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 में 5.72 लाख रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में मध्यप्रदेश देश में छठवें स्थान पर है। इसमें अब तक 76 हजार घरों पर 292 मेगावॉट के सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किये जा चुके हैं। शुक्ला ने कहा कि विगत 2 वर्षों में राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति-2022 एवं यथा पुनरीक्षित मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति-2025 लागू की है। मप में बॉयो-फ्यूल प्रोजेक्ट एवं पम्पड् हाइड्रो स्टोरेज को बढ़ावा देने के लिये मध्यप्रदेश बॉयो-फ्यूल क्रियान्वयन स्कीम-2025, मध्यप्रदेश पम्पड् हाइड्रो स्टोरेज क्रियान्वयन स्कीम-2025 लागू की गई।

# प्रदेश के जिला अस्पतालों को निजी हाथों में दे रही है सरकार: पटवारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। राज्य के जिला अस्पतालों को निजी हाथों में दिया जा रहा है,जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं कहते है कि देश को बिकने नहीं दूंगा। पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन प्रदेश के विज़न और अपने ही वचन पत्र की अधूरी गारंटियों पर चर्चा करने के बजाय सरकार जनता को गुमराह करने में लगी है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर उनका स्वागत करते हुए उनसे सवाल किया कि आखिर प्रदेश में नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में निजी भागीदारी क्यों की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि छिंदवाड़ा मेंकफ सिरप से मासूम बच्चों की मौत का जिम्मेदार आखिर कौन है। इसी तरह इंदौर के शासकीय अस्पताल में बच्चों को चूहों द्वारा कुतरने जैसी अमानवीय घटनाएं क्यों हो रही हैं। पटवारी ने कहा कि सरकार को यह भी बताना होगा कि साइंस हाउस' घोटाले में लाखों फर्जी जांच कर सरकारी धन की लूट कैसे की गई और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी क्यों है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में दवा ज़हर बन रही हो, मासूम बच्चों को विषाक्त खून चढ़ाया जा रहा हो, नवजातों को चूहे कुतर रहे हों और अस्पतालों के आईसीयू में आग लगती हो,वहां स्वास्थ्य मंत्री की चुप्पी सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करती है।

# फर्जी आदेश केस के आरोपी जज को जमानत देने वाले सेशन जज का तबादला

**जागरण, इंदौर।** आईएएस संतोष वर्मा से जुड़े फर्जी आदेश मामला एक बार फिर चर्चा में है। इस प्रकरण में आरोपियों को जमानत देने वाले सेशन जज का तबादला कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, हाईकोर्ट जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल ने इंदौर जिला न्यायालय में पदस्थ सेशन जज प्रकाश कसेरा का तबादला आदेश जारी किया है। उन्हें इंदौर से सीधी रामपुर सेशन कोर्ट में पदस्थ किया है। यह आदेश एक दिन पहले पारित किया गया। मालूम हो कि इंदौर की एमजी रोड थाना पुलिस ने 2021 में आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ फर्जी न्यायिक आदेश तैयार करने के आरोप में केस दर्ज किया था। इस मामले में इंदौर में पूर्व में पदस्थ जज वीरेंद्र सिंह रावत और उनकी कोर्ट की टाइपिस्ट नीतू सिंह आरोपी हैं। सेशन जज प्रकाश कसेरा ने इस केस में पहले निलंबित जज वीरेंद्र सिंह रावत को अग्रिम जमानत प्रदान की थी।

# जालौर: महिलाओं के स्मार्टफोन इस्तेमाल पर लगाई गई रोक

## पंचायतों ने कैमरे वाले फोन पर लगाई पाबंदी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राजस्थान के कुछ गांवों की पंचायतों ने महिलाओं के स्मार्टफोन इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि पंचायत बैठी हुई है और एक व्यक्ति खड़े होकर पंचायत का फैसला सुना रहा है। वह कह रहा है कि महिलाओं के पास कैमरे वाला मोबाइल फोन नहीं होना चाहिए। वे सिर्फ कॉल करने के लिए बिना कैमरे वाला फोन रख सकती हैं।

मामला राजस्थान के जालौर का है। चौधरी समुदाय की सुंधामाता पट्टी पंचायत ने मोबाइल की लत का हवाला देकर महिलाओं और लड़कियों के लिए स्मार्टफोन इस्तेमाल करने पर बैन लगा दिया है। यह नियम 26 जनवरी से लागू होगा। पंचायत ने फैसला सुनाया है कि जो छात्राएं पढ़ाई के लिए फोन इस्तेमाल करती हैं, वे अपने डिवाइस घर से बाहर नहीं ले जा सकतीं। इतना ही नहीं, स्कूल जाने वाली लड़कियां फोन का इस्तेमाल करेंगी, वह उन्हें सामाजिक कार्यक्रमों में लेकर नहीं जा सकतीं। पंचायत का तर्क है कि जब महिलाओं के पास मोबाइल फोन होते हैं, तो बच्चे उनका ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी आंखों पर असर पड़ सकता है।

No Mobile Phones for Women
Panchayat Order

# 10 हजार रिश्वत लेते शिक्षा विभाग का अफसर गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस की जबलपुर यूनिट ने शिक्षा विभाग के अधिकारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। छिंदवाड़ा के कैलाश विहार कॉलोनी की निवासी कविता पीपरडे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अमरवाड़ा में पदस्थ ब्लॉक एकेडमिक समन्वयक (बीएसी) सत्येन्द्र जैन ने उनके द्वारा संचालित यूनिक पब्लिक स्कूल के खिलाफ शिकायत निपटाने के एवज में 10 हजार की डिमांड की थी। इस निजी स्कूल के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसका निराकरण संचालिका के पक्ष में करने और कंप्लेन क्लोज करने के लिए घूस मांगी थी।

**कॉफी पीते समय लिए नोट, टीम ने दबोचा:** आवेदिका की शिकायत का लोकायुक्त पुलिस ने सत्यापन कराया और इसके बाद बीएसी को रंगे हाथ पकड़ने का प्लान बनाया। पहले तो बीएसी ने महिला को अमरवाड़ा आकर घूस देने को कहा लेकिन बाद में वह रिश्वत की रकम लेने की खातिर छिंदवाड़ा आने को तैयार हो गया। शहर के सर्कुलर रोड स्थित इंडियन कॉफी हाउस में घूस की रकम देने का सौदा हुआ। यहां आकर जैसे ही कॉफी पीते समय सत्येंन्द्र जैन ने रिश्वत की रकम महिला से लेकर जेब में रखी, पास ही ग्राहक बनकर बैठी टीम ने उसे रंगे हाथ दबोचकर नोट बरामद कर लिए। सत्येंद्र जैन के खिलाफ टीम ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 13(1)बी, एवं 13(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस की खराब सीट की शिकायत पर तत्काल एक्शन

**जागरण, इंदौर।** देश की प्रीमियम ट्रेनों में शामिल वंदे भारत एक्सप्रेस में तकनीकी खामियों की शिकायत सामने आई है। इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक यात्री ने सीट खराब होने की शिकायत सोशल मीडिया पर दर्ज कराई, जिसके बाद रेलवे ने मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। दरअसल इंदौर से नागपुर के लिए रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री निलेश वाघमारे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत पोस्ट की। उन्होंने बताया कि सी-14 कोच में उनकी सीट नंबर 9 रिक्लाइन नहीं हो रही थी, जिससे पूरी यात्रा असहज हो गई। शिकायत में रेलवे की आधिकारिक सेवा को टैग किए जाने के बाद रेलवे ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और रतलाम डीआरएम को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रेलवे सेवा की ओर से शिकायत दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया।

### असम में लगातार दूसरे दिन हिंसा, 8 घायल

**दीफू/गुवाहाटी, जेएनएन।** असम के अशांत कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन हिंसा भड़क उठी। खेरोनी बाजार इलाके में प्रदर्शनकारियों के दो गुट आमने-सामने आ गए, जिसके बाद पथराव शुरू हो गया। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस हिंसा में कम से कम आठ लोग घायल हो गए, जिनमें प्रदर्शनकारी, पुलिसकर्मी और मीडिया कर्मी शामिल हैं। प्रशासन ने कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। इलाके में निषेधाज्ञा लागू है और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। आंदोलनकारी कार्बी और पश्चिम कार्बी आंगलोंग में पेशेवर और ग्रामीण चराई रिजर्व में अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाने की मांग कर रहे हैं।

बैठक

प्रदेश के मंत्रियों ने बताई अपने विभागों की उपलब्धियां

# सिंहस्थ से पहले उज्जैन के समीप 18 गांव बनेंगे पर्यटन ग्राम: धर्मेन्द्र लोधी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पर्यटन संस्कृति एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव लोधी ने कहा है कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के नवाचार किए गए है,जिसके बेहतर परिणाम सामने आए है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अब तक 250 होम स्टे प्रारम्भ हो चुके है।भोपाल, इंदौर एवं महेश्वर को क्रिएटिव सिटी के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ के पहले उज्जैन के समीपी 18 गांव पर्यटन ग्राम बनाए जाएंगे। लोधी मंगलवार को अपने दो वर्ष के कार्यकाल में अपने विभागों की उपलब्धियों को लेकर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार प्रदेश के सांस्कृतिक अभ्युदय के लिए प्रतिबद्ध है।

पिछले दो सालों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई पर्यटन नीति के तहत प्रयास किए गए,जिसके परिणाम स्वरुप पिछले साल 14 करोड़ देशी विदेशी पर्यटक मध्यप्रदेश आए है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारत और वैश्विक पटल पर मध्य प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल के रूप में रेखांकित करना हमारी प्राथमिकता में है। पर्यटन के उत्कृष्ट कार्यों के लिये विभाग को पिछले 2 वर्षों में 18 से अधिक पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि 900 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से 20 सांस्कृतिक और धार्मिक लोकों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत के कुल 69 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों में से 18 विरासत स्थल मध्यप्रदेश में हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल में होम स्टे संचालित करने वाले परिवारों ने 7 करोड़ का व्यवसाय किया है। सरकार का लक्ष्य 1000 हजार होम स्टे निर्माण करने का है।

पर्यटन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिये रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव और मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट जैसे बड़े आयोजन किये गये हैं। इन आयोजनों के माध्यम से लगभग 10 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं। विगत 2 वर्षों में सरकार द्वारा रामचन्द्र वनगमन पथ और कृष्ण पाथेय योजना की संकल्पना को स्वीकृति प्रदान की गई है। संस्कृति विभाग की उपलब्धियां गिनाते हुए लोधी ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों का साहित्यिक गैजेटियर तैयार किये जा रहे हैं। विगत 2 वर्षों में 15 जिलों के साहित्यिक गैजेटियर तैयार किये जा चुके हैं। इसके साथ ही हमारी सरकार द्वारा उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, सागर, पन्ना, जबलपुर, महेश्वर जैसे अनेक स्थानों पर विशिष्टता को सम्मिलित करते हुये पूरे प्रदेश में संग्रहालयों की एक नवीन श्रृंखला का निर्माण किया जा रहा है।

### पानी उपलब्ध होने से बालिकाओं की शिक्षा के स्तर में सुधार

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे उपचार पर होने वाला अनावश्यक खर्च घटा है और परिवारों का आर्थिक पक्ष मजबूत हुआ है। बेहतर स्वास्थ्य के कारण कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है, बच्चों की नियमित स्कूल उपस्थिति सुनिश्चित हुई है और महिलाओं को भी घरेलू एवं आजीविका से जुड़े कार्यों के लिए अधिक समय और ऊर्जा मिल रही है। मंत्री उइके ने कहा कि घर में पानी उपलब्ध होने से बालिकाओं को पढ़ाई के लिए पर्याप्त समय मिल रहा है। विद्यालय उपस्थिति में वृद्धि हुई है और शिक्षा के स्तर में भी सुधार देखा जा रहा है। जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य की समस्त प्रयोगशालाओं का शत-प्रतिशत एनएबीएल प्रमाणीकरण कराया गया है, जिससे मध्यप्रदेश इस क्षेत्र में देश में अग्रणी बना है।

### 81 लाख से अधिक परिवारों तक पहुँचा नल से जल : उईके

लोक स्वास्थ्य

यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने भी अपने विभाग की उपलब्धियों की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में 81 लाख से अधिक परिवारों तक नल से जल पहुंचा है। मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 81 लाख 21 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन के माध्यम से प्रतिदिन शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जो कुल लक्षित परिवारों का लगभग 73 प्रतिशत है। प्रदेश के 10 हजार 440 ग्रामों को हर घर जल घोषित किया जा चुका है और भारत सरकार द्वारा बुरहानपुर जिले को देश का पहला प्रमाणित हर घर जल जिला घोषित किया जाना प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। विगत दो वर्षों में 13 लाख 69 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नए नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। पायलट आधार पर 64 ग्रामों में 24×7 जल प्रदाय की व्यवस्था लागू की गई है। इसके साथ ही प्रदेश में 15 हजार 238 नवीन हैंडपंप और नलकूप स्थापित किए गए हैं।

# भाजपा विधायक को आचार संहिता उल्लंघन में राहत

## कोर्ट का आदेश: सभा में 5 हैडपंप लगाने की घोषणा का लगा था आरोप

**जबलपुर।** विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार की एमपी-एमएलए कोर्ट ने धौहनी, जिला सीधी से भाजपा विधायक कुंवर सिंह को चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में राहत प्रदान कर दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि अभियोजन अपना पक्ष युक्तियुक्त संदेह के परेश प्रमाणित करने में असफल रहा है। परिणामतः अभियुक्त कुंवर सिंह, वर्तमान विधायक को आरोप से दोषमुक्त किया जाता है। मामले की सुनवाई के दौरान विधायक कुंवर सिंह का पक्ष अधिवक्ता विकास मिश्रा ने रखा। उन्होंने दलील दी कि मामला दुर्भावना से प्रेरित था। इसलिए निरस्त किए जाने योग्य है। अभियोजन की ओर से दलील दी गई कि 26 अप्रैल, 2019 को तहसील कार्यालय, मंझौली के भृत्य नीरज कुमार ने सहायक रिटर्निंग आफिसर को दिया था। जिसमें आरोप लगाया था कि विधायक सिंह द्वारा पंचायत धनौली की नुक्कड़ सभा में पांच हैंडपम्प लगाने की घोषणा की गई थी। रवैया आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की परिधि में आता है। जिम्मेदार अधिकारियों ने आरोप की सच्चाई को जाने बिना प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में ले लिया। वीएसटी प्रभारी दिलीप कुमार, राजस्व निरीक्षक, मंझौली से पूछताछ कर कथन दर्ज किए । उन्होंने बताया कि निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आमसभा को कवर कर रहा था।

वेस्ट एंड में क्रिसमस लाइट्स से जगमग लंदन। क्रिसमस के चलते शहर पूरी तरह रंग-बिरंगी लाइट्स से सजा हुआ है। राजधानी में विंटर वंडरलैंड का मेला ग्राउंड और साउथ बैंक भी जगमग है।

# हालत खस्ता: पाक की सरकारी एयरलाइन पीआईए हुई नीलाम

## आरिफ हबीब ग्रुप ने 4320 करोड़ में खरीदा

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) नीलाम हो गई है। आरिफ हबीब ग्रुप ने 4320 करोड़ रुपए में पीआईए को खरीद लिया है। पाक सरकार ने एयरलाइन की बिक्री के लिए 3200 करोड़ रुपए का अनुमान लगाया था। हालांकि, उसे 1320 करोड़ रुपए ज्यादा मिले हैं। एयरलाइन के लिए आरिफ हबीब ग्रुप और लकी सीमेंट ग्रुप के बीच ओपन बिडिंग राउंड चल रहा था। लकी सीमेंट ग्रुपप 4288 करोड़ रुपए तक ही बोली लगा पाई। एयरलाइन को खरीदने के लिए तीन दावेदार थे। इनमें लकी सीमेंट के लीडरशिप वाला एक बिजनेस ग्रुप, आरिफ हबीब कॉरपोरेशन के लीडरशिप वाला ग्रुप और प्राइवेट एयरलाइन एयरब्लू शामिल थे। तीनों ग्रुप्स ने पहले राउंड के लिए बंद लिफाफे में अपनी बोलियां जमा की थी। आरिफ हबीब ग्रुप ने 3680 करोड़ रुपए, लकी सीमेंट ने 3248 करोड़ रुपए और एयरब्लू ने 848 करोड़ की बोली जमा की थी। इसके बाद एयरब्लू रेस से बाहर हो गई।

### सरकार ने पीआईए में 75% हिस्सेदारी बेची

आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने पीआईए में 75 फीसदी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया था। बोली जमा करने का आज आखिरी दिन था। ये बोलियां बंद लिफाफों में दी गईं और इस पूरे कार्यक्रम को सरकारी टीवी पर लाइव दिखाया गया। डेडलाइन के ठीक 2 दिन पहले सेना से जुड़ी एक खाद कंपनी फौजी फर्टिलाइजर प्रालि ने बोली लगाने से नाम वापस लिया है, जिसके बाद 3 दावेदार रेस में बचे। इस्लामाबाद में हुए प्रोग्राम में तीनों ग्रुप के प्रतिनिधि एक-एक करके आए और ट्रांसपेरेंट बॉक्स में अपने लिफाफे डाले। शाम 5.30 बजे इन लिफाफों को खोला गया। पीएम शरीफ ने कहा कि सरकार ने पूरी प्रक्रिया को साफ और पारदर्शी बनाया है, ताकि किसी को कोई शक न रहे। उन्होंने कहा, यह सौदा पाकिस्तान के इतिहास का सबसे बड़ा निजीकरण सौदा हो सकता है।

## एपस्टीन सेक्स स्कैंडल: नई फाइल्स रिलीज में 30 हजार पन्नों के दस्तावेज सामने आए

# सैकड़ों फाइलों में राष्ट्रपति ट्रंप का नाम

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं। इन फाइलों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सैकड़ों बार जिक्र है। ट्रंप का नाम ज्यादातर बार किसी खबर या रिकॉर्ड के तौर पर दर्ज है, लेकिन कुछ दस्तावेज सीधे तौर पर ट्रंप से जुड़े हैं। इनमें जनवरी 2020 का एक ईमेल भी शामिल है। इस ईमेल में कहा गया है कि ट्रंप ने 1993 से 1996 के बीच एपस्टीन के निजी विमान से आठ उड़ानें भरी थीं। ईमेल के मुताबिक एक उड़ान में सिर्फ एपस्टीन, ट्रंप और 20 साल के एक व्यक्ति थे। बाकी उड़ानों में ट्रम्प के साथ उनकी पूर्व पत्नी मार्ला मैपल्स, बेटी टिफनी और बेटे एरिक भी थे। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप पर एपस्टीन मामले में किसी तरह की आपराधिक भूमिका का आरोप नहीं लगाया गया है। व्हाइट हाउस की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। नई फाइल्स में एपस्टीन के एक पुराने अमेरिकी पासपोर्ट की तस्वीर भी सामने आई है। यह फरवरी 1985 में जारी किया गया था और 1995 में इसकी वैधता समाप्त हो गई थी। एपस्टीन के साइन वाली हस्ताक्षर के नीचे उसकी सूट और टाई पहने हुए एक ब्लैक एंड व्हाइट पासपोर्ट फोटो है। जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी किए थे। हालांकि अभी भी पूरे दस्तावेज जारी होने में समय लग सकता है। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आईं, हालांकि रिकॉर्ड्स में डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लगभग नहीं के बराबर पाया गया, जबकि फरवरी में जारी एपस्टीन के निजी जेट के फ्लाइट लॉग्स में ट्रंप का नाम सामने आ चुका है। नए दस्तावेजों में एप्सटीन के न्यूयॉर्क और यूएस वर्जिन आइलैंड्स वाले घरों की तस्वीरें और कुछ मशहूर लोगों की फोटो थीं।

### फाइल्स से बेगुनाहों की इमेज खराब होगी, मेरी भी कुछ फोटो: ट्रंप

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि एप्सटीन सेक्स फाइल्स के सार्वजनिक होने से कई बेगुनाहों की इमेज खराब हो सकती है। कई ऐसे लोग थे, जिनका जेफ्री एप्सटीन के अपराधों से कोई लेना-देना नहीं था, वे बस कभी उससे मिले भर थे। ट्रंप ने सोमवार को फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, एप्सटीन को लेकर हो रहा हंगामा असल में रिपब्लिकन पार्टी की कामयाबियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। ट्रंप ने कहा, उनकी भी एप्सटीन के साथ कुछ फोटो हैं, क्योंकि उस समय कई लोग उससे मिलते-जुलते थे। इस पूरे मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। जब उनसे पूछा गया कि इन फाइलों में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तस्वीरें सामने आने पर उनका क्या रिस्पांस है। इस पर ट्रंप ने कहा-मुझे बिल क्लिंटन पसंद हैं, मेरे उनसे अच्छे रिश्ते रहे हैं। मुझे अच्छा नहीं लगा कि उनकी तस्वीरें सामने आईं।

### फाइल्स में झूठे हो सकते हैं दावे

जस्टिस डिपार्टमेंट ने चेतावनी दी कि इन फाइल्स में झूठे और सनसनीखेज दावे भी शामिल हो सकते हैं। डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, इनमें से कुछ दस्तावेजों में राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ झूठे और सनसनीखेज दावे शामिल हैं, जिन्हें 2020 के चुनाव से ठीक पहले एफबीआई को सौंपा गया था। कांग्रेस ने नवंबर में एक कानून पारित कर 19 दिसंबर तक एपस्टीन से जुड़े लगभग सभी जांच रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था। इसके बाद सरकार ने फाइलें जारी करनी शुरू कीं।

# 26 में लॉन्च नहीं होगा आईफोन-18

## लॉन्च टाइमलाइन में बदलाव, करना होगा लंबा इंतजार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एपल अगले साल आईफोन के लॉन्च टाइमलाइन में बड़ा बदलाव कर सकती है। आईफोन-18 सीरीज को दो फेज में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है, इसका मतलब ये है कि हर साल की तरह अगले साल पूरी सीरीज को एक-साथ नहीं उतारा जाएगा। आईफोन फोल्ड के साथ आईफोन-18 प्रो मॉडल्स को तो सितंबर 2026 में लॉन्च किया जा सकता है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आईफोन-18 को 2026 में लॉन्च नहीं किया जाएगा। अब ऐसे में मन में ये सवाल उठना लाजमी है कि आखिर आईफोन 18 को कब तक मार्केट में उतारा जाएगा? कब लॉन्च होगा नया आईफोन-18 -रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नए आईफोन को 2027 के शुरुआत में ग्राहकों के लिए लॉन्च किया जा सकता है, हालांकि अभी तक कोई भी लॉन्च डेट सामने नहीं आई है। एक नई लीक से पता चला है कि आईफोन 18 का ट्रायल प्रोडक्शन अभी शुरू होना बाकी है। चीनी माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म वीबो पर टिपस्टर फिक्स्ड फोक्स डिजीटल के मुताबिक, आईफोन-18 का ट्रायल प्रोडक्शन लूनर न्यू ईयर के बाद शुरू होने की उम्मीद है। यह टाइमिंग खास है, क्योंकि चीन में लूनर न्यू ईयर शटडाउन आमतौर पर फरवरी के आखिर में खत्म होता है, जिसके बाद फैक्ट्रियां नॉर्मल ऑपरेशन फिर से शुरू कर सकती हैं और बड़े पैमाने पर नए प्रोजेक्ट्स पर काम करती हैं। आईफोन 18 को 2027 में आईफोन-18 ई और नेक्स्ट-जेनरेशन आईफोन एयर के साथ लॉन्च किया जा सकता है।

**स्पीसिफीकेशंस (संभावित):** इस नए आईफोन को ए20 चिपसेट के साथ उतारा जा सकता है, वहीं प्रो मॉडल्स में ए20 प्रो बायोनिक प्रोसेसर दिया जा सकता है। प्रो मॉडल में अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी का इस्तेमाल किया जा सकता है जिससे डायनामिक आइलैंड की जरूरत खत्म हो सकती है। हालांकि, आईफोन 18 सीरीज में कोई बड़ा डिजाइन बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। इस मॉडल की कीमत के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है लेकिन उम्मीद है कि इस नए मॉडल को आईफोन-17 की कीमत में ही उतारा जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो इसका मतलब आईफोन-18 भी 82900 रुपए की शुरुआती कीमत में भारत में लॉन्च हो सकता है।

### जर्मनी में राहुल बोले

## संविधान खत्म करने की साजिश रच रही भाजपा

**बर्लिन, जेएनएन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा- भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल 17 से 19 दिसंबर तक जर्मनी दौरे पर थे। इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल ने कहा, भाजपा राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता, धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। भाजपा ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है। राहुल ने कहा, लोकतांत्रिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

## धुरंधर की सफलता के बाद रणवीर ने छोड़ी 'डॉन-3'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हाल में खबरें आई थीं कि रणवीर सिंह जल्द ही डॉन-3 की तैयारी शुरू करने वाले हैं। जनवरी 2026 के आखिरी में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। लेकिन अब रणवीर सिंह ने फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बन रही फिल्म डॉन-3 से खुद को अलग कर लिया है। एक्टर ने ये फैसला धुरंधर की सफलता की वजह से लिया है। पिंकविला ने सोर्स के हवाले से लिखा है-रणवीर संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्ममेकर्स के साथ काम करना चाहते हैं। साथ ही, वो एक के बाद एक गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब धुरंधर पहले ही इस जोनर में अपनी पहचान बना चुकी है। सूत्र ने बताया कि इसी वजह से रणवीर ने प्रोड्यूसर जय मेहता से प्रलय की शूटिंग पहले करने को कहा है।

गुजरता साल 2025 यादगार लम्हे

# इस साल दुनिया को अलविदा कह गईं विभिन्न विधाओं की ये हस्तियां

> “ वर्ष 2025 भारत और दुनिया के लिए गहरे शोक का वर्ष भी रहा, जब सिनेमा, संगीत, राजनीति, फैशन और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़ी कई जानी-मानी और प्रभावशाली हस्तियों का निधन हुआ। इन सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। देशभक्ति सिनेमा के प्रतीक मनोज कुमार, सुपरस्टार धर्मेंद्र, गायक ज़ुबीन गर्ग, प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार और झारखंडके नायक शिबू सोरेन जैसी हस्तियों के निधन से राजनीति और मनोरंजन जगत में गहरा शून्य रह गया। ”

### मनोज कुमार

'भारत कुमार' के नाम से मशहूर फिल्म अभिनेता मनोज कुमार का 4 अप्रैल 2025 को 87 वर्ष की आयु में निधन हुआ। 1960-70 के दशक में उन्होंने हिंदी सिनेमा को देशभक्ति की नई पहचान दी।

### राम सुतार



स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को डिजाइन करने वाले प्रतिष्ठित मूर्तिकार राम वनजी सुतार का 18 दिसंबर 2025 को 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सुतार को पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

### डॉ. के. कस्तूरीरंगन

प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक और इसरो के पूर्व प्रमुख डॉ. के. कस्तूरीरंगन का 25 अप्रैल 2025 को निधन हो गया। उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।

### धर्मेंद्र

भारतीय सिनेमा के एक्टर धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को 89 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। रोमांस, एक्शन, कॉमेडी और गंभीर अभिनय, हर दौर में प्रासंगिक रहे धर्मेंद्र का जाना हिंदी सिनेमा के एक अध्याय का अंत लगा।

### डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर



महान खगोल वैज्ञानिक और विज्ञान संचारक डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का 20 मई, 2025 को 87 वर्ष की आयु में पुणे में निधन हो गया. वे विज्ञान के हॉयल-नार्लीकर सिद्धांत के लिए प्रसिद्ध थे।

### गोवर्धन असरानी

अपने नाम से पहचाने जाने वाले सदाबहार हास्य सम्राट असरानी का 20 अक्टूबर 2025 को 84 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। 'शोले' के जेलर से लेकर कई भूमिकाओं में प्रिय चरित्र कलाकारों में रहे।

### फौजा सिंह

प्रसिद्ध मैराथन धावक फौजा सिंह का 14 जुलाई 2025 को 114 साल की उम्र में पंजाब के जालंधर जिले में उनके पैतृक गांव ब्यास में एक सड़क दुर्घटना (हिट एंड रन) में निधन हो गया था, जब वे टहल रहे थे। उन्हें टर्बन्ड टॉरनेडो के नाम से जाना जाता था और वह दुनिया के सबसे बुजुर्ग धावकों में से एक थे, जिन्होंने कई विश्व रिकॉर्ड बनाए थे।

### शिबू सोरेन

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का 4 अगस्त 2025 को 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 3 बार सीएम रहे और झारखंड राज्य के गठन में बड़ा योगदान दिया। शिबू सोरेन को झारखंड में 'दिशोम गुरूजी' के नाम से जाना जाता था. वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक नेताओं में से एक थे और आदिवासी अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी रहे।

### रतन थियम

मशहूर पद्मश्री प्राप्त रंगमंच कलाकार और निर्देशक रतन थियम का 23 जुलाई 2025 को 77 वर्ष की आयु में मणिपुर के इंफाल में निधन हो गया था। उन्हें उनके नाटकों जैसे चक्रव्यूह और उत्तर प्रियदर्शी के लिए जाना जाता था, जिन्होंने भारतीय रंगमंच को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई।

### प्रितीश नंदी



जाने-माने कवि, लेखक और फिल्म निर्माता प्रितीश नंदी का 8 जनवरी, 2025 को 73 वर्ष की आयु में मुंबई में हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। उन्होंने कांटे, चमेली, हजारों ख्वाहिशें ऐसी जैसी फिल्में बनाईं और द इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया का संपादन किया था।

### सतीश शाह

सादगी में छिपा हास्य प्रस्तुत करने वाले अभिनेता सतीश शाह का 25 अक्टूबर 2025 को 74 वर्ष की आयु में निधन हुआ। फिल्मों और कॉमेडी शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शोज़ में उन्होंने साबित किया कि बिना ऊँची आवाज़ के भी गहरी कॉमेडी की जा सकती है।

### आलोक चटर्जी

प्रसिद्ध फिल्म व रंगमंच अभिनेता, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता। 6 जनवरी 2025 को भोपाल में मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर से 63 वर्ष की आयु में निधन।

### पीयूष पांडे

कैडबरीज चॉकलेट के लोकप्रिय विज्ञापन बनाने वाले भारतीय विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे का 24 अक्टूबर 2025 को 70 वर्ष की आयु में निधन हुआ।

### सुलक्षणा पंडित

अभिनय और गायिका के रूप में पहचानी जाने वाली सुलक्षणा पंडित का 7 नवंबर 2025 को निधन हुआ। अभिनय और मधुर आवाज़ से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई।

### ज़ुबीन गर्ग

हिंदी, बंगाली और कई अन्य भाषाओं में गाने वाले असम की आवाज़, देश की पहचान के नाम से फेमस गायक ज़ुबीन गर्ग का19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में निधन हो गया था।

# जानलेवा रील: वीडियो बना रहे दो दोस्त ट्रेन की चपेट में आए, मौत

## देवास में दर्दनाक हादसा, आधे घंटे रेल यातायात रहा प्रभावित

**जागरण, देवास।** युवाओं में रील बनाने का नशा घातक बनता जा रहा है। रील बनाने की होड़ में युवा जान तक जोखिम में डाल दे रहे हैं। प्रदेश के देवास में मंगलवार को ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बीराखेड़ी रेलवे क्रासिंग के समीप पटरी पर रील बनाते समय दर्दनाक हादसे में दो नाबालिग दोस्तों आलोक पिता श्रीराम और सन्नी जगदीश योगी की मौत हो गई। हादसे के वक्त उनके दो अन्य साथी समय रहते ट्रैक से दूर हो गए, जिससे उनकी जान बच गई। घटना उस समय हुई, जब मालवा एक्सप्रेस इंदौर की ओर जा रही थी। जबकि बिलासपुर एक्सप्रेस देवास आ रही थी। इसी दौरान दोनों युवक रेलवे ट्रैक पर मोबाइल से वीडियो (रील) बना रहे थे, तभी अचानक ट्रेन आ जाने से वे उसकी चपेट में आ गए। दोनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### जरा सी लापरवाही पड़ी भारी

हादसे के चलते बिलासपुर एक्सप्रेस करीब 30 मिनट तक रेलवे पटरी पर खड़ी रही, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस पूरे मामले को लेकर औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों युवक औद्योगिक थाना क्षेत्र के ही निवासी थे और रेलवे पटरी पर रील बनाते समय यह हादसा हुआ है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि रेलवे पटरी जैसे खतरनाक स्थानों पर इस तरह की गतिविधियों से बचें। रेलवे ट्रैक पर तेज रफ्तार से ट्रेनें गुजरती हैं, ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। सभी युवा सुरक्षित रहें और सतर्कता बरतें।

## छिंदवाड़ा : जिंदगी की जंग हार गए चार मासूम, सदमे में परिवार

**जागरण, छिंदवाड़ा।** जुन्नारदेव अस्पताल में सोमवार को एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया। इसमें तीन लड़की और एक लड़का शामिल था। घर में एक साथ चार नन्हें मेहमानों के आने से परिवार में खुशी थी, लेकिन ये खुशियां ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। मंगलवार को तड़के 3.30 से 4 बजे के बीच चारों नवजात बच्चों की मौत हो गई है। रेफर के दौरान दो बच्चों ने जिला अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि शेष दो बच्चों ने छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के एसएनसीयू में अंतिम सांस ली। प्रसूता की जान बच गई, उसकी हालत स्थिर है। नवजात की मौत की वजह है, महिला का 7वें महीने में डिलीवरी होना। दरअसल ग्राम रोरा ढेकनी माल निवासी गर्भवती महिला गुनो पति जगर सिंह को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव ले जाया गया था। जहां सुबह 11. 30 बजे एक साथ चार बच्चों का जन्म हुआ। यह प्रसव एक सुपर प्रीमैच्योर केस था, जहां गर्भ में 7 महीने पूरा होने पर भी बच्चों के अंगों का विकास सामान्य स्तर तक नहीं हुआ। इसी वजह से चारों बच्चों की मौत हो गई। बच्चों की मौत से परिवार सदमे में है।

## भारत के क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन को गति देगी ट्रूजोन सोलर-सचिन तेंदुलकर की रणनीतिक साझेदारी

**मुंबई।** सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख ब्रांड ट्रूजोन सोलर ने महान क्रिकेटर, वैश्विक स्पोर्ट्स आइकन और परोपकारी व्यक्तित्व सचिन तेंदुलकर के साथ एक रणनीतिक निवेश और दीर्घकालिक साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी ट्रूजोन सोलर की विकास यात्रा में एक अहम मील का पत्थर है, जो 2030 तक भारत की शीर्ष तीन सोलर ईपीसी कंपनियों में शामिल होने के लक्ष्य को मजबूती देगी। इस निवेश से कंपनी अपनी निष्पादन क्षमताओं, परिचालन अवसंरचना और सोलर वैल्यू चेन को और सशक्त करेगी। ट्रूजोन सोलर तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में मजबूत मौजूदगी के साथ उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा और केरल जैसे उभरते बाजारों में विस्तार करेगी। कंपनी हाउसिंग, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक तथा यूटिलिटी-स्केल परियोजनाओं में एंड-टू-एंड सोलर समाधान प्रदान करती है। यह साझेदारी हितधारकों का भरोसा बढ़ाने के साथ भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देगी और स्वच्छ, आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण को गति देगी।

Mr. CH. BHAVANI SURESH
Founder & Managing Director
TRUZON SOLAR
Mr. SACHIN TENDULKAR
Legendary Indian Cricketer

# पीएम आवास सहित कई निविदाओं को एमआईसी द्वारा दी गई स्वीकृति

## बैठक में पारित किये गये कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव

**जागरण, रीवा**

महापौर अजय मिश्रा बाबा की अध्यक्षता में नगर निगम रीवा के मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) की मंगलवार को सम्पन्न हुई बैठक में चर्चा उपरांत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित कर परिषद को भेजे गये। गांधी कॉम्पलेक्स सी ब्लाक के दुकान क्रमांक 04, 06, 09 की ई-नीलामी में प्राप्त निविदा अनुसार विक्रय मूल्य का 25 प्रतिशत राशि जमा कराये जाने का अनुमोदन की स्वीकृति दी गई। लीज नवीनीकरण के 5 प्रकरणों की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत कृष्णा नगर में ईडब्ल्यूएस, एमआईजी, एलआईजी, दुकानों एवं कार्यालय इकाइयों के शेष कार्यों हेतु 22.070 करोड़ रु. की प्रशासकीय, वित्तीय एवं निविदा आमंत्रण की स्वीकृति पर विचार कर निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत गोल क्वार्टर साइट, एस.ए.एफ साइट में निर्मित तथा निर्माणाधीन दुकानों, कार्यालय इकाई के अंतरण हेतु निविदाओं को स्वीकृति दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 बीएलसी घटक अन्तर्गत 35 पात्र हितग्राहियों की अनुमोदित सूची की पुष्टि की गई। योजना क्रमांक-7 यातायात नगर पड़रा स्थित ट्रकयार्ड की भूमि में ट्रान्सपोर्टरों हेतु लॉजिस्टिक हब निर्माण संबंधी गतिविधियां व संचालन हेतु 30 वर्षीय लीज पर भूमि का अन्तरण ई-ऑक्शन के माध्यम से किये जाने हेतु भूमि का आरक्षित मूल्य का निर्धारण तथा निविदा आमंत्रण की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एसएएफ साइट में निर्मित 384 एलआईजी यूनिट (32 ब्लाक) जो जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में विक्रय हेतु आमंत्रित निविदा का अनुमोदन एवं निविदा दर को स्वीकृति प्रदान की गई।

### स्मार्ट पब्लिक टॉयलेट को मंजूरी

एमआईसी की बैठक में शहर में 6 स्थानों पर डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एवं ट्रांसफर डीबीएफओटी आधार पर विज्ञापन के अधिकारों के विरूद्ध स्मार्ट पब्लिक टॉयलेट का निर्माण कार्य 20 वर्षीय लाइसेंस अवधि 5 वर्ष की आपसी सहमति के आधार पर किये जाने हेतु आमंत्रित निविदा दर पर विचार कर स्वीकृति दी गई। अगले प्रस्ताव में विभिन्न स्थानों पर निर्मित सामुदायिक शौचालय सीटी के 30 वर्ष का संचालन व संधारण हेतु रूपये 15000 रु. प्रतिमाह भुगतान किये जाने तथा सार्वजनिक शौचालय पीटी के पे एण्ड यूज के आधार पर 30 वर्ष के संचालन व संधारण की स्वीकृति दी गई।

### दुकानों का आवंटन किया गया बहाल

कोठी कंपाउड में जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा के पीछे स्थित दुकान क्रमांक 19, 20, 21 का आवंटन बहाल करने की स्वीकृति दी गई। आवंटित अचल सम्पत्तियों के मूल स्वरूप में परिवर्तन, तोड़फोड़ तथा स्थाई अतिक्रमण के कारण आवंटन निरस्त कर पट्टा रद्द किये जाने के संबंध में अंतिम नोटिस एवं भौतिक निरीक्षण का प्रतिवेदन के निर्देश दिए गए। म्यूनिसिपल बाण्ड जारी किए जाने एवं क्रेडिट रेटिंग एजेंसी का चयन की स्वीकृति दी गई।

**अटल पार्क व रानी तालाब के ठेके को मंजूरी :** पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत निर्मित अटल पार्क के संचालन-संधारण कार्य हेतु प्राप्त निविदा पर विचार कर स्वीकृति दी गई। रानी तालाब संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिए ठेका पर दिये जाने हेतु प्रीमियम, शुल्क एवं शर्तों का पुनर्निर्धारण के संबंध में एक्सप्रेशन आफइन्टरेस्ट के आमंत्रण की स्वीकृति दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत एएचपी घटक अंतर्गत पात्र 70 हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन किया गया। प्रस्ताव, नवीन कोर्ट परिसर के पीछे तत्कालीन सुधार न्यास रीवा द्वारा अर्जित भूमि पर दुकानों एवं अधिवक्ता चेम्बर निर्माण योजना की स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त महापौर ने नगर निगम द्वारा चल रहे बेसमेंट के दुरूपयोग पर कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया कि सभी जोन की टीम संयुक्त रूप से कार्यवाही जारी रखे एवं बिना किसी पक्षपात के समरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। महापौर ने कहा कि वर्षा के समय जिन स्थानों में वाटर लागिंग की समस्या उत्पन्न हुई थी उक्त स्थलों के कार्य स्वीकृति कर गर्मी तक पूर्ण कर लिए जाय। जिससे कि शहरवासियों को आगामी वर्षा में जलभराव की समस्या से निजात मिले। साथ ही उन्होंने रेवांचल बस स्टैण्ड की आवश्यक मरम्मत एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

# क्रिसमस पर्व को लेकर सजे चर्च, घर-घर जाकर गा रहे कैरोल गीत

**जागरण, रीवा।** क्रिसमस पर्व को लेकर इसाई समुदाय में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चर्च के साथ ही समाजजन अपने-अपने घरों की आकर्षक साज-सज्जा में जुटे हुए हैं। शहर के शांति कुटीर चर्च गुढ़ चौराहा व ज्योति क्राइस्ट बोदाबाग की आकर्षक साज सज्जा की गई है। शाम ढलते ही समाजजन एक दूसरे के घरों में जाकर कैरोल गीत गा रहे हैं।

चर्च में बुधवार रात प्रभु ईशु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, चर्च सहित कुछ समाजजनों ने घरों पर भी गौशाला की झांकियां बनाई हैं, जहां प्रभु ईशु का जन्म हुआ था। प्रभु ईशु के जन्मोत्सव की खुशी में गीत गाए जाएंगे, इसके पश्चात मोमबत्तियां जलाई जाएंगी, तत्पश्चात प्रार्थना सभा का आयोजन कर परम प्रसाद वितरित किया जाएगा। रात 12 बजे प्रभु ईशु का जन्म होते ही समाजजन एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देंगे, धर्मगुरू प्रभु ईशु के जन्मोत्सव के बाद समाजजनों को उनके दर्शन करवाएंगे। इसके अगले दिन 25 दिसंबर को भी समाजजन एक-दूसरे के घरों में जाकर क्रिसमस पर्व की बधाई देंगे।

# मुम्बई में निःशुल्क होगी 28 बच्चों की सर्जरी

## जिला स्तरीय हृदय रोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

**जागरण,रीवा।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत चिन्हित हितग्राहियों का निःशुल्क उपचार लाभ दिलाये जाने हेतु आयुष्मान भारत योजना से अस्पताल नारायण हृदयालय एसआरसीसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल मुम्बई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सुप्रतिम सेन कार्डियक सर्जन एवं देशमुख जी एवं टीम के माध्यम से स्वयं की ईको मशीन से निःशुल्क जांच की गयी। शिविर जिला अस्पताल बिछिया में मंगलवार को आयोजित हुआ। शिविर में 93 बच्चे पंजीकृत किये गए, जिसमे हृदय रोग के 81 एवं अन्य विकासात्मक विलम्ब एवं फॉलोअप के 12 बच्चे पंजीकृत किये गए। हृदय रोग के 28 बच्चे पॉजिटिव चिन्हित किये गए, जिसमें जिन्हें सर्जरी हेतु फिट पाए गए जिनकी सर्जरी कराई जाएगी। 12 बच्चे को मेडिकल मैनेजमेंट पर रखते हुए आगामी तीन माह बाद पुनः जांच परीक्षण किया जाएगा, उम्र और वजन बढ़ने के साथ मेडिकल मैनेजमेंट के आधार पर हृदय का उपचार दिलाई जाएगी 28 बच्चे जिन्हें हृदय रोग की समस्या पाई गई, उनका आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत निःशुल्क उपचार कराया जाएगा। यदि आयुष्मान कार्ड नहीं है तो हितग्रही का निःशुल्क उपचार व सर्जरी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध मॉडल कास्टिंग ट्रीटमेंट पैकेज से कराई जाएगी। शिविर डॉ संजीव शुक्ला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# बिना कार्य किए ही कर्मचारियों को नियमित वेतन दिए जाने का लगाया आरोप

**जागरण, रीवा।** मप्र स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन भोपाल में लंबे समय से पदस्थ उच्च अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग को लेकर गुढ़ तहसील के ग्राम डिडुली निवासी अनिल तिवारी ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर आरोप लगाया कि मप्र स्टेट सिविल कार्पोरेशन लिमिटेड वर्तमान में करोड़ों रुपए के घाटे में चल रहा है बावजूद इसके निगम के भीतर वित्तिय अपव्यय एवं कथित बंदरबांट की शिकायतें निरंतर सामने आ रही हैं। इसी क्रय में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि निगम के मुख्यालय भोपाल में लगभग 30 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ आरएम शर्मा एवं राजू रैकवार द्वारा अपने प्रशासनिक दायित्वों के विपरित कार्य करते हुए अपने निजी अथवा पसंदीदा व्यक्तियों को अनैतिक लाभ पहुंचाकर गंभीर अनियमितताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। आवेदक का आरोप है कि रीवा निवासी अतुल तिवारी जो डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर पूर्व से कार्यरत रहा है को कई वर्षों से बिना किसी कार्य दायित्व के नियमित रूप से वेतन भुगतान किया जा रहा है जबकि विभाग स्वयं यह स्वीकार करता रहा है कि निगम में कर्मचारियों की भारी कमी के कारण कार्य प्रभावित होता रहा है तथा कार्य संचालन के लिए निजी कंपनियों को कर्मचारियों की आपूर्ति के लिए करोड़ों रुपए का भुगतान किया जा रहा है। एक ओर कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर निजी एजेंसियों पर भारी व्यय किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर उपलब्ध मानव संसाधन से कोई कार्य न लेते हुए बिना काम के वेतन दिया जाना वित्तिय अनुशासन के प्रतिकूल है, जिससे निगम के उक्त वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचाए जाने का गंभीर संदेह उत्पन्न होता है। यह भी आशंका है कि यदि इस पूरे मामले की गंभीर, निष्पक्ष एवं व्यापक जांच की जाए तो ऐसे अनेक प्रकरण सामने आ सकते हैं जहां या तो कर्मचारी आवश्यक योग्यता के अभाव में कार्यरत पाए जाएंगे अथवा कुछ कर्मचारी बिना किसी वास्तविक कार्य निष्पादन के घर बैठकर वेतन प्राप्त कर रहे हों।

# जादूगर के रंगीन मायाजाल का शुभारंभ आज

## उपमुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**जागरण,रीवा।** सुप्रसिद्ध जादूगर ज्ञानेन्द्र भार्गव के रंगीन जादूगरी मायाजाल शो का शुभारंभ मानस भवन में आज किया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री मप्र शासन राजेन्द्र शुक्ल शो का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में जादूगर श्री भार्गव ने बताया कि इससे पहले दस वर्ष पूर्व वह रीवा आए थे और शो का आयोजन कर चुके हैं। उस समय शहरवासियों का काफी स्नेह मिला था, इसी से प्रेरित होकर विभिन्न नई-नई आधुनिक जादुई कलाओं के साथ दोबारा शो आयोजित करने जा रहे हैं। श्री भार्गव ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुये कहा कि वे विगत 30 वर्षों से इस कला से जुड़कर देश के विभिन्न शहरों में शो आयोजित कर चुके हैं। वैसे तो देश में जादूगरी की कलाएं लुप्त होती जा रही हैं, जबकि जनता के बीच यह कला मनोरंजन की दृष्टि से काफी लोकप्रिय है। इसमें कई प्रेरणादायी कलाओं का जैसे नशामुक्त समाज निर्मित करने हेतु भी प्रेरित किया जाता है, किन्तु फिर भी शासन की ओर से इन कलाओं का प्रदर्शन करने में विशेष सहयोग प्रदान नहीं किया जाता है। फिर भी वे इस जादुई कला का समाज में जागृति लाने हेतु प्रयासरत है। श्री भार्गव ने बताया कि जनता की लोकप्रियता को देखते हुये दूसरी बार कई नई कलाओं के साथ आयोजन किया जायेगा। प्रतिदिन दो शो पहला दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक, दूसरा 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया जायेगा, जबकि प्रत्येक रविवार को तीन शो आयोजित होंगे।

भारतीय गुणवत्ता परिषद
QUALITY COUNCIL OF INDIA
QCI Creating an Ecosystem for Quality

भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआई), भारत सरकार द्वारा स्थापित एक प्रमुख स्वायत्त निकाय है। क्यूसीआई का दायित्व, गुणवत्तापूर्ण सोच विकसित करना है और हमारी परिकल्पना यह सुनिश्चित करने की है कि हर नागरिक तक पहुंचने वाले उत्पाद और सेवाएं गुणवत्तापूर्ण हों। एक स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय के रूप में क्यूसीआई, अपने घटक बोर्डों और प्रभागों के माध्यम से अपनी गतिविधियों का समन्वय करते हुए उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं के स्वतंत्र अन्य-पक्ष आकलन का तंत्र स्थापित करती है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी), क्यूसीआई के लिए नोडल प्वाइंट के रूप में कार्य करता है।

क्यूसीआई एतदद्वारा "Engagement of Survey Agencies for Verification of Local Agricultural Entities (LAE) and Local Fisheries Entities (LFE) across India" हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करती है।

अपेक्षाओं के विस्तृत विवरण के साथ प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), क्यूसीआई की वेबसाइट: www.qcin.org पर निविदा खंड (https://qcin.org/work-with-us/#tenders) के अंतर्गत देखा जा सकता है।

इच्छुक एजेंसियां अपनी बोलियां, बाहरी लिफाफे पर "Engagement of Survey Agencies for Verification of Local Agricultural Entities (LAE) and Local Fisheries Entities (LFE) across India" लिखकर भारतीय गुणवत्ता परिषद् (प्रापण इकाई), टॉवर जे, दूसरा तल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली -110029 के पते पर (डाक से या दस्ती तौर पर) भेज सकती हैं। बोलियां प्रस्तुत करने के लिए आरएफपी दस्तावेज में उल्लिखित विवरण के अनुसार, तकनीकी बोलियां और वित्तीय बोलियां अलग-अलग लिफाफों में होनी चाहिए और इन दोनों लिफाफों को एक अन्य लिफाफे में बंद करके भेजा जाना चाहिए।

QCI'S BOARDS AND DIVISIONS
NABCB NABH NABL NABET NBQP PADD PPID NDIE Strategy & Policy ONDC FOUNDED & SUPPORTED BY QCI

Quality Council of India, World Trade Centre, J-200, Block J, Narouji Nagar, Safdarjung Enclave, New Delhi- 110029
@QualityCouncilofIndia @QualityCouncil qualitycouncilofindia quality-council-of-india-qci- info@qcin.org

# नगर निगम टीम को निरीक्षण के दौरान नए बस स्टैंड में मिली लापरवाही

## आश्रय स्थल सहित बस स्टैंड में साफ-सफाई करवाने संविदाकार को दिए निर्देश

जागरण खबर का असर

**रीवा।** शहर में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल बस स्टैंड की साफ-सफाई व्यवस्था, यात्रियों के लिए उपलब्ध आश्रय स्थलों एवं मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर नगर निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी एवं एमए सिद्दीकी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता की वास्तविक स्थिति के आकलन के साथ ही यात्रियों को उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच की गई एवं आवश्यक सुधारात्मक कदमों के लिए संबंधित अधिकारियों व संविदाकार को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बस स्टैंड के प्रवेश द्वार, प्लेटफार्म क्षेत्र, यात्री प्रतीक्षालय, शौचालय परिसर, पेयजल व्यवस्था, आश्रय स्थल तथा बसों के ठहराव क्षेत्रों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई में लापरवाही, कचरे का समुचित निस्तारण न करने तथा नियमित सफाई के अभाव जैसी कमियां पाई गईं, जिस पर संबंधित संविदाकार के ऊपर नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने एवं जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि दैनिक जागरण द्वारा विगत 17 दिसंबर के अंक में 'मुसाफिरों के रैन बसेरे में होटल कर्मचारियों का कब्जा' व 20 दिसंबर के अंक में 'अंतर्राज्यीय बस स्टैंड को बना दिया कचरा डंप प्वॉइंट, शौचालयों की हालत बदतर' शीर्षक से बस स्टैंड में व्याप्त अनियमितताएं प्रमुखता से उजागर की थीं। निरीक्षण टीम ने कहा कि बस स्टैंड शहर का प्रमुख परिवहन केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में यहां स्वच्छता, साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधाओं का उच्च स्तर पर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड की छवि सीधे तौर पर शहर की स्वच्छता व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली को दर्शाती है।

### आश्रय स्थल में नियमित रूप से झाड़ू, पोछा व कचरा संग्रहण करने दिए निर्देश

निगम टीम ने आश्रय स्थलों की स्थिति का विशेष रूप से निरीक्षण कर यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांगजनों के लिए आश्रय स्थल की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि आश्रय स्थलों में नियमित रूप से झाड़ू, पोछा, कचरा संग्रहण तथा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संविदाकार को निर्देशित किया गया कि बस स्टैंड परिसर में प्रतिदिन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सफाई कराई जाए, कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण सुनिश्चित किया जाए तथा उसे निर्धारित स्थल पर ही निस्तारित किया जाए। साथ ही शौचालयों की नियमित सफाई, पानी की उपलब्धता एवं स्वच्छता मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए कि बस स्टैंड परिसर में कहीं भी गंदगी, खुले में कचरा या दुर्गंध की स्थिति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सफाई कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति, उचित मॉनिटरिंग तथा सुपरविजन सुनिश्चित किया जाए। संविदाकार को यह भी कहा गया कि यदि भविष्य में पुनः निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई में कमी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड प्रबंधन को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सूचना बोर्ड, दिशा-सूचक संकेतक, बैठक व्यवस्था एवं प्रकाश व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित किया जाए।

# महारानी प्रवीण कुमारी की जयंती मनाई

**रीवा।** रीवा राज्य की तत्कालीन महारानी प्रवीण कुमारी की जयंती मनाई गयी। उनके नाम से संचालित प्रवीण कुमारी सांदीपनि विद्यालय में प्राचार्य वरुणेन्द्र प्रताप सिंह एवं स्टाफ द्वारा उनकी प्रतिमा पर नवीन चुनरी पहनाकर तथा माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया गया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

छतरपुर मुख्य शाखा, छतरपुर
फोन: 9752410624

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित नियम (3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को डिमांड नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।
उधारकर्ता/जमानतदार ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** निम्न वर्णित दिनांक को ले लिया है।
ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।
उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, छतरपुर मुख्य शाखा, छतरपुर** के अधीन होगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दि.<br>कब्जा दिनांक | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी-<br>**आशुतोष सोनकिया**<br>206, गोल्डन हाइट्स अलकापुरी ग्वालियर म.प्र.-474001 | अचल संपत्ति का समस्त भू भाग बंधक संपत्ति का विस्तार स्थित मकान/भूमि/फ्लैट/पंजीकृत सेल डीड नं. 387 दिनांक 24.02.1998, पुस्तक संख्या ए-1, वाल्यूम नं. 184, पृष्ठ संख्या 28 से 31, मकान नं. 1399, सर्वे नं. 297/2, क्षेत्रफल 0.018 ½ हेक्टेयर या 2000 वर्गफुट, ग्राम अजयगढ़, पटवारी हल्का संख्या -14, आर.आई. सर्कल नं. अजयगढ़, वार्ड संख्या 11, तहसील- अजयगढ़, पन्ना, म.प्र. चर्तुसीमाएँ: उत्तरः गली पश्चात अजय कुशवाहा का मकान, दक्षिणः श्री भूरे साहू का मकान, पूर्वः रोड , पश्चिमः श्री दशरथ यादव का मकान | 29.08.2025<br>(प्रकाशन दिनांक 19.09.2025)<br>19.12.2025 | ₹ 33,45,003.45<br>+ दिनांक 29.08.2025 ब्याज एवं अन्य खर्चे |

दिनांक : 19-12-2025, स्थानः छतरपुर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## जिला रोजगार कार्यालय भोपाल (म.प्र.)
## प्रेस विज्ञापन
## युवा संगम
## (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला)

दिनांक :- 24 दिसम्बर 2025
समय :- प्रात: 11:00 बजे से 3:00 बजे तक
स्थान :- शासकीय आई.टी.आई गोविंदपुरा भोपाल (म.प्र.)

निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु पद:-सेल्स मार्केटिंग, मशीन आपरेटर, इंश्योरेंश एडवाईजर, टीचर शैक्षणिक योग्यता-5वी से 12वी, स्नातक, आई.टी.आई डिप्लोमा आयु:-18 से 40 वर्ष

आप अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अपना बायोडाटा सहित साक्षत्कार हेतु उपस्थित हो भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तो पर की जावेगी साक्षत्कार के समय कंपनी से समस्त जानकारी स्वंय प्राप्त करे। तथा अधिक जानकारी के लिए आप जिला रोजगार कार्यालय भोपाल से संपर्क करे।

G-23181/25

जिला रोजगार अधिकारी
जिला रोजगार कार्यालय भोपाल

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 326 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 11/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - मऊगंज
ग्राम - पहाड़ी भोलाराम 604
क्षेत्रफल - 0.001 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 33/1, 33/2, 33/3, 33/4, 33/5 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु।
2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23186/25

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 267 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 04/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - मऊगंज
ग्राम - खैरहाई 209
क्षेत्रफल - 0.001 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 90 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु।
2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23179/25

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 253 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 04/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - नईगढ़ी
ग्राम - कंधवार 91
क्षेत्रफल - 0.001 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 58 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु।
2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23180/25

---

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 235 प्रवा./भू-अर्जन/2025 मऊगंज दिनांक 04/11/2025

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है:-

।। अनुसूची ।।

भूमि का विवरण :-
जिला - मऊगंज
तहसील - नईगढ़ी
ग्राम - खुझवा सुअरहा 201
क्षेत्रफल - 0.007 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (हे.में.) |
|---|---|---|
| 1 | 62 | 0.001 |
| 2 | 141 | 0.001 |
| 3 | 219 | 0.001 |
| 4 | 375 | 0.001 |
| 5 | 410 | 0.001 |
| 6 | 324 | 0.001 |
| 7 | 282 | 0.001 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-''बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत डी.बी. निर्माण'' में आने वाले निजी/शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु। 2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला मऊगंज के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**

(विवेकानंद तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 2, मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

G-23182/25

# खरीदी केंद्र बनाने की मांग को लेकर किसानों ने किया चकाजाम

### एक दिन पूर्व दी थी सूचना, नहीं सुनी गई मांगें

**जवा ब्यूरो।** धान खरीदी केंद्र बनाने को लेकर मंगलवार को रीवा जिले के जवा तहसील अंतर्गत रामबाग चौराहे पर ग्रामीणों ने चकाजाम कर दिया, यहां भारी संख्या में किसान मौजूद रहे और अपनी मांगों को लेकर बीच सड़क पर बैठ गए, इसकी सूचना किसानों ने एक दिन पूर्व ही एसडीएम और तहसीलदार को दी थी। चकाजाम कर रहे किसानों ने संवाददाता को बताया कि जवा तहसील के खरीदी केंद्र रिमारी में सुचारु रूप से खरीदी चल रही थी। लेकिन उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद सेवा सहकारी समिति रिमारी केंद्र को निरस्त कर दिया गया और उसके स्थान पर जिला कलेक्टर रीवा ने बरहुला केंद्र क्रमांक 2 बना कर खरीदी स्थल रिमारी उपार्जन केंद्र के निकटम ही खरीदी केंद्र बनाए जाने पत्र जारी किया लेकिन समिति प्रबंधक बरहुला क्रमांक 2 ने मनमानी तरीके से रिमारी खरीदी केंद्र को बनाने के बजाय उसको रिमारी से चंपागढ़ नदी के किनारे बना दिया, जिससे किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा रहा है। अपनी मांगों को लेकर एक दिन पूर्व ही किसानों ने जवा तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन पत्र सौंपा था और उसमें मांग पूरी न होने पर चकाजाम किए जाने का भी उल्लेख किया था, किसानों ने कहा कि उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन में किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया गया जिसके चलते उन्होंने मंगलवार को रामबाग चौराहे पर चकाजाम किया और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक चकाजाम चलता रहेगा। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद किसान माने और आंदोलन समाप्त किया।

# जनहितैषी मुद्दों को लेकर निकाली जाएगी पदयात्रा

**आंचलिक डेस्क।** कांग्रेस नेता दिलीप तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति कर बताया कि उदासीन सरकार को जगाने के लिए 26 दिसंबर को पदयात्रा निकाली जा रही है। पदयात्रा में प्रदेश की सरकार के सामने गौ माता की दुर्दशा, आवारा पशुओं से किसानों को रहे फसल नुकसान, राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधूरा ओवरब्रिज, साइड रोड नहीं होने के कारण हो रही सड़क दुर्घटना ,महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दों को यात्रा के माध्यम से सरकार का विरोध किया जायेगा । यात्रा का टिकुरी -32 से प्रारंभ होकर गढ़ में ज्ञापन देकर समापन किया जायेगा। पदयात्रा में वरिष्ठ नेता कांग्रेस नेता, समाजसेवी, कार्यकर्ता सहित आम जनता उपस्थित रहेंगे। आयोजक धीरेन्द्र राणा ने जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या मे उपस्थित होकर सरकार की नाकामियों के खिलाफ आवाज उठाएं और बदलाव की इस मुहिम में साथ दें।

# निःशुल्क शिविर में 120 मरीजों के स्वास्थ्य की चिकित्सकों ने की जांच

### रमकी फाउंडेशन एवं चिकित्सकों के तात्वाधान में आयोजित हुआ शिविर

**आंचलिक डेस्क।** रमकी फाउंडेशन एवं डॉ. प्रतिभा सिंह के संयुक्त तत्वावधान में बंजारी, गुढ़ क्षेत्र के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना था। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने मरीजों की जाँच कर उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। इसके साथ ही बंजारी की सरपंच अरुणवती पटेल, सचिव रमेश तिवारी एवं सह-सचिव विनय सिंह परिहार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस जनकल्याणकारी पहल को अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्रदान किया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कुल 120 लोगों की स्वास्थ्य जाँच की गई। स्थानीय नागरिकों ने शिविर का भरपूर लाभ उठाया और इस सराहनीय प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### इनका रहा योगदान

शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. प्रतिभा सिंह, दंत चिकित्सक, डॉ. जयपाल सिंह दंत चिकित्सक, डॉ. सना अंसारी स्त्री रोग विशेषज्ञ आदि का योगदान रहा।

# छात्रों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**आंचलिक डेस्क।** पी.एम.श्री शास. बालक उच्च.मा.विद्या. सेमरिया के नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत ट्रेड आई.टी. एवं हेल्थ केयर के छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ए.के.एस. विश्वविद्यालय सतना ले जाया गया। जिसमें छात्रों को विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को माइक्रोसॉफ्ट लैब, साइबर सिक्योरिटी, आधुनिक तकनीकों, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डी.एम.एल.टी. कोर्स (हेल्थ केयर) एवं छात्रों को वर्तमान तकनीकी चुनौतियों, भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्र/छात्राएं उक्त भ्रमण से काफी कुछ सीखा और समझा एवं काफी खुश नजर आये। इस मौके पर विद्या. के व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी गौरी शंकर पाण्डेय, व्यावसायिक प्रशिक्षक अनिल तिवारी, शांता ठकरेले एवं विद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ रम्मू चौधरी, शिवेन्द्र पाण्डेय, जीवेन्द्र सिंह, आरती सिंह, देवकी साकेत, सुरेश तिवारी, रामकलेश साकेत उपस्थित रहे।

# अटल जी के सपनों को केन्द्र की मोदी सरकार कर रही साकार

### भाजपा का गुढ़ विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**गुढ़, नि.प्र.।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के विकास और सेवा को समर्पित स्वर्णिम 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज भागवत पैलेस गुढ़ में गुढ़ विधानसभा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे ने कहा कि यह अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन में अटल जी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा-सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। उस समय लोगों को अटल जी की यह पंक्ति हास्यास्पद लगती थी, किन्तु आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अटल जी वह कथन सत्य हो रहा है। यह सब हमारे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यकर्ताओं के मेहनत के दम पर हो रहा है। आज हमारी सरकारे जनकल्याण के बहुआयामी कार्यो को कर रही है हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि हम पार्टी के द्वारा तय किये गये समस्त कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से करे और अपने जिले में संगठन को और सुदृढ़ करें।

सम्मेलन में बोलते हुए सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में अभ्युदय मध्यप्रदेश की कल्पना साकार हो रही है। लाडली बहना योजना की राशि 1250 से बढ़ाकर 1500 रू प्रतिमाह करके मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। इसी प्रकार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए 370 संदीपनी विद्यालय का निर्माण करके शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन करने का कार्य किया।

जिला प्रभारी अरुण द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में 1 वर्ष में सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव लाने वाला देश का तीसरा राज्य मप्र बना है।

सम्मेलन में गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने अपने कार्यकाल के दो वर्षों में हुए क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यो के बारे में विस्तार से बताया तथा इस बात का आश्वासन भी दिया गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास में कोई कोर कसर शेष नही रहने दी जायेगी। पूर्व जिला महामंत्री नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि आज हमारा मध्यप्रदेश चौतरफा उन्नति कर रहा है। सम्मेलन में संभाग प्रभारी विजय दुबे, सांसद जनार्दन मिश्रा, गुढ़ विधानसभा के लोकप्रिय विधायक नागेन्द्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण द्विवेदी, पूर्व जिला महामंत्री नरेन्द्र शर्मा, विधानसभा संयोजक जमदाग्नि शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह गहरवार, जिला मंत्री कल्पना पटेल, बाबूलाल यादव, मंडल अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अभिषेक सिंह, विश्वजीत चौरसिया, महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह ने किया।

# तीन दिवसीय हार्टफुलनेस मेडिटेशन प्रशिक्षण संपन्न

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में तीन दिवसीय हार्टफुलनेस सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें हार्टफुलनेस के जिला प्रभारी अजय चतुर्वेदी द्वारा अभ्यास सत्रों में रिलेक्सेशन, ब्रेन टेक्निक्स, क्लीनिंग, मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया तथा हार्टफुलनेस की तकनीकों के महत्व पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव मष्तिष्क बहुत चंचल होता है और ऐसी स्थिति में हमारी ऊर्जा का अपव्यय होता है। फलस्वरूप उत्पादकता घटती है इसीलिए सकारात्मक परिणामों के लिए मेडिटेशन का अभ्यास सभी के लिए जरूरी है ताकि हम अच्छे परिणामों के लिए अपना फोकस केन्द्रित व्यवहार और कार्य कर सकें और यह सब मेडिटेशन से संभव है। वहीं एसडीओपी मऊगंज शचि पाठक ने कहा कि नियमित रूप से ध्यान की प्रैक्टिस करें। इसका साप्ताहिक रूप से कंट्रोल रूम में एक सत्र का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सूबेदार अमित विश्वकर्मा, एसआई विश्वास एवं जिले के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मानसिक स्वास्थ्य पूरे विश्व के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। न सिर्फ छात्र छात्राओं, अपितु वर्किंग प्रोफेशनल्स, शासकीय सेवकों, स्वास्थ्य प्रदाताओं, गृहिणियों समेत समाज के प्रत्येक वर्ग में आंतरिक शांति और संतुलन के लिए ध्यान के प्रभावकारी महत्व को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मान्यता प्रदान करते हुए दिसंबर 2024 से प्रतिवर्ष 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के सहयोग से प्रदेश में विगत वर्ष की भांति 21 दिसंबर 2025 को विश्व ध्यान दिवस पर सरलतम पद्धति से तीन दिवसीय सत्रों का आयोजन किया गया।

# रोजगार मेला आज नईगढ़ी में

**आंचलिक डेस्क।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय ठाकुर सोमेश्वर सिंह महाविद्यालय नईगढ़ी में 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लि. नोयड़ा, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर, धार (म.प्र.), सोल्जर प्रो फोर्स प्रा. लि. वापी गुजरात, धूत ट्रान्समिशन औरंगाबाद, बजाज मोटर्स लिमि. हरिद्वार, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इंश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा तथा प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# ढाबा तिवरियान में पूर्व विधायक ने कराया बोरवेल, मिलेगी राहत

### पानी की समस्या से परेशान थे पटहारन टोला के रहवासी

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना जनपद पंचायत हनुमना के ग्राम पंचायत ढाबा तिवरियान (पटहारन टोला) राम सहोदर पटवा के घर के पास पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के सानिध्य में ग्रामीणों की समस्या निदान हेतु पेयजल सुविधा के लिए ट्यूब बेल हेतु बोरिंग कराया गया। कई वर्षों से पटहारन टोला में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के पास निवेदन किया करते थे, समस्या निदान हेतु 23 दिसंबर को बोरिंग कराई किया गया। ग्रामीण आशीष तिवारी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष, हरिलाल कोल कांग्रेस जिला अध्यक्ष, बंशगोपाल तिवारी, शांति भूषण तिवारी, ललित नारायण तिवारी, शुभम तिवारी, दिवाकर प्रसाद प्रजापति जनपद सदस्य, सीताराम विश्वकर्मा ,संतोष पटवा, गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा, आदि ग्रामीण एवं महिलाओं सहित पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना का आभार व्यक्त किया।

# विवेक गौतम बनाए गए बीजेपी सेमरिया विधानसभा मीडिया प्रभारी

**सेमरिया, नि.प्र.।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के सहमति से जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता के निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी के सेमरिया विधान सभा मीडिया प्रभारी विवेक गौतम को उनके पार्टी के प्रति समर्पण एवं मीडिया प्रभारी के पद पर निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए पुनः नियुक्त किया गया है। उनके इस नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष अरुणेंद्र तिवारी, महामंत्री देवेंद्र त्रिपाठी, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ नगर संयोजक अविनाश सोनी, अमित पाण्डेय, मनोज मिश्रा, राजाराम गुप्ता, नंदू त्रिपाठी, अमित मिश्रा, कृष्ण पाल सिंह सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी है। अपनी मीडिया प्रभारी के पद पर पुनः नियुक्ति पर विवेक गौतम ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, सेमरिया विधान सभा के पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है एवं कहा है कि पार्टी ने जो दायित्व है पुनः दिया है उसका निर्वहन मै सत्य निष्ठा के साथ करूंगा एवं पार्टी की नीति रीत को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।

# अवैध धान का परिवहन करते ट्रक पकड़या

### कृषि उपज मंडी समिति हनुमना के जांच दल ने की चलानी कार्यवाही

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के कृषि उपज मंडी समिति हनुमना के उपसंचालक, आंचलिक कार्यालय रीवा के निर्देशन में एवं उमाशंकर अग्निहोत्री मंडी सचिव हनुमना के मार्गदर्शन में 23 दिसंबर को कृषि उपज मंडी समिति हनुमना के जांच दल द्वारा अवैध परिवहन करते हुए वाहन क्रमांक यूपी 67 एटी 0453 में 301 कुंटल धान पर नियमानुसार दांडिक शुल्क जमा कराया गया जिसमें मंडी शुल्क-35050, निराश्रित -7010, समझौता - 5000 सहित कुल 47060 रुपए की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में मंडी सचिव उमाशंकर अग्निहोत्री, सहायक उप निरीक्षक अरुण मिश्रा, रमेश मिश्रा, सिद्धार्थ द्विवेदी लेखापाल, हीरालाल तिवारी एवं त्रिलोकीनाथ पांडेय शामिल रहे।

# पेंशन भुगतान व केंद्र के समान महंगाई भत्ते को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मऊगंज ब्यूरो।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा जिला इकाई मऊगंज द्वारा मुख्यमंत्री, शासन मध्य प्रदेश भोपाल के नाम कलेक्टर जिला मऊगंज के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विद्युत पेंशनरों की लंबित एवं महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि विद्युत पेंशनरों को पेंशन का भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए, ताकि समय पर एवं नियमित भुगतान हो सके। साथ ही विद्युत पेंशनरों को देय महंगाई राहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के समान दिए जाने की मांग भी की गई। यह ज्ञापन मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर मऊगंज जिला इकाई द्वारा सौंपा गया। पेंशनर्स ने कलेक्टर कार्यालय मऊगंज पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और शासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। पेंशनरों का कहना है कि इन मांगों के पूरा होने से उनकी आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी और वर्षों की सेवा के बाद उन्हें सम्मानजनक जीवनयापन में सहायता मिलेगी।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर जिला इकाई अध्यक्ष सुरेश प्रसाद पांडेय, सचिव रमाशंकर शुक्ल, देवेंद्र द्विवेदी, कमलेश्वर सिंह, एस.पी. मिश्रा, जानकी कुशवाहा, रामाश्रय वर्मा, वैद्यनाथ पटेल, मनसुख लाल पांडे, कृष्णकांत तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, सभापति दुबे, पन्नालाल वर्मा, दीपक सोंधिया सहित बड़ी संख्या में विद्युत पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# विधायक और अधिकारियों के गठजोड़ से हुआ करोड़ों का भ्रष्टाचार : अमित शर्मा

### डभौरा नगर परिषद भर्ती घोटाले को लेकर जांच समिति पर उठे सवाल

**जागरण, रीवा।** जिले में पांच साल पहले गठित हुई डभौरा नगर परिषद अधिकारियों द्वारा किये गये कर्मचारी भर्ती घोटाले की तपिस राजधानी भोपाल तक पहुंच गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव अमित शर्मा ने मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 20 वर्षों में स्वर्णिम और विकसित मध्य प्रदेश के जो दावे किए हैं, वे वर्तमान में भ्रष्टाचार, घोटालों और कागजी विकास तक सिमट कर रह गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि रीवा जिले की डभौरा नगर परिषद वर्ष 2020 में 7 ग्राम पंचायतों को मिलाकर बनाई गई थी, वहाँ व्यापम घोटाले की तर्ज पर एक संगठित भर्ती घोटाला किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में स्थानीय भाजपा विधायक, तत्कालीन सीएमओ, जेडी एवं अन्य अधिकारियों की सीधी मिलीभगत सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के गठन के समय जो कर्मचारी वर्षों पहले से कार्यरत थे, उनके वैधानिक अधिकारों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया। नियमों के अनुसार उनका समायोजन और नियमितीकरण किया जाना था, लेकिन इसके विपरीत भाजपा विधायक के निजी सहायक (पीए), उनके रिश्तेदारों, सीएमओ, जेडी और अन्य अधिकारियों के पुत्र-पुत्रियों एवं परिजनों को अवैध रूप से एडजस्ट किया गया।

कांग्रेस नेता श्री शर्मा ने बताया कि जहाँ नियम अनुसार केवल 21 पद स्वीकृत थे, वहाँ बिना विज्ञापन, बिना आरक्षण, बिना रोस्टर और बिना स्वीकृति के लगभग 50 लोगों की फर्जी भर्ती कर दी गई। इसके लिए ग्राम पंचायतों से फर्जी प्रस्ताव बुलवाए गए। झूठी कमेटियाँ बनाई गईं और पीआईसी एवं सामान्य सभा की बैठकों में नियम विरुद्ध प्रस्ताव पारित कराए गए। उन्होंने कहा कि इस दौरान फर्जी पे-स्लिप तैयार की गईं और कलेक्टर दर से अधिक वेतन दिखाकर 2 से 5 करोड़ रुपये तक की राशि अवैध रूप से तनख्वाह के नाम पर निकाल ली गई। एक-एक खाते से 50 से अधिक संदिग्ध ट्रांजैक्शन किए गए, जो खुलेआम वित्तीय अनियमितता को दर्शाते हैं। श्री शर्मा ने जांच समिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिन अधिकारियों पर भर्ती घोटाले के आरोप हैं, उन्हीं को जांच समिति में शामिल कर दिया गया, जिससे यह सिद्ध होता है कि घोटालेबाजों को ही अपनी जांच सौंप दी गई। इसी वजह से अब तक किसी भी दोषी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है, क्योंकि भाजपा विधायक के दबाव में नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा कार्रवाई रोकी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक नगर परिषद का मामला नहीं है। मध्य प्रदेश में लगभग 350 नगर पंचायतें हैं और यदि एक नगर परिषद में 2 से 5 करोड़ रुपये का घोटाला हो रहा है, तो यह हजारों करोड़ रुपये का प्रदेशव्यापी भ्रष्टाचार है। कांग्रेस नेता श्री शर्मा ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराई जाए। अवैध नियुक्तियों को तत्काल निरस्त किया जाए। दोषी विधायक, अधिकारी और कर्मचारियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाय। राजय शासन द्वारा अगर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी इस घोटाले को लोकायुक्त एवं न्यायालय तक ले जाएगी।

## कोहली, रोहित, गिल, सूर्यकुमार और पंत सहित कई बड़े खिलाड़ी वनडे चैंपियनशिप में खेलेंगे, मैच सुबह नौ बजे से

# विजय हजारे ट्रॉफीः घरेलू टूर्नामेंट में चमक बिखेरेंगे स्टार प्लेयर

**जेएनएन, बेंगलुरु**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित कई शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों की उपस्थिति से बुधवार से शुरू होने वाले विजय हजारे वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है, जिनमें इन दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की कतार में रिषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम भी शामिल हैं, लेकिन कोहली और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं। कोहली और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है, क्योंकि बीसीसीआई ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। विराट और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। यह दोनों खिलाड़ी अभी क्रिकेट जगत के स्टार हैं, लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसका असर इन दोनों पर पड़ना लाजमी है। विजय हजारे ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन का अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे मैचों के लिए उनके चयन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन कोहली और रोहित इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उनका दायरा सिकुड़ता जा रहा है। वे जानते हैं कि युवा खिलाड़ी उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भारत की टी-20 विश्व कप टीम से गिल को बाहर करना और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के दम पर ईशान किशन को टीम में शामिल करना, इस बात का गंभीर संकेत है कि अगर कोहली और रोहित सहजता से रन नहीं बना पाते हैं, तो उनके साथ क्या हो सकता है।

### सात साल बाद खेलेंगे रोहित शर्मा

रोहित ने आखिरी बार विजय हजारे ट्रॉफी में 2017-18 में हिस्सा लिया था। रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। रोहित ने भी पिछली दो वनडे सीरीज में बढ़िया प्रदर्शन किया था और ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाने के बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन पारियों में दो अर्धशतक लगाया था।

### 15 साल बाद खेलेंगे विराट

कोहली 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उन्होंने मुंबई में भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन से दो या तीन मैच खेलेंगे। दिल्ली एलीट ग्रुप-डी में अपना पहला मैच बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ खेलेगा। यह मैच बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा, क्योंकि चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद दिल्ली का सामना गुजरात से होगा। कोहली मंगलवार रात बेंगलुरु पहुंचे।

- टूर्नामेंट में परिस्थितियां भीं काफी मायने रखती है। ओस के प्रभाव को देखते हुए टूर्नामेंट के सभी मैच 9 बजे सुबह शुरू होंगे। मैच के इतनी जल्दी शुरू होने के कारण टॉस का महत्व काफी ज्यादा बढ़ जाएगा और शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है।

### इन खिलाड़ियों पर भी रहेगी नजर

- रोहित और कोहली के अलावा कई अन्य सीनियर खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन खिलाड़ियों में पंत भी शामिल है, जो टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अगस्त 2024 के बाद से वनडे या टी-20 मैचों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।
- गिल टी-20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे।
- चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी। कुछ साल पहले मोहम्मद सिराज के रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद से कोई भी अन्य तेज गेंदबाज ऐसा करने में सफल नहीं रहा है। भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इस संदर्भ में गुरजपनीत सिंह (तमिलनाडु), गुरनूर बरार (पंजाब), युद्धवीर सिंह (जम्मू कश्मीर), अनुज ठकराल (हरियाणा) और साकिब हुसैन (बिहार) आदि खिलाड़ियों में चयनकर्ताओं की विशेष रुचि होगी।

### मध्यप्रदेश का सामना राजस्थान से

टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश का सामना अपने पहले मुकाबले में राजस्थान से होगा। मध्यप्रदेश की कमान वेंकटेश अय्यर को सौंपी गई है। एलीट ग्रुप-ए में यह मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा। मध्यप्रदेश पिछले सीजन में अच्छा प्रदर्शन कर चुकी है। टीम में वेंकटेश की कप्तानी में युवा और अनुभव का मिश्रण है।

## खेल एक नजर

### जेमिमा दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान

**नई दिल्ली, जेएनए।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 सत्र से पहले भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को कप्तान नियुक्त किया। 25 साल की रोड्रिग्स ने हाल ही में महिला विश्व कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। रोड्रिग्स ने कहा कि कैपिटल्स की कप्तान बनना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मैं टीम के मालिकों और सपोर्ट स्टाफ की आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताते हुए मुझे इस टीम का नेतृत्व करने का मौका दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल की शुरुआती नीलामी में सबसे पहले रोड्रिग्स को ही चुना था। पिछले महीने नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी द्वारा ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग को टीम से रिलीज किए जाने के बाद रोड्रिग्स ने दिल्ली की कप्तानी संभाली है।

### डेविड नेरेस के दो गोल से नेपोली ने तीसरी बार इटालियन सुपर कप जीता

**रियाद, जेएनएन।** डेविड नेरेस ने दोनों हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे मौजूदा सीरी ए चैंपियन नेपोली ने सऊदी अरब में खेले गए फाइनल में बोलोग्ना को 2-0 से हराकर तीसरी बार इटालियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता। नेरेस का 39वें मिनट में पहला गोल किया। उनका 25 मीटर की दूरी से बाएं पैर से लगाया गया शॉट दूर के कोने में जाकर लगा। उन्होंने बोलोग्ना के गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया को इसे बचाने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने मैच का एक घंटा पूरा होने के बाद अपना दूसरा गोल किया। नेरेस ने रावाग्लिया के एक ढीले पास का फायदा उठाया और जॉन लुकुमी से गेंद छीनकर गोलकीपर के ऊपर से उसे गोल में डाल दिया। नेपोली ने इससे पहले 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था।

### सलाह के इंजरी टाइम में गोल से जीता मिस्र

**रबात (मोरक्को), जेएनएन।** स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के गोल की मदद से मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 129वें स्थान की टीम जिम्बाब्वे ने मिस्र के सामने कड़ी चुनौती पेश की और एक समय वह मैच ड्रॉ कराने के करीब पहुंच गया था। ऐसे में सलाह में इंजरी टाइम में गोल करके मिस्र को जीत दिलाई। एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अंगोला को 2-1 से हराया। यह दक्षिण अफ्रीका की अंगोला के खिलाफ पिछले छह मैचों में पहली जीत है। कैसाब्लांका में खेले गए एक अन्य मैच में पैटसन डाका ने स्टॉपेज टाइम में गोल किया, जिससे जाम्बिया ने माली के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराया। मेजबान देश मोरक्को ने रविवार को कोमोरोस पर 2-0 से जीत हासिल की थी।

## शेफाली की तूफानी पारी से 71 गेंद में टी-20 जीती टीम इंडिया

पांच मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में भारत ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया

**जेएनएन, विशाखापत्तनम**

भारतीय महिला टीम ने पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को 49 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर 2-0 से बढ़त बना ली। श्रीलंका को नौ विकेट पर 128 रन पर रोकने के बाद भारत ने 11.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच शेफाली वर्मा ने 34 गेंद में नाबाद 69 रन की पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (15 गेंद में 26 रन) के साथ महज 28 गेंद में 58 रन की साझेदारी की। उन्होंने पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना (11 गेंद में 14 रन) के साथ 20 गेंद में 29 और तीसरे विकेट के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर (12 गेंद में 10 रन ) के साथ 24 गेंद में 41 रन की साझेदारी की। इससे पहले स्नेह राणा ने चार ओवर में सिर्फ 11 रन खर्च करते हुए श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू का विकेट चटकाया। उन्हें युवा स्पिनरों वैष्णवी शर्मा और श्री चरनी का अच्छा साथ मिला। इन दोनों गेंदबाजों ने दो-दो विकेट झटके। हर्षिता समरविक्रमा (33 रन) और अटापट्टू (31) के उपयोगी योगदान के बावजूद श्रीलंका की टीम कभी भी मैच पर पकड़ नहीं बना सकी।

प्लेयर ऑफ द मैच
शेफाली वर्मा
34 गेंद, 69* रन

- मध्य प्रदेश की वैष्णवी शर्मा ने 4 ओवर में 32 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने नीलाक्षी डिसिल्वा को आउट कर अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला विकेट लिया। उन्होंने आखिरी ओवर में शशिनी गम्हानी को खाता खोले बिना चलता किया।

### रैंकिंगः दीप्ति पहली बार नंबर एक टी-20 गेंदबाज

**दुबई, जेएनएन।** स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा मंगलवार को अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। दीप्ति ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं, जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं। बल्लेबाजी में जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट महिला वनडे अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति की जगह नंबर एक बल्लेबाज बन गईं।

## कमिंस चौथे टेस्ट से बाहर, लियोन की जगह मर्फी ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में विश्राम दिया जाएगा, जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रख चुकी है। स्टीव स्मिथ अस्वस्थ होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, लेकिन अब उनके ठीक होने की उम्मीद है। कमिंस की अनुपस्थिति में वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन टीम में वापस बुलाए जाने के बाद चार साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए दावेदार हैं।

**टीमः** स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाय रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।

### इंग्लैंड के क्रिकेटरों की शराब पीने की लत की होगी जांच

**मेलबर्न, जेएनएन।** इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा है कि एशेज सीरीज के दौरे में समुद्र तट पर स्थित एक रिसॉर्ट में छुट्टियां मनाने के दौरान शराब के अत्यधिक सेवन की खबरें सामने आने के बाद वह इंग्लैंड टीम की शराब पीने की लत जांच करेंगे। इंग्लैंड जब सीरीज में 0-2 से पीछे चल रहा था तब उसकी टीम ने दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच मिले ब्रेक के दौरान ब्रिस्बेन के उत्तर में स्थित शहर नूसा में एक रिसॉर्ट में चार रात बिताई थी। रॉब की ने कहा कि उन्हें इस ब्रेक से कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर उन्हें अत्यधिक भोग-विलास के सबूत मिलते हैं, तो वह इसकी जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी बातें सामने आती हैं कि हमारे खिलाड़ियों ने अत्यधिक शराब पी, तो निश्चित रूप से हम इसकी जांच करेंगे। यह

### चोपड़ा ने मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात की। इस साल की शुरुआत में एक निजी समारोह में पूर्व टेनिस खिलाड़ी मोर से परिणय सूत्र में बंधने वाले चोपड़ा इस समय किसी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज सुबह 7 लोक कल्याण मार्ग पर नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात हुई। खेल समेत कई मुद्दों पर हमारी अच्छी बातचीत हुई। चोपड़ा के लिए यह साल मिला-जुला रहा।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में एक ओवर में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने प्रियंदना

**बाली (इंडोनेशिया), जेएनएन।** इंडोनेशिया के 28 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गेडे प्रियंदना ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच (जहां फॉल-ऑफ-विकेट्स का आंकड़ा उपलब्ध है) के एक ओवर में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज (पुरुष या महिला क्रिकेट मिलाकर) बन गए हैं। उन्होंने यह कारनामा मंगलवार को बाली में कंबोडिया के खिलाफ आठ मैचों की सीरीज के पहले टी-20 में किया। प्रियंदना ने यह कारनामा तब किया, जब 168 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही कंबोडिया की टीम 15 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। अपना पहला ओवर डालते हुए प्रियंदना ने पहली तीन गेंदों पर लगातार विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। उन्होंने इस क्रम में शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चंथोउन रथानक को पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने एक डॉट गेंद फेंका और फिर मोंगदारा सॉक को आउट किया। इसके बाद उन्होंने एक वाइड फेंकने के बाद पेल वेननक को आउट कर मैच समाप्त कर दिया। इस ओवर में कंबोडिया सिर्फ एक रन ही बना सकी, जो अंतिम दो विकेटों के बीच आई एक वाइड से आया और उनकी टीम 60 रन से यह मैच हार गई।

- अंतरराष्ट्रीय में एक ओवर में पांच विकेट लेने का यह पहला मामला है।
- पुरुषों के टी-20 में दो बार एक ओवर में पांच विकेट लिए गए हैं। अल-अमीन हुसैन ने 2013-14 में विक्ट्री डे टी-20 कप में यूसीबी-बीसीबी एकादश के लिए एक ओवर में पांच विकेट लिए थे, जबकि अभिमन्यु मिथुन ने 2019-20 में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में हरियाणा के खिलाफ कर्नाटक की ओर से खेलते हुए एक ओवर में पांच विकेट लिए थे।

### गिल के चयन पर उथप्पा ने कहा-भारतीय क्रिकेट अनजान जगह

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने टी-20 विश्व कप के लिए शुभमन गिल के सिलेक्शन नहीं होने पर हैरानी जताई। उथप्पा ने कहा कि भारतीय क्रिकेट इस समय अनजान जगह है, जहां कोई अनुमान लगा पाना मुश्किल है। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि उन्हें लगा था कि गिल को जगह जरूर मिलेगी, भले ही उनसे उप-कप्तानी ले ली जाए। भारतीय क्रिकेट। यह अनजान जगह है। आप सोचते हैं कि कोई अनुमान काम करेगा और टीम की घोषणा होती है। मैं यह नहीं कह रहा कि यह टीम अच्छी नहीं है। यह बहुत बढ़िया टीम है, लेकिन दिल जरूर टूटे हैं और ऐसे में अच्छा महसूस नहीं होता। जो भी क्रिकेट खेलता है, वो जानता है कि गिल और जितेश शर्मा को कितना बुरा लग रहा होगा। मेरी सहानुभूति उनके साथ है। उथप्पा ने कहा, गिल के लिए आपको बुरा लगा, क्योंकि वो टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान हैं। यह बहुत बुरा दृश्य है। मुझे लगा कि किसी और को उप-कप्तान बना दिया जाए, लेकिन उन्हें टीम में जगह जरूर मिलनी चाहिए थी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर की एकतरफा जीत

फुटबॉल टूर्नामेंट

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर ने आरजीपीवी स्टेट लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने-अपने लीग मैचों में जीत दर्ज की। आईईएस कैंपस में खेले जा रहे टूर्नामेंट के पहले मैच में ग्वालियर नोडल ने सागर को 2-0 से हराया। दूसरे मैच में जबलपुर ने रीवा को 7-0 से करारी शिकस्त दी। दिन के तीसरे मुकाबले में भोपाल नोडल ने उज्जैन को 4-0 से शिकस्त दी। बुधवार को टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ आईईएस यूनिवर्सिटी के सीईओ देवांश सिंह ने किया।

### जितेंद्र सिंह के दोहरे प्रदर्शन से राफेल एकादश ने डॉ. रजा की टीम को हराया

**भोपाल, खेप्र।** जितेंद्र सिंह डोडवे के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत राफेल एकादश ने स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता में डॉ. रजा एकादश ने एक विकेट से शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर डॉ. रजा एकादश ने पहले खेलते हुए सात विकेट खोकर 155 रन बनाए। रिजवान ने 42, डॉ. सैयद बासित अली ने 36 और कप्तान लोकेश मालवीय ने 26 रन का योगदान दिया। राफेल एकादश के जितेंद्र ने 2, जबकि सुशील पटेल और शिखर नवल ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में राफेल एकादश ने 19.4 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान मानव ने 35, प्रशांत ने 24, अंकित गुप्ता ने 22 और जितेंद्र ने 20 रन बनाए। डॉ रजा एकादश के सलमान, रिजवान, दीपक मालवीय ने 2-2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जितेंद्र को बीडीसीए उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, वरिष्ठ क्रिकेटर राजेंद्र राव और पीयूष सिंह बघेल ने प्रदान किया।

### मध्यप्रदेश के कुशाग्र ने साधा स्वर्ण पर निशाना, ऐश्वर्य को कांस्य पदक

68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी कुशाग्र सिंह और ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप (राइफल) में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीता। मंगलवार को 10 मीटर एयर राइफल सीनियर, जूनियर एवं यूथ वर्ग के फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया। मप्र शूटिंग अकादमी में जारी इस चैंपियनशिप में ऐश्वर्य प्रताप ने 10 मीटर एयर राइफल सीनियर मेन इवेंट में कांस्य पदक अपने नाम किया। डेफ श्रेणी में कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता। 2 जनवरी तक जारी इस चैंपियनशिप में देशभर के सीनियर, जूनियर, यूथ, डेफ एवं हैंडीकैप्ड वर्ग के खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं। विजेता खिलाड़ियों को विधायक सुरेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) और एनआरएआई सचिव जनरल पवन कुमार सिंह ने पदक प्रदान किए।

## उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल से रवाना होकर 24 दिसंबर को सुबह 8 बजे रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे, तदुपरांत सुबह 8.30 बजे निज निवास आयेंगे। इसके बाद श्री शुक्ल पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## प्रभारी मंत्री 25 दिसंबर को आयेंगे रीवा

**रीवा।** पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल दमोह से प्रस्थान कर 25 दिसंबर को दोपहर एक बजे रीवा आयेंगे। रीवा पहुंचने केबाद श्री पटेल विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद शाम को वापस भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

## सिकमी और बटाईदार भूमि के किसानों के सत्यापन के लिए आयोजित होंगे शिविर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सिकमी और बटाईदार भूमि के किसानों के सत्यापन के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों का सत्यापन शिविर लगाकर कराएं। इसके साथ ही कृषकों को शिविर में समक्ष में बुलाकर भी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उल्लेखनीय है कि सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ.सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

## फोटो निर्वाचक नामावलियों का हुआ प्रकाशन

**रीवा।** फोटो निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, मनगवां, रीवा एवं गुढ़ अन्तर्गत मतदान केन्द्रों एवं विनिर्दिष्ट स्थलों में निर्वाचक नामावली का प्रकाशन कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्र में विधित प्रारूप – 5 में विहित नीति से प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया। कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक में निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रदान किया गया। तथा जानकारी दी गई कि मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक दर्ज कराई जा सकती हैं।

### बहुचर्चित सर्किट हाउस रेप कांड में न्यायालय ने सुनाया फैसला

# महंत सीताराम सहित 5 आरोपियों को उम्र कैद, चार हुए दोषमुक्त

### नाबालिग के साथ की गई थी जबरजस्ती, 45 माह बाद आया फैसला

जागरण रीवा

शहर के बहुचर्चित सर्किट हाउस रेप कांड मामले में विशेष पॉक्सो अदालत द्वारा 45 माह बाद फैसला सुना दिया गया है। अदालत द्वारा इस मामले में मुख्य अभियुक्त महंत सीताराम सहित पांच अभियुक्तों को आजन्म कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं चार आरोपी दोषमुक्त किए गए हैं। आजन्म कारावास के आरोपियों को को एक-एक लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट की न्यायाधीश पद्मा जाटव की अदालत में सुनाया गया। इस मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अजय कुमार सिंह द्वारा पैरवी की गई। मामले से प्रदेश की राजधानी सहित देश की राजधानी में हड़कंप मचा रहा। आरोपी बाबा यहां कथा सुनाने पहुंचा था और उसके पहले ही सर्किट हाऊस में यह कांड हो गया। मामले में फैसले का आम जन को भी लंबे समय से इंतजार था और मंगलवार को फैसला आने के बाद तरह-तरह की चर्चाएं शुरु हो गई।

### ऐसा था पूरा घटना क्रम...

मामले के संबंध में जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक श्री सिंह ने बताया कि घटना दिनांक 28 मार्च 2022 को सुबह करीब 10.00 बजे विनोद पांडेय ने पीड़िता को फोन लगाकर पूछा कि तुम्हारा कोई काम हो तो बताओ। तब पीड़िता बोली फीस जमा करनी है, लिस्ट में नाम नहीं आ रहा है। तब विनोद पांडेय ने अभियुक्ति को बार-बार फोन कर रीवा बुलाया और शाम को कार से सर्किट हाउस ले गया। पीड़िता को बताया कि एक संत आने वाले हैं, उनका आशीर्वाद ले लो फिर तुम्हारा काम करवाते हैं। आधे घंटे बाद महंत सीताराम आया और उसके साथ उसका शिष्य धीरेंद्र मिश्रा भी था। विनोद पांडे ने बताया कि यह वही संत हैं, उनके साथ हमारा खाना-पीना रहता है। इसके बाद महंत ने विनोद पांडेय से बोला कि दारू वगैरह का इंतजाम है या नहीं, तो विनोद पांडे ने कहा कि अभी मंगवाता हूं। यह सब देख पीड़िता डर गई और विनोद पांडेय से जाने के लिए कहने लगी तो विनोद ने कहा कि डरो मत आराम से बैठो अब कहां जाओगी, रात हो रही है, इन संत महाराज की सेवा करो, इनको खुश कर दो, आशीर्वाद देंगे। इसके बाद विनोद पांडेय ने शराब की बोतल मंगवाई और विनोद पांडेय, महंत,धीरेंद्र मिश्रा, मोनू मिश्रा आदि सब मिलकर शराब पीने लगे। विनोद पांडे और धीरेंद्र मिश्रा पीड़िता से कह रहे थे कि संत को प्रसन्न करो, तुम्हारा सब काम हो जाएगा, तुम्हारी लाइफ बन जाएगी। पीड़िता बहुत डर गई और उसने चुपके से अपने मोबाइल से उस समय की वीडियो बना ली। इसके बाद विनोद पांडेय ने जबरदस्ती पीड़िता को शराब पिलाई और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता के मना करने पर विनोद पांडेय ने फिर थप्पड़ मारा गाली गलौच किया और कहा कि अब तो बाबा की सेवा करनी ही होगी। इसके बाद महंत को छोड़कर अन्य सभी लोग कमरे से बाहर निकल गए। महंत ने कमरे को अंदर से बंद कर पीड़िता के साथ जबरन बलात्कार किया और कहा कि उसकी पहुंच ऊपर तक है, अगर किसी को कुछ बताया तो पूरे परिवार को खत्म कर दूंगा, तू मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। इसके बाद महंत ने विनोद पांडेय और अपने चेले वगैरह को फोन करके बुलवाया और पीड़िता को कमरे के बाहर लेकर नीचे चले गए और खाना लगाया। सभी को खाना खाने लगे, सभी काफी नशे में थे और पीड़िता को घेरे हुए थे। इसके बाद महंत ने विनोद को बोला कि पीड़िता को किसी होटल में छुड़वा दो। तब विनोद पांडे ने मोनू से कहा कि इसे किसी होटल में छोड़ दो। मोनू जब पीड़िता को लेकर होटल से जा रहा था तो रास्ते में पीड़िता कार से भाग निकली। जहां रास्ते में उसके परिचित अंकित सिंह बघेल और उसका दोस्त मिला। तब वह सिविल लाइन थाने गई , वह बहुत घबराई हुई थी इसलिए उस रात पुलिस को कुछ नहीं बता पाई, दूसरे दिन के पापा के आने के बाद उसे हिम्मत हुई तब उसने पुलिस को सारी बातें बताईं।

### बनाए गए थे 9 आरोपी

पुलिस द्वारा इस मामले में विनोद पांडेय, महंत सीताराम दास, धीरेन्द्र मिश्रा, मोनू पयासी व अंशुल मिश्रा, संजय त्रिपाठी, रविशंकर शुक्ला जाह्नवी दुबे और तौसीफ अंसारी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 सपठित धारा 376-डी आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मामले में विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक सुखलाल उइके और निरीक्षक हितेंद्र नाथ शर्मा रहे। डीएनए परीक्षण में महंत सीताराम दास द्वारा बलात्कार की जाने की पष्टि हुई, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सीडीआरवी प्रकट किए गए। अभियोजन की ओर से 22 साक्षी परीक्षित कराए गए एवं 140 दस्तावेज प्रदर्शित कराए गए और वास्तु मार्ग पेश किए गए। बचाव पक्ष की ओर से दो साक्षी परीक्षित कराए गए। अदालत द्वारा दोनों पक्षों की सुनवाई के पश्चात आठ आरोपियों में से पांच आरोपियों विनोद पांडेय, महंत सीताराम दास, धीरेन्द्र मिश्रा, मोनू पयासी व अंशुल मिश्रा पर आरोप प्रमाणित पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा एक-एक लाख रुपए की जमाने से दंडित किया। इसके अलावा तीन आरोपियों संजय त्रिपाठी, रविशंकर शुक्ला जाह्नवी दुबे और तौसीफ अंसारी को सभी आरोपों से दोष मुक्त कर दिया गया है।

# पान मसाला व्यापारी के यहां जीएसटी एंटी-इवेजन का छापा

### एक माह में चौथी दफा शहर में टीम ने दी दबिश

**रीवा।** शहर के पान मसाला विक्रेता के ठिकानों पर जीएसटी एंटी-इवेजन टीम ने मंगलवार दोपहर छापा मारा है। कटरा स्थित मोहनलाल पान मसाला के ठिकाने पर दोपहर करीब 2 बजे एंटी-इवेजन टीम ने दबिश दी। इस कार्रवाई के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। इस महीने में जीएसटी टीम के छापों की यह चौथी कार्रवाई है। इसमें बड़ी संख्या में कर चोरी के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। दोपहर से शुरू हुई यह कार्रवाई देर रात तक जारी रही। मोहनलाल पान मसाला के प्रोप्राइटर मोहनलाल बसंत कुमार पिछले कई सालों से जीएसटी में बहुत कम रिटर्न प्रस्तुत कर रहे थे, जबकि उनका व्यापार काफी अधिक हो रहा था। इसी संदेह के आधार पर उपायुक्त उमेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम पान मसाला दुकानों की जांच कर रही है। फिलहाल टीम दुकान में उपलब्ध स्टॉक और आने वाली बिक्री का सत्यापन कर रही है। जीएसटी टीम को इस कार्रवाई से बड़ा कर खुलासा होने की उम्मीद है। बता दें कि अभी तक हुई तीन कार्रवाइयों में एक करोड़ से अधिक की कर चोरी पकड़ी जा चुकी है।

### चौराहे में गुंडागर्दी करने वाले पहुंचे सलाखों के पीछे

रीवा। बीते माह 5 नवंबर को सिरमौर चौक में गुंडागर्दी करने वाले आरोपियों सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं। इस संबंध में शिकायत अमहिया थाना में प्रदुम्न मिश्रा पिता लवकुश प्रसाद मिश्रा उम्र 27 वर्ष निवासी कैलाशपुरी थाना विश्वविद्यालय ने रिपार्ट दर्ज कराई थी कि अजय विश्वकर्मा, शुभम पटेल, पवन विश्वकर्मा एवं अक्की राजपूत ने उसके साथ मारपीट की। मामले की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने आरोपियों की पता तलाश कर प्रकरण के शेष दो आरोपियों पवन विश्वकर्मा पिता बद्री प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी नादा उमरी थाना सिरमौर एवं अजय कुमार विश्वकर्मा पिता बद्री प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी नादा उमरी थाना सिरमौर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# युवक ने मुंह में पिस्टल डाल खुद को मारी गोली, मौत

### अपने घर में ही था युवक, अभी कारण स्पष्ट नहीं

**जागरण,रीवा।** शहर के अमाहिया थाना में एक बार फिर गोली चालन की बड़ी घटना हुई है। युवक ने घर के भीतर अपने ही मुंह में पिस्टल डाल कर फायर कर लिया, गोली लगने से घायल युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जिस अस्पताल में युवक का उपचार चल रहा था, उसी अस्पताल में युवक मैनेजमेंट का काम देखा था। घटना के पीछे का कारण अब तक साफ नहीं हो सका है। घटना के संबंध में बताया गया कि निजी अस्पताल में काम करने वाले प्रतीक सिंह उर्फ कुक्कू नामक युवक ने बीती रात खुद को गोली मार ली थी। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। बताया गया कि युवक शहर के पीटीएस स्थित यूनियन बैंक के पीछे रहता था व सोमवार की रात करीब 12 बजे घर के भीतर अपने ही मुंह में पिस्टल डालकर गोली चला दी। देर रात घर के भीतर गोली चलने की आवाज सुनते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और जब कमरे में जाकर देखा तो युवक घायल हालत में तड़प रहा था, जिसे आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक शहर में ही संचालित रीवा हॉस्पिटल में स्टाफ मैनेजमेंट का काम देखता था, हालांकि युवक ने यह आत्मघाती में कदम किन कारणों के चलते उठाया है, यह साफ नहीं हो सका है।

# तोड़फोड़ और गोली चलाने वाले आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

### समान थाना क्षेत्र के श्रीजी ढाबा में आधा दर्जन की संख्या में आरोपियों फैलाई थी दहशत

**जागरण,रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र के श्रीजी ढाबा मे बीते दिनों तोड़फोड़ एवं गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले आरोपियों का पुलिस ने आज यूपी मॉडल में जुलूस निकाला। घटना करित करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है जबकि घटना का मास्टरमाइंड सहित एक आरोपी अभी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। घटना सामान थाना क्षेत्र मे 17 एवं 18 दिसंबर की दरमियानी रात श्रीजी ढाबा में की गई थी, चार बाइक में सवार होकर आए आरोपियों ने ढाबे में जमकर तोड़फोड़ की थी और गोली चलाते हुए फरार हो गए। घटना के संबंध में समान थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि अभी घटना को अंजाम देने वाले अभिषेक उर्फ प्रदुम पांडेय, राहुल साकेत, राहुल गौतम, विनीत बरगाही और योगेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है वही मुख्य आरोपी सहित एक अन्य फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि ढाबा संचालक रीता सिंह का विवाद फरार सरगना रिपुदमन पांडे के साथ चल रहा था, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रिपु दमन के कहने पर ही उन्होंने घटना को अंजाम दिया था हालांकि मुख्य आरोपी रिपुदमन अभी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। शहर में दहशत फैलाने वाले आरोपियों को मंगलवार को पैदल थाने से न्यायालय में पेश किया गया , जो अपराधियों के लिए एक सबक भी हो सकता है।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

### देर रात हुई घटना, घंटों लगा रहा जाम

**जागरण,रीवा।** नो इंट्री खुलते ही रात में बड़े वाहनो की धमाचौकड़ी ने बाइक सवार एक युवक की जान ले ली। इस घटना के बाद से कई घंटे तक सड़क में शव पड़ा होने के कारण लंबा जाम लगा रहा। सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया, मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई है। घटना मंगलवार की देर रात करीब 12 बजे छोटी पुल के ऊपर घटित हुई है। बताया गया कि सिविल लाइन थाना अंतर्गत पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 17 जेडसी 1871 में सवार होकर युवक ढेकहा से पुराने बस स्टैंड की तरफ आ रहा था, छोटी पुल के नीचे जैसे ही वह पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और वह गिर पड़ा। जिसके बाद अज्ञात वाहन की चपेट में बुरी तरह युवक आ गया और उसका सिर क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बीच सड़क पर शव पड़ा होने से घंटो जाम की स्थिति निर्मित रही। रेलवे स्टेशन तक बड़े वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। बता दें कि रात्रि 11 बजे के बाद नो इंट्री से बड़े वाहन छोड़े जाते हैं उनकी स्पीड इतनी ज्यादा रहती है कि वह टाए दिन एक्सीडेंट करते हैं। कई बार मामले को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से आए दिन इस प्रकार के हादसों में जाने जा रही हैं।

# 5वीं के छात्र से क्रूरता मामले में एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

### एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की मांग, स्कूल की शिक्षिका पर मारपीट का आरोप

**जागरण,रीवा।** रीवा के बैकुंठपुर स्थित निजी विद्यालय में कक्षा 5वीं के छात्र से हुई क्रूरता का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के विरोध में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कार्यवाही की मांग की है। छात्र संगठन ने आरोप लगाते हुए कहा महज होमवर्क ना करने जैसी बात पर स्कूल की शिक्षिका ने मासूम छात्र का सिर फोड़ दिया। आरोप है कि शिकायत के बाद भी अब तक ना तो एफआईआर दर्ज की गई है और ना ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा सीसी टीवी फुटेज उपलब्ध कराई गई। दरअसल मामला रीवा जिले के बैकुंठपुर के तिलखन स्थित जेंटल शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल का है, जहां पढ़ने वाले कक्षा पांचवीं के छात्र से स्कूल की ही एक शिक्षिका पर मारपीट का आरोप लगा है। फिलहाल उक्त घटना के सामने आने के बाद एक ओर छात्र के पिता ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षिका के विरुद्ध बैकुंठपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है वही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्श:-
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक : शॉप नं. 86 तानसेन कॉप्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

# नेत्रहीन विद्यालय में चोरी, सीसीटीवी उखाड़ ले गए चोर

**जागरण,रीवा।** बिछिया थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है, जहां बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन विद्यालय में चोरों का आतंक देखने को मिला। अज्ञात चोरों ने बीती रात विद्यालय को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि देर रात कुछ अज्ञात चोर विद्यालय परिसर में घुस आए। चोरों ने न सिर्फ विद्यालय में लगे दो सीसीटीवी कैमरे उखाड़ लिए, बल्कि बच्चों के मोबाइल चार्जर और अन्य सामान भी चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि चोरी की पूरी घटना अन्य सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय प्रबंधन ने बिछिया थाने में शिकायत दर्ज करवाई। सूचना के बाद बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और नेत्रहीन बच्चों के विद्यालय में हुई चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
- 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
- 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
- वेंटिलेटर एवं Bipap
- 24x7 मेडिकल स्टोर

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
दिनांकः 03,04,05 जनवरी 2026
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
- IUI, IVF, ICSI
- फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
- एग फ्रीजिंग
- एंब्रियो फ्रीजिंग
- स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com